ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष अष्टमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 31 मई 2024
वर्ष 2, अंक 280, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



एसी को कुछ देर दें आराम 14

भूल भुलैया 3 में काम करेंगी माधुरी दीक्षित 2

## मतदान कल, दिग्गजों की साख दांव पर

वरिष्ठ संवाददाता, लखनऊ



- आज रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई दिग्गजों की होगी अग्नि परीक्षा

**अमृत विचार:** प्रदेश में सातवें व अंतिम चरण में 13 लोकसभा सीटों व सोनभद्र की दुद्धी (अजजा) विधानसभा सीट पर चुनाव के लिए गुरुवार को प्रचार थम गया। इन सीटों पर मतदान के लिए 31 मई को पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। मतदान एक जून को होगा। इस चरण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई दिग्गज नेताओं की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है।

वाराणसी सीट से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रत्याशी हैं। प्रधानमंत्री को टक्कर देने के लिए इंडी गठबंधन के तहत कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय चुनाव मैदान में हैं। बसपा ने अतहर जमाल लारी को प्रत्याशी बनाया है। वाराणसी के बाद गोरखपुर लोकसभा सीट वीआईपी सीटों में शामिल है। भाजपा ने भोजपुरी अभिनेता और मौजूदा सांसद रवि किशन को टिकट दिया है। उनका मुकाबला सपा नेता काजल निषाद से हैं। बसपा ने जावेद सिमनानी पर दांव लगाया है। चंदौली लोकसभा सीट से केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडे चुनाव मैदान में हैं। उनका मुकाबला इंडी गठबंधन की ओर से सपा के वीरेंद्र सिंह और बसपा के सत्येंद्र कुमार मौर्य से हैं। रॉबट्र्सगंज सीट पर भाजपा ने मौजूदा सांसद पकौड़ी लाल कोल की बहू रिंकी कोल को टिकट दिया है.। सपा ने छोटेलाल खरवार और बसपा ने धनेश्वर गौतम को प्रत्याशी बनाया है। घोसी सीट पर राजग की ओर से ओम प्रकाश राजभर के बेटे अरविंद राजभर ताल ठोंक रहे हैं।

### इन सीटों पर होगा मतदान

**इन सीटों पर होगा मतदान :** जिन सीटों पर मतदान होना है उनमें लोकसभा सीटों में महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव (अजा), घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर व राबट्र्सगंज (अजा) व सोनभद्र की दुद्धी विधानसभा सीट शामिल है।

## 3डी प्रिंटेड इंजन वाला दुनिया का पहला स्वदेशी रॉकेट लॉन्च



श्रीहरिकोटा, एजेंसी। आईआईटी मद्रास-इनक्यूबेटेड स्टार्टअप अग्निकुल कॉसमॉस ने गुरुवार सुबह 7 :15 बजे श्रीहरिकोटा में अपने निजी लॉन्च पैड पर सिंगल पीस थ्री-डायमेंशनल (3डी) प्रिंटेड इंजन वाला दुनिया का पहला रॉकेट प्रक्षेपित किया। यह उपलब्धि पूरी तरह से स्वदेशी डिजाइन और विकास के माध्यम से हासिल की गई है। इस अवसर पर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष डॉ. एस सोमनाथ, आईएन एसपीएसीई के अध्यक्ष डॉ. पवन गोयनका, तकनीकी निदेशक राजीव ज्योति और एसएचएआर के निदेशक ए राज राजन मौजूद थे।

## आजम को 10 वर्ष की कैद, 14 लाख जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



- ठेकेदार बरकत अली को सात साल कैद, छह लाख रुपये जुर्माना

> कोर्ट ने सपा नेता आजम खां को 10 वर्ष की कैद और 14 लाख रुपये का जुर्माना तथा ठेकेदार बरकत अली को सात साल की कैद और छह लाख रुपये जुर्माना लगाया है। **- सीमा सिंह राणा,** एडीजीसी

**अमृत विचार :** डूंगरपुर से जुड़े लूटपाट, चोरी व मारपीट के एक मामले में गुरुवार को एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट ने सपा नेता आजम खां को 10 वर्ष की कैद और 14 लाख रुपये जुर्माना और ठेकेदार बरकत अली को सात वर्ष की कैद और छह लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

आजम खां फिलहाल सीतापुर जेल में बंद हैं। इस मामले में बुधवार को कोर्ट ने दोनों को दोषी करार दिया था। सपा नेता आजम खां के खिलाफ 2019 में डूंगरपुर बस्ती में रहने वाले लोगों से बस्ती खाली कराने के नाम पर लूटपाट, चोरी व मारपीट समेत अन्य धाराओं में गंज थाने में कई मुकदमे दर्ज कराए थे। इसमें एक मुकदमा अबरार ने 13 अगस्त 2019 को लिखवाया था। इस मामले में मंगलवार को बचाव पक्ष की बहस पूरी हो गई थी। गुरुवार को दोपहर बाद अदालत ने दोनों के खिलाफ सजा का ऐलान कर दिया।

### इन धाराओं में हुई सजा

सपा नेता को धारा 392 में 10 साल का कठोर कारावास एवं सात लाख रुपये जुर्माना, धारा 452 में सात साल का कठोर कारावास एवं पांच लाख रुपये जुर्माना, धारा 504 में दो साल का साधारण कारावास एवं एक लाख जुर्माना, धारा 506 में दो साल की कैद और एक लाख रुपये जुर्माना लगाया है। बरकत अली ठेकेदार को धारा 392 में सात साल का कठोर कारावास एवं तीन लाख रुपये जुर्माना, धारा 452 में छह साल का कठोर कारावास एवं दो लाख रुपये जुर्माना, धारा 504 में दो साल का साधारण कारावास एवं 50 हजार रुपये जुर्माना, धारा 506 में दो साल का साधारण कारावास और 50 हजार रुपये जुर्माना लगाया है।

## एक नजर

### उत्तरकाशी में भालू ने युवक को उतारा मौत के घाट

**देहरादून।** उत्तरकाशी जिले में भटवाड़ी में भालू ने एक युवक पर हमला कर मौत के घाट उतार दिया। युवक का शव गांव से करीब दो किमी दूर चट्टानों के बीच मिला। भटवाड़ी के रैथल गांव निवासी अजय राणा (33) पुत्र देवेंद्र सिंह राणा गत बुधवार सुबह बकरियां चराने जंगल गया था। शाम तक वह वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी। बृहस्पतिवार सुबह अजय का शव गांव से करीब दो किमी दूर चट्टानों के बीच पड़ा मिला। जिसकी सूचना वन क्षेत्राधिकारी टकनौर रेंज रूपमोहन नौटियाल को दी गई। इसके बाद वन विभाग की टीम ने बड़ी मशक्कत के बाद शव को चट्टान के बीच से निकाला। वन क्षेत्राधिकारी ने बताया कि युवक के शव पर भालू के पंजों के निशान हैं। सिर को भी भालू ने हमला कर क्षत-विक्षत किया है।

### पुरी में पटाखों के ढेर में विस्फोट, तीन की मौत

**पुरी।** ओडिशा के पुरी में भगवान जगन्नाथ के चंदन यात्रा उत्सव के दौरान पटाखों के ढेर में विस्फोट होने से एक नाबालिग समेत कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और 32 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बुधवार रात को यह हादसा उस समय हुआ जब सैकड़ों लोग अनुष्ठान देखने के लिए नरेन्द्र पुष्करिणी के तट पर एकत्र हुए थे। उन्होंने बताया एक लड़के ने कटक के एससीबी मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया जबकि दो अन्य लोगों की भुवनेश्वर के निजी अस्पतालों में इलाज के दौरान मौत हो गई।

### जबरन वसूली के आरोप में महिला वकील गिरफ्तार

**ठाणे।** महाराष्ट्र के नवी मुंबई शहर में पुलिस ने एक होटल व्यवसायी को उसके प्रतिष्ठान के खिलाफ कार्रवाई की धमकी देकर उससे 12 लाख रुपये लेने के आरोप में 27 वर्षीय एक महिला वकील को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने 43 वर्षीय व्यक्ति को चेतावनी दी थी कि अगर उसने पैसे नहीं दिए तो वह वाशी में उसके होटल के खिलाफ स्थानीय नागरिक निकाय में दर्ज शिकायत वापस नहीं लेगी। वाशी पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि बुधवार को उसने वाशी के एक कैफे में होटल व्यवसायी से 12 लाख रुपये लिए, जहां नवी मुंबई अपराध इकाई के अधिकारियों ने उसे पकड़ लिया।

# विपक्ष मुंह न खुलवाएं, सात पीढ़ी के पाप सामने रख दूंगा : मोदी

### लोस चुनाव की आखिरी रैली में इंडी गठबंधन जमकर बरसे प्रधानमंत्री

- मोदी ने कहा- कांग्रेस ने आपातकाल के दौरान संविधान का गला घोंटा

होशियारपुर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संविधान-संविधान की रट लगाने के लिए गुरुवार को कांग्रेस पर तीखे सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि आपातकाल के दौरान कांग्रेस ने ही संविधान का गला घोंट दिया था तथा जब 1984 के दंगों में सिखों की हत्या हो रही थी तब भी उसने इसकी कोई परवाह नहीं की।

मोदी ने लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण में अपनी आखिरी चुनावी रैली में इंडिया गठबंधन पर जमकर हमला बोला। उन्होंने सेना को राजनीति का हथियार बनाने का आरोप लगाया और कहा कि इससे बड़ा कोई पाप नहीं हो सकता।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन ने भारतीय सशस्त्र बलों को कमजोर करने के लिए कभी कोई कसर नहीं छोड़ी। कांग्रेस को निशाना बनाते हुए मोदी ने जीप घोटाले, बोफोर्स, पनडुब्बी और सेना के ट्रक घोटाले का जिक्र किया और कहा कि उन्होंने सेना की जरूरतों की कभी परवाह नहीं की। मोदी ने आरोप लगाया उन्होंने भ्रष्टाचार में लिप्त होकर केवल सरकारी खजाने को लूटने और खाली करने की योजना बनाई।



अभिवादन स्वीकार करते मोदी। ● एजेंसी

### कांग्रेस और इंडी गठबंधन ने राम मंदिर का विरोध किया

मोदी ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन की स्वार्थ की राजनीति से देश को नुकसान हुआ है। यही लोग हैं, जो अपने वोट बैंक के लिए लगातार राम मंदिर का विरोध करते रहे। तुष्टिकरण की राजनीति के कारण इंडी गठबंधन सीएए (संशोधित नागरिकता कानून) का विरोध कर रहा है। मोदी ने कहा कि दशकों बाद ऐसा समय आया है कि पूर्ण बहुमत वाली केंद्र सरकार हैट्रिक लगाने जा रही है।


### प्रधानमंत्री का विवेकानंद रॉक पर 45 घंटे का ध्यान शुरू

कन्याकुमारी, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बृहस्पतिवार की शाम कन्याकुमारी में विवेकानंद रॉक मेमोरियल के ध्यान मंड में 45 घंटे का ध्यान शुरू हो चुका है। वे 1 जून तक यहां ध्यानमग्न रहेंगे। मोदी उसी जगह ध्यान कर रहे हैं, जहां स्वामी विवेकानंद ने भी ध्यान किया था। लोकसभा चुनाव के प्रचार का शोर थमते ही पीएम मोदी गुरुवार (30 मई) की शाम कन्याकुमारी पहुंचे।



### मोदी ने हेट स्पीच से पद की गरिमा कम की : मनमोहन

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने लोकसभा चुनाव-2024 के आखिरी चरण में वोटरों के नाम लेटर लिखा। इसमें उन्होंने लोगों से भाजपा सरकार न बनाने की अपील की। वहीं, उन्होंने भारत की अर्थव्यवस्था को हो रहे नुकसान को लेकर अपनी राय दी। तीन पेज के लेटर में मनमोहन सिंह ने कहा मोदी ने चुनाव के दौरान नफरत भरे भाषण दिए। वह पहले प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने पद की गरिमा कम की है। कुछ गलत बयानों के लिए उन्होंने मुझे भी जिम्मेदार ठहराया। मैंने अपने जीवन में कभी भी एक समुदाय को दूसरे समुदाय से अलग नहीं किया। ऐसा करने का कॉपीराइट सिर्फ भाजपा के पास है। उन्होंने किसान आंदोलन समेत बड़ी घटनाओं का जिक्र किया।



- पंजाब में वोटिंग से पहले मनमोहन सिंह ने लिखा लेटर, भाजपा सरकार न बनाने की अपील की

## खाई में गिरी बस, उप्र के 22 तीर्थयात्रियों की मौत

### जम्मू के अखनूर मार्ग पर 200 फिट नीचे गिरी, 57 घायल

किशोर कुमार, अखनूर (जम्मू)

- हाथरस-अलीगढ़ से वैष्णो देवी और शिवखोड़ी जा रहे थे

**अमृत विचार:** उप्र से तीर्थ यात्रियों को लेकर जा रही वैष्णो देवी और शिवखोड़ी जा रही स्लीपर बस राजौरी रोड पर 200 फिट गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में 22 लोगों की मौत हो गई और 57 घायल हो गए। इनमें से 30 गंभीर रूप से घायलों को जीएमसी जम्मू रेफर किया गया है। बस में करीब 80 लोग सवार थे। सभी तीर्थ यात्री मथुरा, हाथरस और अलीगढ़ के थे।

गुरुवार दोपहर हादसा उस समय हुआ जब बस नंबर यूपी 86 ईसी 4078 राजौरी रोड के उप जिला चौकी चौरा के पास गांव तुंगी मोड़ पहुंची। चालक अचानक बस से नियंत्रण खो बैठा और बस खाई में जा गिरी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया बस पहाड़ी से 5-6 बार पलटती हुई गिरी। यात्रियों में चीख पुकार मच गयी। लोगों ने पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। पुलिस और लोगों ने बचाव कार्य शुरू कराया।

बस के शीशे तोड़ कर लोगों को बाहर निकाला गया। फिर रस्सी और कुछ को पीठ पर लाद कर सड़क तक पहुंचाया गया। इसके बाद घायलों को वाहनों में सवार कर नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। इस दौरान सड़कों पर एंबुलेंस की आवाज गूंजती रही। खाई से निकालकर यात्रियों को सड़क तक लाने में 4 घंटे का समय लगा। मौके पर ही 15 से ज्यादा यात्रियों की मौत हो चुकी थी। बाकी घायलों को अस्पताल भेजा गया। गंभीर रूप से घायलों को जम्मू रैफर किया गया। कुछ घायलों का चौकी चौरा अस्पताल और अखनूर उपजिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। जिला मजिस्ट्रेट ने शाम तक 22 मौत की पुष्टि की थी।



खाई में गिरी बस। ● अमृत विचार

### राष्ट्रपति और राज्यपाल ने हादसे पर दुख जताया

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने हादसे पर दुख प्रकट किया है। उप राज्यपाल ने मृतकों के परिजनों को पांच लाख और घायलों के लिए 50 हजार की सहायता की घोषणा की है। मृतकों की पहचान नहीं हुई है। घायलों के अनुसार सभी उप्र के निवासी हैं।

## यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के छह अधिकारियों पर मामला दर्ज

बेंगलुरु, एजेंसी



- कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम लिमिटेड के खाते से लगभग 94.73 करोड़ रुपये अन्य खातों में भेजे

कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम लिमिटेड के खाते से लगभग 94.73 करोड़ रुपये कथित रूप से अन्य बैंक खातों में भेजकर धोखाधड़ी करने के आरोप में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के छह अधिकारियों के खिलाफ गुरुवार को मामला दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई निगम के एक अधिकारी द्वारा रविवार को आत्महत्या करने के बाद की गई है।

मृतक ने एक नोट छोड़ा है जिसमें उसने प्रबंध निदेशक जे जी पद्मनाभ, लेखा अधिकारी परशुराम जी दुरुगन्नवर और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की मुख्य प्रबंधक सुचिस्मिता रावल का नाम लिखा था। निगम के महाप्रबंधक ए. राजशेखर ने 28 मई को दर्ज कराई गई शिकायत में आरोप लगाया है कि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, एमजी रोड शाखा के शीर्ष प्रबंधन और अन्य तृतीय पक्षों की संलिप्तता वाली गंभीर धोखाधड़ी की गतिविधियों ने संगठन की प्रतिष्ठा और वित्तीय व्यवस्था को हानि पहुंचाई है। उन्होंने बताया कि निगम ने 19 फरवरी को अपना खाता राष्ट्रीय बैंक के वसंतनगर शाखा से एमजी रोड शाखा में स्थानांतरित किया था।

## गैंगस्टर छोटा राजन को कोर्ट ने दी आजीवन कारावास की सजा

मुंबई, एजेंसी



- होटल व्यवसायी की हत्या के जुर्म में सुनाई गई सजा

मुंबई की एक विशेष अदालत ने 2001 में होटल व्यवसायी जय शेट्टी की हत्या के जुर्म में गैंगस्टर छोटा राजन को बृहस्पतिवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत मामलों के विशेष न्यायाधीश एएम पाटिल ने राजन को हत्या के लिए भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों के तहत दोषी ठहराया। जय शेट्टी मध्य मुंबई के गामदेवी में गोल्डन क्राउन होटल का मालिक था। छोटा राजन गिरोह की ओर से जबरन वसूली की धमकियों का सामना कर रहे जय शेट्टी को गिरोह के दो कथित सदस्यों ने चार मई 2001 को होटल की पहली मंजिल पर गोली मार दी थी। अदालत का विस्तृत आदेश अभी उपलब्ध नहीं है। पुलिस ने होटल प्रबंधक की शिकायत के आधार पर हत्या का मामला दर्ज किया था। मामले की जांच से पता चला कि शेट्टी को छोटा राजन गिरोह के सदस्य हेमंत पुजारी से रंगदारी के लिए फोन आया था और पैसे न देने पर उसकी हत्या कर दी गई।

## 3 लेफ्टिनेंट कर्नल सहित सेना के 16 जवानों पर मामला दर्ज

श्रीनगर, एजेंसी

- पुलिसकर्मियों का अपहरण व मारपीट करने का है आरोप

जम्मू-कश्मीर में सीमावर्ती कुपवाड़ा जिले के एक थाने में हमले में शामिल तीन लेफ्टिनेंट कर्नल सहित 16 सैन्यकर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। सैन्यकर्मियों पर दो दिन पूर्व एक पुलिसकर्मी का अपहरण करने और अन्य पुलिसकर्मियों को लात, डंडे तथा राइफल बट से पीटने और घायल करने का आरोप लगाया गया है।

सेना के जवानों पर हत्या के प्रयास, दंगा, अपहरण और डकैती समेत भारतीय दंड संहिता की अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। सेना के जवान कथित तौर पर मंगलवार को रात 11.40 बजे के आसपास थाने में अनधिकृत रूप से घुसे और पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया। हमले में पांच पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। प्राथमिकी में नामजद अधिकारियों में 160 प्रादेशिक सेना के लेफ्टिनेंट कर्नल अंकित सूद, राजू चौहान और निखिल शामिल हैं। तीन अधिकारियों के नेतृत्व में '160 प्रादेशिक सेना' के बड़ी संख्या में सशस्त्र और वर्दीधारी जवान अनाधिकृत रूप से कुपवाड़ा थाना में धुसे। प्राथमिकी में लिखा है उन्होंने सामूहिक रूप से और बिना किसी उकसावे के गैरकानूनी रूप से एकत्र होकर पुलिस स्टेशन में मौजूद कर्मचारियों और अधिकारियों पर राइफल बट, लात और डंडों से गंभीर हमला किया।

## प्रश्नपत्र लीक मामला : आरोपियों पर गैंगेस्टर के तहत होगी कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 250 आरोपियों में से 100 के खिलाफ गैंगेस्टर के तहत कार्रवाई करने की तैयारी

**अमृत विचार :** आरओ-एआरओ व सिपाही भर्ती परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले में पुलिस अब आरोपियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने जा रही है। मामले में अब तक गिरफ्तार हुए करीब 250 आरोपियों में से 100 के खिलाफ गैंगेस्टर के तहत कार्रवाई करने की तैयारी है। आरोपियों के द्वारा अवैध तरीके से अर्जित की गई संपत्तियों को भी जब्त करने का निर्णय लिया गया है।

मालूम हो कि दोनों परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक करने के आरोप में अब तक 250 आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। इस मामले में 16 आरोपी मास्टर माइंड श्रेणी के हैं, जिन्हें एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है। अब इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की तैयारी है। अधिकारियों के मुताबिक, इनमें से 100 आरोपी ऐसे पाए गए हैं, जो प्रश्नपत्र लीक करने की योजना में भी शामिल थे। इनके खिलाफ गैंगेस्टर के तहत कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया है। अभी करीब 150 आरोपी और ट्रेस किए गए हैं। उनकी गिरफ्तारी को लेकर दबिश दी जा रही है।

## केजरीवाल की जमानत याचिका पर ईडी से जवाब तलब

**नई दिल्ली।** धनशोधन मामले में आरोपी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत और मेडिकल आधार पर सात दिन की अंतरिम जमानत याचिकाओं पर यहां की एक विशेष अदालत ने ईडी को गुरुवार को जबाव तलब किया। राउज एवेन्यू स्थित ईडी और सीबीआई मामलों से संबंधित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद ईडी को अपना पक्ष रखने की अनुमति दी और कहा कि वह इस मामले में अगली सुनवाई एक जून को अपराह्न दो बजे करेगी।



## सूरज की सतह उगल रही है जबरदस्त आग


- अफ्रीकी देशों में रहा असर, हुआ ब्लैक आउट

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** एक तरफ सूरज आग उगल रहा है तो दूसरी ओर धरती भीषण गर्मी से तप रही है। सूर्य पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ने में आमादा है। गत दिवस फिर एक भीषण विस्फोट सूर्य की सतह पर हुआ है। जिससे अफ्रीकी देशों में ब्लैक आउट हुआ। आने वाले दिनों में भी सूर्य जबरदस्त विस्फोटों के संकेत दे रहा है।

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व निदेशक व सौर वैज्ञानिक डा वहाब उद्दीन ने बताया कि सूर्य की सतह पर तपिश बेकदर हाबी है। आए दिन जबरदस्त विस्फोट हो रहे हैं। जिनका असर पृथ्वी तक देखने को मिल रहा है। गत दिवस सन स्पॉट संख्या एन ओ ए ए 3697 से मेजर एक्स 1.4 श्रेणी की आग भड़की है। भारतीय समय के अनुसार यह विस्फोट रात 9.41 बजे हुआ। जिसमें भयानक ज्वाला निकली, जो रात 10.25 बजे तक जारी रही। इसमें तेज रफ्तार वाला भू-चुम्बकीय सौर तूफान 900 किमी प्रति सेकंड की गति से उठा। इससे रेडियो ब्लैकआउट हुआ, जो मध्य अटलांटिक महासागर में शुरू हुआ और प्यूर्टो रिको तक जारी रहा। अफ्रीका के अल्जीरिया में रेडियो ब्लैकआउट का असर देखा गया।

इधर, सन स्पॉट ए आर 3664 अब पृथ्वी की ओर वाले हिस्से पर वापस आ गया है। इसने कुछ दिन पहले सौर चक्र 25 की अब तक की सबसे बड़ी एक्स फ्लेयर एक्स 8.8 श्रेणी की आग उगली थी। जिससे 10 मई को विशाल वैश्विक भू-चुंबकीय तूफान पृथ्वी तक पहुचा था। इस सन स्पॉट के पृथ्वी की दिशा में आ जाने से विस्फोटों की आशंका बढ़ गई है। जिस कारण दुनियाभर के वैज्ञानिक इन पर नजर रखे हुए हैं।



### लद्दाख में नजर आने लगा भू-चुम्बकीय तूफान का असर

**नैनीताल :** डा वहाब के अनुसार भू-चुम्बकीय सौर तूफानों का असर भारत के लदाख तक नजर आने लगा है। 10 मई को आये तूफान से लदाख का आसमान लाल रंग में जगमगा उठा था। लदाख काफी ऊंचाई मे स्थित है। जिस कारण तूफान का असर ऑरोरा यानी लाल प्रकाश के रूप में देखने को मिला। इससे यह जानकारी पुख्ता हो गई कि भविष्य में भू चुम्बकीय सौर तूफानों का असर लदाख में पड़ेगा।



## दिग्गज बल्लेबाज रनों और स्ट्राइक रेट में रहे अव्वल, रोहित-विराट और वॉर्नर ने खेली हैं कई अहम पारियां

# इनके बल्ले से रन बरसे...

● टी-20 विश्वकप में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज में भारत के दो स्टार शामिल हैं वहीं कुछ बल्लेबाजों ने अपने दम पर टीम को खिताब जीतने में भूमिका निभाई है।

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में क्रिकेट महज खेल नहीं है यह भारतीयों की भावनाओं से जुड़ा है। क्रिकेट में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी देखना शायद ही किसी को पसंद न हो। सभी चाहते हैं कि टी-20 मुकाबले में बड़ा स्कोर बोर्ड पर लगे ताकि प्रतिद्वंद्वी टीम को भी लक्ष्य पाने के लिए मशक्कत करते देखा जा सके। कुल मिलाकर एक रोमांचक मैच देखने को मिले।

क्रिकेट के खेल में मुख्य आकर्षण अगर बल्लेबाजी को कहें तो यह गलत नहीं होगा। टी-20 विश्वकप की शुरुआत से हम महज एक कदम दूर हैं कल से विश्वकप का यह संग्राम शुरू हो जाएगा। चार ग्रुप बनाए गए हैं जिसमें 20 टीमें आपस में भिड़ती दिखेंगी। नौवें टी-20 विश्व कप से पहले अब तक ताबड़तोड़ क्रिकेट के इस महासमर में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बल्लेबाजों की सूची पर एक नजर डालते हैं।



### 1. विराट कोहली

**1,141 रन**

किंग कोहली के सिवाय कौन नंबर वन हो सकता है। अब तक पांच सत्रों में वह एक हजार से अधिक रन बना चुके हैं। दबाव में बेहतरीन प्रदर्शन करने की उनकी क्षमता उन्हें टी-20 क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में शुमार करती है। उन्होंने 2014 टी-20 विश्व कप में 319 रन बनाए जो एक रिकॉर्ड है। इसके अलावा 2016 में 296 रन बनाए।

### 2. महेला जयवर्धने

**1,016 रन**



अब क्रिकेट से विदा ले चुके जयवर्धने पूर्व चैंपियन श्रीलंका की सफलता की कुंजी रहे। उन्हें पांचों सत्रों में अच्छे रन बनाए।

### 3. क्रिस गेल

**965 रन**

क्रिकेट के इतिहास के सबसे मनोरंजक बल्लेबाजों में से एक गेल टी-20 क्रिकेट में सबसे विध्वंसक बल्लेबाज माने जाते हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से विदा ले चुके गेल का टी-20 विश्व कप में प्रदर्शन उन्हें दर्शकों का चहेता बनाता है। वह 2012 में वेस्टइंडीज की खिताबी जीत के सूत्रधार थे।



### 4. रोहित शर्मा

**963 रन**

मौजूदा भारतीय कप्तान ने पारी की शुरूआत करते हुए शानदार प्रदर्शन किया है। बड़ी पारियां बनाने और शीर्ष क्रम को स्थिरता देने की उनकी काबिलियत भारत की सफलता के लिए अहम है। उन्होंने सभी सत्रों में खेलकर 963 रन बनाए जिनमें 91 चौके जड़े।



### 5. तिलकरत्ने दिलशान

**897 रन**

2009 विश्व कप में सर्वाधिक 317 रन बनाने वाले दिलशान आक्रामक बल्लेबाजी में माहिर रहे हैं। अब खेल से विदा ले चुके दिलशान श्रीलंका की बल्लेबाजी की धुरी रहे हैं।



### सर्वाधिक स्ट्राइक रेट वाले बल्लेबाज

**जोस बटलर (144.48)**

दुनिया के सबसे आक्रामक बल्लेबाजों में से एक बटलर की ताकत तेजी से रन बनाना है। यही वजह है कि टी-20 विश्व कप में उनका स्ट्राइक रेट सर्वाधिक है। उन्होंने 27 मैचों में 799 रन बनाये हैं।



**क्रिस गेल (142.75)**

गेल किसी भी गेंदबाज के लिए आतंक का पर्याय बनाने के लिये काफी है। विश्व कप में दो शतक जड़ने वाले एकमात्र बल्लेबाज गेल ने उन दोनों मैचों में भी टीम को जीत दिलाई।



**एबी डिविलियर्स (142.75)**

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज का स्ट्राइक रेट शानदार रहा है। दुनिया के सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में से एक एबी डिविलियर्स ने 29 पारियों में 717 रन बनाये हैं जिसमें 51 चौके और 30 छक्के शामिल हैं।



**वॉर्नर (133.22)**

डेविड वॉर्नर की आक्रामक बल्लेबाजी एक बार फिर ऑस्ट्रेलिया के लिए अहम होगी। तेजी से रन बनाने के कारण वह टी-20 विश्व कप के आकर्षक बल्लेबाजों में से है।

## खेल डायरी

### प्रज्ञानानंदा ने क्लासिकल में कार्लसन को हराया



**स्टावेंगर (नॉर्वे)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने यहां दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन के खिलाफ पहली बार क्लासिकल बाजी में जीत दर्ज करते हुए नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में एकल बढ़त बना ली। कार्लसन को रेपिड और ऑनलाइन मुकाबलों में हरा चुके 18 साल के प्रज्ञानानंदा पिछले विश्व कप फाइनल में नॉर्वे के इस खिलाड़ी से हार गए थे लेकिन यहां अंततः क्लासिकल बाजी में उन्हें 37 चाल में हराने में सफल रहे। इस प्रारूप में कार्लसन और प्रज्ञानानंदा के बीच पिछली तीन बाजियां ड्रॉ रही थी। प्रज्ञानानंदा ने इस जीत के साथ तीन दौर के बाद 5.5 अंक से पुरुष वर्ग में बढ़त बना ली है। प्रज्ञानानंदा ने सफेद मोहरों से खेलते हुए जीत दर्ज की और इस हार के साथ कार्लसन तीन अंक के साथ अंक तालिका में तीसरे स्थान पर खिसक गए। भारतीय ग्रैंडमास्टर ने अमेरिका के दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी फाबियानो करूआना पर आधे अंक की बढ़त बना रखी है।

### भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने जर्मनी को शूटआउट में हराया

**ब्रेडा।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने जर्मनी को पेनल्टी शूटआउट में 3-1 से हराया, वहीं जूनियर महिला हॉकी टीम ने ऑरेंज रूड के खिलाफ ड्रॉ के साथ अपने यूरोप दौरे का समापन किया। भारतीय टीम की ओर से मुकेश टोप्पो ने (33 मिनट में) गोल दाग कर टीम को बढ़त दिला दी थी इस दौरान मैच समाप्त होने से चार मिनट पहले जर्मनी ने गोलकर मुकाबले को 1-1 से बराबरी ला दिया। शूटआउट में गुरजोत सिंह, दिलराज सिंह और मनमीत सिंह ने गोल किए। शूटआउट में भारत ने 3-1 से जीत हासिल की। वहीं वर्ग में भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के लिए संजना होरो ने 18 मिनट और अनीशा साहू ने 58 मिनट में गोल किये ने ओरांजे रूड के साथ 2-2 से ड्रॉ में गोल किया।

### एफआईएच प्रो लीग के लिए लंदन पहुंची भारतीय महिला हॉकी टीम

**लंदन।** भारतीय उच्चायोग ने एफआईएच प्रो लीग मुकाबले खेलने के लिए पहुंची देश की महिला हॉकी टीम का भव्य स्वागत किया और उनकी उपलब्धियों की प्रशंसा की। सीनियर भारतीय पुरुष टीम के साथ महिला हॉकी टीम भी एफआईएच प्रो लीग खेलने के लिए यहां आई हैं जिन्हें शनिवार को यहां जर्मनी से अपने मैच खेलने हैं। ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दुरइस्वामी ने हॉकी टीम के स्वागत के दौरान कहा टीम की प्रत्येक सदस्य भारत के हर हिस्से, हर क्षेत्र और समुदाय का प्रतिनिधित्व करती है। कप्तान सलीमा टेटे और कोच हरेंद्र सिंह की अगुआई वाली टीम के सम्मान के लिए आयोजित इस विशेष स्वागत उनके समर्थक और खेल प्रशंसक मौजूद थे।

### सचिन, संजीत मुक्केबाजी विश्व क्वालीफायर में जीते




**बैंकॉक।** भारत के सचिन सिवाच (57 किग्रा) और संजीत कुमार (92 किग्रा) ने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की ओर कदम बढ़ाते हुए गुरुवार को यहां मुक्केबाजी विश्व क्वालीफायर में अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ आसान जीत के साथ अगले दौर में जगह बनाई। सचिन ने प्री क्वार्टर फाइनल में तुर्की के ओलंपियन बटुहान सिफ्टसी को सर्वसम्मत फैसले में 5-0 से हराया। संजीत ने राउंड ऑफ 32 में वेनेजुएला के लुई सांचेज को इसी अंतर से मात दी। सचिन को पेरिस खेलों में क्वालीफाई करने के लिए दो और मुकाबले जीतने होंगे क्योंकि उनके 57 किग्रा वर्ग से सिर्फ तीन मुक्केबाजों को ओलंपिक में जगह मिलेगी। राउंड ऑफ 64 में संजीत को बाई मिली थी और उन्हें भी अब दो और मुक्केबाजों को हराना होगा क्योंकि उनके वजन वर्ग में सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले चारों मुक्केबाजों को पेरिस खेलों का कोटा मिलेगा। संजीत और सांचेज के बीच मुकाबले में भी भारतीय मुक्केबाज ने शुरुआत से ही बढ़त बनाई।

### रथिका पीएसए चैलेंज कप के क्वार्टर फाइनल में

**हांगकांग।** भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी रथिका सीलान ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए स्थानीय खिलाड़ी का हुएन लेउंग पर 3-2 की जीत से हांगकांग पीएसए चैलेंज कप के चौथे चरण के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। छठी वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी ने मुकाबले के दूसरे दौर में लेउंग को 4-11, 5-11, 11-4, 11-4, 11-7 से हराया। रथिका को पहले दौर में बाई मिली थी। तमिलनाडु की रथिका ने पिछले सप्ताहांत इंदौर में एचसीएल स्क्वाश टूर में अपना पहला पेशेवर स्क्वाश संघ (पीएसए) टूर खिताब जीता था। यहां क्वार्टर फाइनल में रथिका की भिड़ंत तीसरी वरीयता प्राप्त मलेशिया की सेहवीत्रा कुमार से होगी।

# भारत-पाकिस्तान मैच से पहले बढ़ाई गई सुरक्षा

न्यूयॉर्क, एजेंसी



टी-20 विश्वकप में हमले के खतरे को देखते हुए भारत और पाकिस्तान के बीच नौ जून को होने वाले मुकाबले के लिए आइजनहावर पार्क स्टेडियम की सुरक्षा बढ़ा दी गई।

न्यूयार्क प्रांत के गवर्नर कार्यालय द्वारा जारी किए गए एक बयान में कहा गया है कि वे इस पूरे मामले की निगरानी कर रहे हैं। हालांकि अभी तक उन्हें इस संदर्भ में भी कोई भी पुख्ता सबूत नहीं मिल सका है। प्रांत की गवर्नर कैथी होचुल ने कहा मैंने न्यूयॉर्क राज्य पुलिस को उन्नत सुरक्षा उपायों में संलग्न होने का भी निर्देश दिया है, जिसमें कानून प्रवर्तन (लॉ इनफोर्समेंट) पुलिस की मौजूदगी में वृद्धि, उचित एवं उन्नत निगरानी और गहन स्क्रीनिंग प्रक्रियाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा सार्वजनिक सुरक्षा मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है और हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि सभी लोगों के लिए क्रिकेट विश्व कप एक सुरक्षित, आनंददायक अनुभव हो। मैनहट्टन से लगभग 25 मील पूर्व में स्थित आइजनहावर पार्क स्टेडियम में तीन से 12 जून तक आठ मैच खेले जाने हैं।

### भारत की जर्सी पहनना अलग अहसास है, इसे यादगार बनाना चाहूंगा : पंत



**न्यूयॉर्क।** विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत पांच जून को जब नासाउ काउंटी मैदान पर आयरलैंड के खिलाफ टी-20 विश्व कप के पहले मैच के लिए भारत की जर्सी पहनेंगे तब तक उनकी भयानक कार दुर्घटना को 527 दिन हो चुके होंगे। वह इस मुकाबले में खेलने के लिए बेताब हैं। पंत ने इस साल 23 मार्च को दिल्ली कैपिटल्स की नीली जर्सी पहनी थी लेकिन वह नीले रंग की एक अलग जर्सी पहनने के लिए अधिक उत्सुक हैं- भारत की नीली जर्सी। एक जून को बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच से पूर्व भारत के पहले नेट सत्र के इतर पंत ने कहा भारतीय जर्सी पहनकर मैदान पर वापस आना एक अलग ही अहसास है। यह कुछ ऐसा है जिसकी मुझे बहुत याद आती थी उम्मीद है कि मैं इसे भुना पाऊंगा और यहां से बेहतर प्रदर्शन करूंगा। एनसीए में 15 महीने तक रिहैबिलिटेशन से गुजरने वाले पंत के साथ इस बातचीत के दौरान टीम के साथी सूर्यकुमार यादव भी मौजूद थे। पंत ने उस समय को याद किया जब उनकी मौजूदगी ने उन्हें एनसीए में अपने चोट प्रबंधन कार्यक्रम के अकेलेपन से निपटने में मदद की थी।

# विश्व कप में बुमराह और हेड का रहेगा दबदबा : पोंटिंग

दुबई, एजेंसी



● इस वर्ष आईपीएल में दोनों ही खिलाड़ियों ने किया है शानदार प्रदर्शन

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग को लगता है कि दो जून से शुरू होने वाले टी-20 विश्व कप में बुमराह का गेंदबाजों में और हेड का बल्लेबाजी में दबदबा रहेगा जिन्होंने आईपीएल में शानदार प्रदर्शन किया था।

आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए भारतीय तेज गेंदबाज बुमराह ने 13 मैच में 20 विकेट झटके जबकि पांच बार की चैंपियन का 17 चरण में प्रदर्शन सबसे खराब रहा जबकि ऑस्ट्रेलिया के हेड ने 15 मैच में 567 रन बनाए। पोंटिंग ने कहा टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट चटकाने के मामले में मैं जसप्रीत बुमराह को चुनूंगा। उसने आईपीएल में भी शानदार प्रदर्शन किया है। वह नई गेंद को स्विंग कर सकता है, सीम अप कर सकता है। वहीं, हेड हालांकि आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में चौथे स्थान पर रहे लेकिन उन्होंने सभी को अपनी बल्लेबाजी के तरीके से प्रभावित किया। आईपीएल के ज्यादातर समय में उनका स्ट्राइक रेट 200 से अधिक का रहा और उन्होंने 15 मैच में 567 रन बनाए जिसमें एक शतक और चार अर्धशतक शामिल थे।

# स्वियातेक ने ओसाका को दी शिकस्त

पेरिस, एजेंसी



दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी और दो बार की गत चैंपियन ईगा स्वियातेक ने उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन करते हुए महिला एकल के बेहद कड़े मुकाबले में नाओमी ओसाका को तीन गेम में हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में जगह बनाई।

स्वियातेक ने बुधवार रात दूसरे दौर के मुकाबले में मैच प्वाइंट बचाया और फिर अंतिम पांच गेम जीतकर दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी ओसाका को 7-6, 1-6, 7-5 से शिकस्त दी। स्वियातेक ने मैच के बाद कहा निश्चित तौर पर यह मुकाबला काफी तनाव भरा था। मैंने दूसरे दौर में कभी इतने कड़े मुकाबले की उम्मीद नहीं की थी। निश्चित तौर पर अगली बार मैं इसके लिए अधिक तैयार रहूंगी। इस जीत के साथ स्वियातेक ने रोलां गैरो पर अपनी जीत के क्रम को 16 मैच तक पहुंचा दिया और उनकी नजरें इस क्ले कोर्ट ग्रैंडस्लैम में लगातार तीसरी खिताबी जीत दर्ज करने पर टिकी हैं।

तीसरे और निर्णायक गेम में एक समय 5-2 से आगे चल रही ओसाका जब हार के बाद वापस लौट रही थी तो उनकी आंखों से आंसू छलक रहे थे। खराब मौसम के कारण बुधवार को सिर्फ नौ मैच पूरे हो सके और विजेताओं में कोको गॉफ, ओन्स जेब्युर, सोफिया केनिन, कार्लोस अल्कारेज, स्टेफानोस सितसिपास और आंद्रे रूबलेव शामिल रहे।

## भारतीय लड़के और लड़कियों ने टेटे चैंपियनशिप में जीते स्वर्ण

**नई दिल्ली।** भारत की अंडर-19 और अंडर-15 लड़के और लड़कियों ने दक्षिण एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप के अंतिम दिन एकल और युगल स्पर्धा के सभी संभावित स्वर्ण पदक जीते।

टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया के अनुसार, श्रीलंका के कैंडी में खेले गए मुकाबलों में भारतीय लड़कों और लड़कियों ने स्वर्ण पदक के साथ एकल मुकाबलों में अपने खाते में चार रजत पदक भी जीते। अंडर-19 लड़कों के एकल फाइनल में अंकुर भट्टाचार्जी ने जश मोदी को 11-8, 5-11, 11-9, 11-6 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। जश मोदी को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। पाकिस्तान और बांग्लादेश ने कांस्य पदक जीते। वहीं लड़कियों के वर्ग में सायाली वानी ने प्रीथा वर्तिकार को 11-9, 10-12, 11-4, 11-8 से हराकर खिताब जीता, जिससे प्रीथा दूसरे स्थान पर पहुंच गई। इस वर्ग में पाकिस्तान और मेजबान श्रीलंका को कांस्य पदक मिला।

# त्रिसा-गायत्री ने किया उलटफेर, सिंधू हारीं

सिंगापुर, एजेंसी

पीवी सिंधू को अपनी चिर प्रतिद्वंद्वी कैरोलिना मारिन के खिलाफ सिंगापुर ओपन बैडमिंटन के प्री क्वार्टर फाइनल में पराजय का सामना करना पड़ा जबकि त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने दुनिया की दूसरे नंबर की दक्षिण कोरियाई टीम बाएक हा ना और ली सो ही को हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई।

पिछले सप्ताह थाईलैंड ओपन में उपविजेता रही दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने एक घंटे आठ मिनट तक चला बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 750 का यह प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबला 21-13, 11-20, 20-22 से गंवाया। यह 2018 से सिंधू की मारिन के खिलाफ लगातार छठी हार थी। वहीं राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता त्रिसा और गायत्री ने बाएक और ली को 21-9, 14-21, 21-15 से हराया। अब उनका सामना दक्षिण कोरिया की छठी वरीयता प्राप्त किम सो योंग और कोंग ही योंग की जोड़ी से होगा। इस जोड़ी ने हांग्झोऊ एशियाई खेलों के प्री क्वार्टर फाइनल में भारतीय जोड़ी को हराया था।

पुरूष एकल में दुनिया के दसवें नंबर के खिलाड़ी एच एस प्रणय को विश्व रैंकिंग में 11वें स्थान पर काबिज जापान के केंता निशिमोतो ने 21-12, 14-21, 21-15 से हराया। महिला एकल में डेनमार्क ओपन सेमीफाइनल में हुई बहस के बाद सिंधू और मारिन सात महीने में पहली बार एक दूसरे का सामना कर रही थी। पहला गेम गंवाने के बाद मारिन ने वापसी करते हुए लगातार छह अंक बनाए और 17-7 की बढत बना ली। निर्णायक गेम में सिंधू ने बढ़त बनाई लेकिन मारिन ने वापसी करके जीत दर्ज की। यह सिंधू के खिलाफ 17 मैचों में उनकी 12वीं जीत थी।

सिंगापुर ओपन



मैच के दौरान शॉट लगातीं त्रिसा-गायत्री।

# मेस्सी के गोल के बाद भी हारा इंटर मियामी




**फोर्ट लॉडरडेल (फ्लोरिडा)।** लियोनल मेस्सी के गोल के बावजूद इंटर मियामी को मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) में अटलांटा यूनाईटेड के खिलाफ 3-1 से हार का सामना करना पड़ा जिससे टीम का 10 मैच का अजेय अभियान भी थम गया। इंटर मियामी की ओर से मेस्सी के अलावा कोई अन्य खिलाड़ी गोल नहीं कर सका। अटलांटा यूनाईटेड की तरफ से साबा लोबजानिद्जे से दो जबकि जमाल थियरे ने एक गोल किया। इस जीत के साथ अटलांटा यूनाईटेड का एमएलएस में नौ मैच से जीत का इंतजार भी खत्म हो गया।

### ओलिंपियाकोस ने जीता खिताब

**एथेंस (यूनान)।** ओलिंपियाकोस ने यूरोपा कांफ्रेंस लीग फुटबॉल फाइनल में अतिरिक्त समय में फायोरेंटिना को 1-0 से हराकर यूनान को पहला यूरोपीय क्लब खिताब दिलाया जिसके बाद देश में जश्न का महौल है। मैच के अतिरिक्त समय के दूसरे हाफ में अयोब अल काबी ने ओलिंपियाकोस की ओर से विजयी गोल दागा। इस गोल की वीएआर (वीडियो सहायक रैफरी) की मदद से ऑफ साइड के लिए समीक्षा की गई लेकिन इसे गोल करार दिया गया जिसके बाद मेजबान टीम के प्रशंसक खुशी से झूम उठे।

### उज्बेकिस्तान की कड़ी चुनौती के लिए तैयार भारतीय महिला फुटबॉल टीम



**ताशकंद।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम को शुक्रवार को अपने से अधिक रैंकिंग वाली उज्बेकिस्तान की टीम के खिलाफ अगर अपना रिकॉर्ड सुधारना है तो उसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। भारतीय टीम फीफा की नवीनतम रैंकिंग में 66वें जबकि उज्बेकिस्तान 48वें स्थान पर है। इन दोनों टीम के बीच अभी तक 11 मुकाबले हुए हैं जिनमें भारत केवल एक मैच में जीत दर्ज कर पाया है। उसने 2003 के एएफसी एशिया कप में अपने इस प्रतिद्वंदी को 6-0 के बड़े अंतर से हराया था। इन दोनों टीम के बीच हालिया मुकाबला पिछले साल नवंबर में एएफसी ओलंपिक क्वालीफायर के दौरान हुआ था जिसमें भारत को 0-3 से करारी शिकस्त झेलनी पड़ी थी। रिकॉर्ड कुछ भी कहते हों लेकिन भारत की मुख्य कोच लंगम चाओबा देवी टीम के अच्छे प्रदर्शन को लेकर आशावादी हैं। उन्होंने कहा हम सभी जानते हैं कि उज्बेकिस्तान की रैंकिंग हमसे बेहतर है लेकिन हमारी खिलाड़ी उन्हें उनके घरेलू मैदान पर कड़ी चुनौती देने का माद्दा रखती हैं। हम ओलंपिक क्वालीफाईंग में उनका सामना कर चुके हैं लेकिन दुर्भाग्य से हमें उस मैच में हार का सामना करना पड़ा था।

## बॉलीवुड हलचल



### भूल भुलैया 3 में काम करेंगी माधुरी

**मुंबई।** बॉलीवुड की धकधक गर्ल माधुरी दीक्षित फिल्म भूल भुलैया 3 में काम करती नजर आएंगी। अनीस बज्मी के निर्देशन में बन रही फिल्म भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन, विद्या बालन और तृप्ति डिमरी की अहम भूमिका होंगी। कुछ दिनों पहले माधुरी दीक्षित के फिल्म की स्टार कास्ट को ज्वाइन करने की खबर आई थी। भूल भुलैया 3 सेट से कुछ तस्वीरें सामने आई हैं। इस हॉरर-कॉमेडी फिल्म में माधुरी दीक्षित की एंट्री कन्फर्म हो गई है। भूल भुलैया 3 के सेट पर उन्हें ब्लैक साड़ी में देखा गया। इसके साथ ही विद्या बालन का भी लुक सामने आया है। वह भी माधुरी की तरह ब्लैक साड़ी में नजर आ रही हैं। तृप्ति डिमरी लाल साड़ी में बंगाली लुक में नजर आ रही हैं। वहीं, कार्तिक आर्यन, रुह बाबा वाले अवतार में नजर आ रहे हैं। इस फिल्म का हिस्सा मनीष वाधवा और राजेश शर्मा भी होंगे। राजेश शर्मा बंगाली अटायर में देखे जा सकते हैं। वहीं, मनीष शर्मा पंडित के लुक में नजर आ रहे हैं।

### 7 जून को रिलीज होगी फिल्म रंग दे बसंती

**मुंबई।** एसआरके म्यूजिक प्रस्तुत निर्माता रौशन सिंह और सुपर स्टार खेसारीलाल यादव की फिल्म रंग दे बसंती 7 जून को रिलीज होगी। फिल्म निर्माता रौशन सिंह ने कहा कि फिल्म रंग दे बसंती की शूटिंग समाप्त होने के बाद से हम इसके प्रमोशन में लगे हैं, लेकिन अब हम सभी इसमें और तेजी ला रहे हैं। इसके लिए हमने खेसारीलाल यादव के कटआउट लगाया है। आने वाले दिनों में हम फिल्म के प्रमोशन में और भी तेजी लाएंगे। यह फिल्म भोजपुरी बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रचने वाली है। फिल्म हर एंगल से ब्लाक बस्टर बनी है और अब इसके रिलीज की तारीख नजदीक आ रही है। फिल्म रंग दे बसंती के निर्माता रौशन सिंह, सह निर्माता शर्मिला आर सिंहऔर निर्देशक प्रेमांशु सिंह हैं। यह फिल्म महाराष्ट्र, गुजरात, बिहार, झारखण्ड, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, बंगाल, असम, उड़ीसा, तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक, राजस्थान, जम्मू एंड कश्मीर और नेपाल में प्रमुखता से रिलीज होगी। इस फिल्म में खेसारीलाल यादव, अभिनेत्री रति पांडेय और डायना खान के साथ अमिताभ भट्टाचार्य, फिरोज खान और मास्टर ऋषभ यादव राज प्रेमी, मीर सरवर, ज्योति कलश, संजय महानंद, रीना रानी, श्रद्धा नवल, सुजान सिंह और चाहत प्रमुख भूमिका में हैं। फिल्म की कहानी मनोज कुशवाहा ने लिखी है। बॉलीवुड के बड़े सिंगरों की आवाज भी सुनाई देगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# जिम्मेदारी से करें मतगणना का काम : डीएम

## कार्मिकों को दिया गया प्रशिक्षण, आयोग की गाइड लाइन के अनुसार काम करने की दी नसीहत



प्रशिक्षण के दौरान मौजूद मतगणना कार्मिक। अमृत विचार



मतगणना कार्मिकों को संबोधित करते डीएम अभिषेक आनंद और सीडीओ।

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** प्रशासन मतगणना कार्य को पूरी निष्पक्षता और पारदर्शितापूर्वक से कराने के लिए तत्पर है। गुरुवार को जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनंद और मुख्य विकास अधिकारी अमृत पाल कौर की मौजूदगी में ऑडिटोरियम में मतगणना कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया। डीएम ने कहा कि आयोग की गाइड लाइन के अनुसार सभी काम करें। मतगणना का काम बहुत ही संवेदनशील होता है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना के काम में लगे सभी कार्मिकों से कहा कि मतगणना कार्य निष्पक्ष, पारदर्शी और त्रुटिहीन संपन्न कराया जाए। उन्होंने कहा कि चार जून को प्रातः आठ बजे

- चार जून को प्रातः आठ बजे से होनी है मतगणना

से राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर में चित्रकूट और मानिकपुर विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना कराई जाएगी। इस दौरान चक्रवार गणना में भरे जाने वाले प्रपत्र, मत पत्रलेखा, 17 सी का मिलान, एड्रेस टैग, ईवीएम की संख्या से मिलान आदि के संबंध में प्रशिक्षण दिया जायेगा। सीडीओ ने सलाह दी कि सभी ठीक से प्रशिक्षण प्राप्त कर लां कि मतगणना के दिन कोई समस्या न हो। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतगणना का काम बहुत ही संवेदनशील होता है। किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। भलीभांति प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने कार्यों एवं दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करें।

उन्होंने कहा कि मतगणना के दिन सभी लोग प्रातः छह बजे अपनी उपस्थिति अवश्य दर्ज कराएंगे। इस मौके पर मास्टर ट्रेनरों ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान डीडीओ आरके त्रिपाठी, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, बीएसए लव प्रकाश यादव आदि मौजूद रहे।

## श्रद्धालुओं से वसूला जा रहा मनमाना किराया

**(सीतापुर) चित्रकूट।** तीर्थक्षेत्र में बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के साथ मनमाना किराया वसूलने का धंधा चल रहा है। कोई गाइड बनकर तो कोई चारों धाम के दर्शन कराने के नाम पर वाहन का किराया निर्धारित दर से वसूलकर अपना उल्लू सीधा कर रहा है। पुलिसकर्मियों की तैनाती न होने और शिकायत के लिए कोई मुफीद केंद्र न होने से लोग आराम से इनके चंगुल में फंस रहे हैं।

बताया जाता है कि कई होटल और धर्मशाला वाले भी इस गोरखधंधे में शामिल हैं। नाविकों और ऑटो चालकों की मिलीभगत से रोजाना हजारों रुपये की ठगी हो रही है। लोगों का कहना है कि इससे तीर्थक्षेत्र की छवि खराब हो रही है। न प्रमुख चौराहों में और न ऑटो-टेंपो टैक्सी आदि में किराया सूची लगाई गई है। बताया तो यहां तक जाता है कि चारों धाम के नाम पर एकाध जगहों के दर्शन करा दिए जाते हैं। स्थानीय लोगों ने इस संबंध में सतना और चित्रकूट जिले के प्रशासन से ध्यान देने की अपील की है।

# पत्रकारिता जनसरोकार के लिए होनी चाहिए

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)

- हिंदी पत्रकारिता दिवस पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**अमृत विचार।** हिंदी पत्रकारिता दिवस पर गुरुवार को पत्रकारों ने विचार संगोष्ठी की। इसमें पत्रकारों ने पत्रकारिता के गिरते मानदंडों पर चिंता जताई। सब इस बात पर एकमत थे कि पत्रकारिता का लक्ष्य जनसरोकार होना चाहिए।

वरिष्ठ पत्रकार प्रफुल्ल चंद्र त्रिपाठी ने पंडित जुगुल किशोर शुक्ल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर और दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि 30 मई का दिन हिंदी पत्रकारिता दिवस के रूप में काफी महत्वपूर्ण है। 1826 में आज ही के दिन हिंदी का पहला अखबार उदंत मार्तंड प्रकाशित हुआ था। यह एक साप्ताहिक अखबार था। पंडित जुगल किशोर शुक्ल इसके संपादक व प्रकाशक थे। गुलामी के दौरान देशहित के बारे में बात करना एक चुनौती भरा काम था। इस दौर में इस समाचार पत्र ने लोगों के हक की बात उठाई।

पत्रकार अभिनव राज त्रिपाठी ने कहा कि उदंत मार्तंड हर मंगलवार को छपता था और लोगों तक पहुंचता था। यह अखबार कलकत्ता में प्रकाशित हुआ था। अभिनव व अन्य पत्रकारों ने माना कि पत्रकारिता के मूल्यों को बचाए रखना आज चुनौतीपूर्ण कार्य है। पवन रस्तोगी, अवध नरेश त्रिपाठी, विष्णु देव त्रिपाठी, नरेंद्र खरे, मिठाई लाल मिश्र, जावेंद्र पांडेय, राजेश पांडेय, मुकेश पाठक, अमित जैन, रामनरेश पाल, देवराज द्विवेदी, विपुल पांडेय, विकास द्विवेदी आदि ने भी अपने अपने विचार रखे।

# नाबालिग से दुराचार में 12 साल का कठोर कारावास

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- 14 हजार रुपये का अर्थदंड भी भुगतना होगा

**अमृत विचार।** रिश्तेदार की नाबालिग बेटी से घर में घुसकर दुराचार करने और गर्भवती होने के बाद धमकाने के मामले में दोषी को विशेष न्यायाधीश रेनू मिश्रा ने 12 वर्ष कठोर कारावास की सजा दी साथ ही 14 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है।

विशेष लोक अभियोजक तेज प्रताप सिंह ने बताया कि 19 सितंबर 2018 को एक व्यक्ति ने मारकुंडी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग बेटी घर में ही रहती थी। 28 अप्रैल 2018 को मारकुंडी थाने के डोडामाफी निवासी बुल्ली उर्फ ओमदत्त यादव ने उसे बहला फुसलाकर कर उसके साथ दुराचार किया। इससे वह गर्भवती हो गई। इसी बीच वह पत्नी के साथ ससुराल चला गया। बेटी को घर पर अकेला पाकर आरोपी ने पुनः उसके साथ दुराचार किया और बाद में उसे गर्भपात की दवा खिला दी। इससे बेटी की हालत खराब हो गई। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश रेनू मिश्रा ने गुरुवार को निर्णय सुनाया। आरोपी बुल्ली उर्फ ओमदत्त यादव द्वारा किए गए कृत्य को न्यायालय ने घृणित एवं सामाजिक व्यवस्थाओं के विपरीत करार दिया। साथ ही दोषी बुल्ली उर्फ ओमदत्त को 12 वर्ष कठोर कारावास एवं 14 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई।

# संदिग्ध हालात में युवक की मौत, मिले चोट के निशान

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक की मौत हो गई। मां ने हत्या का आरोप लगाया है हालांकि फिलहाल तहरीर नहीं दी है। एसओ का कहना है कि तहरीर के आधार पर आगे की तहकीकात की जाएगी। युवक के शरीर पर चोटों के निशान पाए गए हैं।

सीतापुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत रैन बसेरा के पास गुरुवार की सुबह किराना व्यवसायी धर्मपाल साहू (40) पुत्र संतोष साहू का शव उसके कमरे में अस्तव्यस्त अवस्था में मिला। शरीर पर चोटों के निशान थे और कोई वस्त्र नहीं था। मृतक की मां मुन्नी देवी ने बताया कि उसकी बहू अंकिता नहाने गई थी। युवक की मां घर के नीचे वाले हिस्से में और पति पत्नी ऊपर के हिस्से में रहते थे। मुन्नी जब बेटे के कमरे में गई तो उसका पुत्र कमरे में



युवक की मां को संभालतीं रिश्तेदार।

- संतान न होने से दंपति के बीच होती थी कलह, मां ने लगाया हत्या किये जाने का आरोप

मृत पड़ा था। ऐसा लग रहा था कि उसे जमकर पीटा गया था। शरीर में कई जगह खरोंच के निशान थे और गुप्तांग में सूजन थी। जिंदगी की आस में बेटे को आसपास के लोगों की मदद से जिला अस्पताल ले गई, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित



युवक की पत्नी।

कर दिया। धर्मपाल की शादी बांदा जनपद के करबई गांव में दस साल पहले हुई थी।

चर्चा है कि कुछ समय से पति-पत्नी के बीच झगड़ा होता था। पत्नी अंकिता तीन माह पहले ही मायके से वापस आई थी। धर्मपाल की मां ने हत्या की आशंका जताई है। धर्मपाल का छोटा भाई प्रयागराज में रहकर पढ़ाई करता है। पिता संतोष की मौत पहले ही हो चुकी है और धर्मपाल ही परिवार का भरण पोषण करता था। इस संबंध में चौकी प्रभारी गौरव तिवारी ने बताया कि प्राथमिक जांच में पता चला है कि दंपति की शादी के लंबे समय बाद भी संतान नहीं थी और इसी वजह से घर में कलह होती थी। शरीर में चोटें भी पाई गई हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रेन से गिरकर अज्ञात युवक की गई जान

**बरगढ़ (चित्रकूट)।** बुधवार रात ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। उसका शव बरगढ़ रेलवे स्टेशन से कुछ ही दूरी पर सिंगल पुरवा पर मिला। एसओ राकेश मौर्य ने मौके पर पहुंचकर जानकारी ली। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी।

## सार-संक्षेप

### रजिस्ट्रेशन करा कर ही करें उत्तराखंड में चारों धाम की यात्रा

**चित्रकूट।** अपर जिलाधिकारी उमेश चंद्र निगम ने उत्तराखंड में चारों धाम की यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं को पंजीकरण कराने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि ऐसा न करने पर उनको असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। अपर जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन गृह (पुलिस) अनुभाग - 3 लखनऊ ने इस संबंध में 24 मई के पत्र में निर्देश जारी किया है। बताया कि उत्तराखंड सरकार ने तीर्थयात्रियों के लिए चार धाम यात्रा के लिए अनिवार्य पंजीकरण व्यवस्था लागू की है। इसके मद्देनजर यह आवश्यक है कि चारों धाम यात्रा के इच्छुक श्रद्धालु पंजीकरण कराने के बाद ही वहां जाएं। बगैर पंजीकरण यात्रा पर तीर्थयात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। उत्तराखंड सरकार ने मोबाइल ऐप पर अनिवार्य पंजीयन की व्यवस्था की है। श्रद्धालु गंगोत्री यमुनोत्री, बद्रीनाथ एवं केदारनाथ की यात्रा करना चाहते हैं तो संबंधित यूआरएल अथवा एप पर पंजीकरण करा लें। सलाह दी कि जिन यात्रियों ने पंजीकरण प्रक्रिया पूरी नहीं की है, तो चारों धाम की यात्रा न करें। वे निर्धारित चेक प्वाइंटों पर रोक दिए जाएंगे और आगे नहीं जा सकेंगे। एडीएम ने अधिकारियों को भी अनिवार्य पंजीकरण के प्रचार - प्रसार कराने के निर्देश दिए हैं।

### आंधी आने से गिरे पोल, बाधित हुई बिजली

**बरगढ़ (चित्रकूट)।** बुधवार देर शाम मौसम ने अचानक मिजाज बदल लिया। रात होते होते तेज हवाओं के साथ साथ हल्की बारिश भी हुई। आंधी से कई जगहों पर बिजली के पोल गिर गये, ट्रांसफार्मर और तार क्षतिग्रस्त हो गए। इससे कस्बे और आसपास की बिजली घंटों बाधित रही। दिन की भीषण गर्मी के बाद बरगढ़ और आसपास के इलाकों में मौसम ने शाम को करवट बदली। पहले हल्की बूंदाबांदी के बीच तेज हवाएं चलीं और फिर इन हवाओं ने आंधी का रुख अख्तयार कर लिया। इससे कई जगहों पर पेड़ और बिजली के पोल गिर गये। कस्बे के साथ आसपास के कई गावों की बिजली व्यवस्था बाधित हो गई। हालांकि इसके बाद मौसम में उमस फिर बढ़ गई।



तेज आंधी से क्षतिग्रस्त हुआ बिजली का पोल।

### आठ आरोपियों पर मिनी गुंडा एक्ट लगाया

**चित्रकूट।** थानाध्यक्ष रैपुरा ने गुंडागर्दी के आरोप में आठ आरोपियों पर मिनी गुंडा एक्ट लगाया है। दिनकपुर निवासी महुलिया मजरा इटवां, अभिषेक कुमार सिंह निवासी बसिंघा, प्रेमराज यादव और गुलाब चंद्र यादव निवासी अहिरनपुरवा मजरा लौरी, राजबली, शंकर दयाल यादव, शिवदास और सालिगराम द्विवेदी निवासी रामनगर के विरुद्ध धारा 110जी सीआरपीसी की कार्रवाई की गई।

### कार का टायर चोरी

**चित्रकूट।** घर के सामने खड़ी कार का टायर चोरी हो गया। गांधीगंज निवासी ऊषा पहारिया ने कोतवाली में तहरीर दी कि उनकी कार रोज की तरह घर के दरवाजे पर खड़ी थी। बुधवार रात उसका एक टायर चोर ले गए। सीसीटीवी में यह घटना कैद है।

### 175 तालाब सूखे, 10 में भरा गया पानी

**जालौन।** विकास खंड जालौन क्षेत्र के 62 ग्राम पंचायत में लगभग 185 तालाब हैं। इन तालाबों में से मात्र 10 तालाब ही पानी से भरे गए हैं। जबकि 175 तालाब सूखे पड़े हैं। भीषण प्रचंड गर्मी में गांव के सभी ताल तलैया सूख गए हैं, चुनाव की व्यस्तता के कारण तालाबों के भरने के अभी तक के प्रशासनिक प्रयास न काफी साबित हुए हैं। तालाबों में पानी नहीं होने से पशु पक्षी, जीव जंतु पीने के लिए पानी के लिए इधर उधर भटक रहे हैं। ब्लॉक क्षेत्र के 62 ग्राम पंचायत में 185 ताल तलैया राजस्व अभिलेखों में दर्ज हैं, जिनमें लाखों के बजट से निर्मित 60 अमृत सरोवर हैं तथा 125 सामान्य तालाब हैं। मई के महीने में सरकार द्वारा नहरों में पानी छोड़ा जाता है, उसका यही उद्देश्य है कि इस भीषण गर्मी में गांव के आसपास पानी भर जाने से इस भीषण गर्मी से ग्रामीणों को राहत मिल सके, इसके अलावा पशु पक्षियों को पीने के लिए पानी उपलब्ध हो सके।

# रक्तचाप को नियंत्रित रखता है मटके का पानी

संवाददाता, पहाड़ी (चित्रकूट)



दुकान पर बिकते मिट्टी के मटके। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बदलते परिवेश में जहां आधुनिक उपकरणों ने जिंदगी को बदल दिया है, वहीं पारंपरिक और पुरानी चीजों का अपना महत्व है। फ्रिज, वाटर कूलर आदि ने गर्मी में हर घर में जगह चाहे बना ली हो पर चिकित्सक भी यह मानते हैं कि मटकों का शीतल जल आज भी फ्रिज और वाटर कूलर के पानी से कई गुना ज्यादा स्वास्थ्यप्रद होता है। मटके का पानी रक्तचाप को भी नियंत्रित करता है।

बदलती जीवनशैली में अब आम तौर पर घरों में घड़े, सुराही आदि नहीं दिखते। आमदनी से ज्यादा खर्चा देख कुम्हारों ने भी इनको बनाना कम कर दिया है। बाजार में

- फ्रिज व वाटरकूलर से ज्यादा फायदेमंद है मटके का पानी

कहीं कहीं ही ये नजर जाते हैं। इनमें टोंटी वाले मटके आकर्षण का केंद्र हैं। हालांकि बीते दिनों मटकों की कीमतों में भी भारी बढ़ोतरी हुई है। बाजार में एक मटके की कीमत 100 से 200 रुपये तक है। मटके का सोंधापन अलग ही सुकून देता है।



डॉ. दीपक यादव।



डॉ. सुधीर कुमार।

### चिकित्सकों ने दी मटकों के प्रयोग की सलाह

आयुष चिकित्सक सुधीर कुमार बताते हैं कि मिट्टी के मटके का पानी स्वास्थ्य के लिए उत्तम होता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक दीपक यादव बताते हैं कि मटके का पानी रक्तचाप को नियंत्रित करता है। कोलेस्ट्रॉल कम करता है रक्तप्रवाह बनाए रखने में मदद करता है।

# गर्मी का कहर : लू लगने से दो लोगों की गई जान

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** तीरमऊ बरुआ बालू घाट में ट्रक चालक की अचानक तबीयत बिगड़ गई। इसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं रुपौली में एक रिक्शाचालक की मौत हो गई। दोनों मौतों की वजह गर्मी बताई जा रही है।

देशराज पुत्र राजकुमार निवासी महेशगंज थाना नवाबगंज (प्रयागराज) ने बताया कि वह ट्रक चालक रामू मौर्या (50) के साथ मंसूराबाद से तीरमऊ बरुआ बालू घाट में बालू लेने जा रहा था। रास्ते में रामू की हालत बिगड़ गई। वह उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा, जहां ने मृत घोषित कर दिया। वहीं ग्राम पंचायत रुपौली का ई-रिक्शा चालक राजा (40) गुरुवार को ई-रिक्शा से सवारियों को लेकर जा रहा था। राजापुर गइला रोड के पास तबीयत खराब होने पर रिक्शे में बैठे लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। नायब तहसीलदार राजीव कुमार दुबे ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता राशि मुहैया कराई जाएगी।

**अदूरदर्शिता** भीषण गर्मी में घर से निकलना हो रहा मुश्किल लेकिन परीक्षा देने जाने की है मजबूरी

# भीषण गर्मी में चल रहीं बुंदेलखंड विवि की परीक्षाएं

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी से जहां लोगों को सुबह सूर्य भगवान के उदय होते ही घर से निकलना दूभर हो रहा है। वहीं बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के विद्यार्थी परीक्षा देने को विवश हैं। भीषण लू में कालेज आने जाने में इन छात्र-छात्राओं का तपन और लू से बुरा हाल है। विवि के परीक्षा संबंधी कार्यक्रम ने सबको हैरान और परेशान कर दिया है। सभी लोगों का कहना है कि इस भीषण गर्मी में जहां सभी परेशान हैं वहीं विवि प्रशासन परीक्षाएं करवा रहा है।

हीटवेव में जहां चिकित्सक भी धूप में घर से न निकलने की सलाह दे रहे हैं, वहीं बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं के सामने परीक्षा देने की मजबूरी है। अभिभावकों का कहना है कि भीषण गर्मी में परीक्षा दे रहे बच्चों की तबीयत खराब हो रही है। कई छात्रों का सेंटर बरगढ़ और राजापुर होने से उन्हें और दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अभिभावकों और विद्यार्थियों का कहना है कि जिम्मेदारों को यह जरूर सोचना चाहिए कि जब तपती दोपहरी में जनजीवन ठहर जाता है, परीक्षाएं आयोजित करवाना उचित है कि नहीं। कुलपति से मांग की है कि बची हुई परीक्षाओं की तिथि आगे की जाए।

### पुनर्विचार करने की जरूरत : प्राचार्य



प्राचार्य डॉ. संतोष चतुर्वेदी।

महामति प्राणनाथ महाविद्यालय मऊ के प्राचार्य डॉ. संतोष चतुर्वेदी ने बताया कि इस तपते मौसम में शिक्षकों और छात्रों के लिए 45 दिन का अवकाश किया जाता था लेकिन विश्वविद्यालय इस समय परीक्षा करा रहा है, जो अतार्किक है। साथ ही किसी भी प्रकार से न्यायसंगत नहीं है। भीषण गर्मी के चलते दूरदराज से आ रहे परीक्षार्थियों की तबीयत भी खराब हो रही है। ऐसे में परीक्षाओं को स्थगित किया जाना चाहिए। विश्वविद्यालय प्रशासन छात्र हित में अपने निर्णय पर एक बार पुनर्विचार करे कि बच्चों को गर्मी के बीच सहूलियत मिल सके।

### 25 मई से शुरू हुईं परीक्षाएं

गौरतलब है कि बुंदेलखंड विवि की परीक्षा 25 मई से शुरू हुई है, जो एक जुलाई तक चलेगी। तीन पालियों में परीक्षा हो रही है। एक पाली जहां सुबह सात से नौ बजे तक है तो दूसरी का समय साढ़े 10 से साढ़े 12 का है। तीसरी पाली अपराह्न दो बजे से शाम चार बजे तक की है।



सूर्यकांत त्रिपाठी।



अदील गनी।




गौरीश त्रिपाठी।




गोपाल केशरवानी।



नीरज चौरसिया।



वेद प्रकाश पांडेय।



अंकुर शुक्ला।



विनय गुप्ता।

### छात्रों ने जताई नाराजगी

भीषण गर्मी में परीक्षा शेड्यूल रखने को लेकर महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं में जमकर रोष है। इनका कहना है कि गर्मी में इस तरह परीक्षा कार्यक्रम तैयार करना अदूरदर्शिता है। मुकुल त्रिपाठी ने कहा कि भीषण गर्मी में आनेजाने में बहुत दिक्कत होती है। सूर्यकांत त्रिपाठी निराला, अदील गनी, गौरीश त्रिपाठी, गोपाल केशरवानी, नीरज चौरसिया, वेद प्रकाश पांडेय, अंकुर शुक्ला आदि का कहना है कि चिलचिलाती धूप में जब घर से निकलना तक मुश्किल है, परीक्षा देने जाना मजबूरी बन गया है। विनय गुप्ता ने बताया कि उसका परीक्षा केंद्र राजापुर गया है। रोज इतनी दूर आनेजाने से तबीयत खराब हो जा रही है।

## तहसीलदार ने की जन शिकायती पत्रों की समीक्षा

**कालपी(जालौन)।** गुरुवार को तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी ने आईजीआरएस के शिकायती पत्रों के निस्तारण की समीक्षा करते हुए जिम्मेदार विभागीय कर्मचारियों को शत प्रतिशत प्रार्थना पत्रों के समाधान करने के निर्देश दिए। नायब तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला की मौजूदगी में कार्यालय में विरासत के प्रकरणों, कृषक दुर्घटना बीमा योजना, जन समस्याओं के प्रार्थना पत्रों व आइजीआरएस के शिकायती पत्रों की समीक्षा की करते हुए तहसीलदार ने कहा कि आईजीआरएस के प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सभी शिकायती पत्रों को मौके पर जाकर शत प्रतिशत निस्तारण करें। इस मौके पर राजस्व कानून गो रामराजा राजपूत, सदर लेखपाल जितेंद्र सिंह, अनूप तिवारी, सेवेंद्र सिंह आदि विभागीय कर्मचारी मौजूद रहें।



डीएफओ को पेड़ कटवाने संबंधी पत्र देते सभासद शंकर यादव। अमृत विचार

# साहब! सूखे पेड़ कटवाइए इनसे हादसों की आशंका

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- सभासद ने डीएफओ को पत्र देकर किया अनुरोध

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे काफी समय से खड़े दो सूखे पेड़ कटवाने के लिए सभासद शंकर यादव ने गुरुवार को प्रभागीय वनाधिकारी एनके सिंह को पत्र सौंपा। सिंह ने आश्वस्त किया कि ये पेड़ जल्द ही कटवा दिए जाएंगे।

सभासद ने डीएफओ को बताया कि खोया मंडी के पास एक पेड़ करीब चार वर्ष से सूखा खड़ा है। इसे कटवाने के लिए वह साल भर में लगभग पांच पत्र लिख चुके हैं। शंकर यादव ने रोष जताया कि एक ओर तो हरे पेड़ काटे जा रहे हैं वहीं दूसरी ओर सूखे पेड़ों की कटान नहीं कराई जाती जबकि इनसे कभी भी अप्रिय घटनाएं हो सकती हैं।

# जानलेवा हुई गर्मी, लू व हीट स्ट्रोक से तीन की मौत

## मरने वालों में थाने का फालोवर भी, जिला प्रशासन की दोपहर 12 से 3 बजे तक घरों से न निकलने की सलाह

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**47** डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान

**34** डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान



बाजार में पेय पदार्थ तैयार करता युवक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बीते चार दिनों से पड़ रही बेतहाशा गर्मी अब जानलेवा हो चली है। भीषण गर्मी के बीच दोपहर के वक्त घर से बाहर निकलने वाले लोगों की जान पर खतरा मडराने लगा है। गुरुवार को लू और हीट स्ट्रोक की चपेट में आने से जहां कालिंजर थाने के फालोवर समेत तीन लोगों के दम तोड़ देने की खबर है, वहीं कई अन्य लोग गंभीर हालत में बीमार होकर विभिन्न अस्पतालों में अपना उपचार कराने को विवश हैं। हालांकि भीषण गर्मी व हीट वेव को देखते हुए जिला प्रशासन की ओर से एडवाइजरी जारी करके अपना बचाव करने की सलाह दी गई, लेकिन प्रशासन की ओर से अभी तक लोगों को गर्मी व लू से बचाने के लिए कोई ठोस इंतजाम नहीं किए गए।

आसमान में हो रही बदली के कारण गुरुवार को तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की गई, लेकिन तेज रफ्तार गर्म हवाओं ने मौसम की तल्खी में कोई कमी आने नहीं दी। भीषण गर्मी व लू की चपेट में आकर लोग गश खाकर गिर रहे हैं और गंभीर हालत में अस्पताल का रुख कर रहे हैं। गुरुवार को कालिंजर थाने में तैनात पवन कुमार (55) की अचानक भीषण गर्मी से तबियत बिगड़ गई। पुलिस कर्मियों ने उसे आनन फानन सीएचसी नरैनी में भर्ती कराया, जहां उसने दम तोड़ दिया। बताया जाता है कि भीषण गर्मी से बेहाल होकर फालोवर की मौत हुई। जबकि क्षेत्राधिकारी अंबुजा त्रिवेदी मौत का कारण अज्ञात बता रही हैं और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्पष्ट वजह बताने की बात कह रही हैं। वहीं नरैनी कस्बे के जवाहर नगर निवासी चंद्रशेखर (55) पुत्र नाथूराम गुरुवार की दोपहर पैदल ही बाजार से अपने घर की ओर जा रहा था, तभी रास्ते में उसकी तबियत बिगड़ गई और वह बेहोश होकर सड़क पर ही गिर गया। थोड़ी देर बाद ही उसने सड़क पर ही दम तोड़ दिया। ऐसे ही बबेरू कोतवाली क्षेत्र के करिंगा गांव निवासी कलावती (55) गांव से दो किमी दूर स्थित अपने मायके तरायां से अपने घर वापस लौट रही थी। तभी रास्ते में वह गश खाकर गिर गई और थोड़ी देर बाद दम तोड़ दिया। इसके अलावा जिले में दर्जनों लोग लू और हीट वेव का शिकार होकर अस्पतालों में भर्ती होकर अपना उपचार करा रहे हैं। उधर भीषण गर्मी व लू से बचाव के लिए अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार ने एडवाइजरी जारी की है।

- आसमान में बदली के कारण तापमान में हल्की गिरावट
- शरीर में पानी-नमक की कमी से बढ़ता है लू का खतरा

कहा है कि शरीर में पानी व नमक की कमी से लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। बताया है कि 40.6 डिग्री तापमान से अधिक पर एक घंटे से अधिक रहने पर मस्तिष्क में क्षति होने की संभावना प्रबल हो जाती है। कहा है कि हीट वेव की स्थिति से शरीर की कार्यप्रणाली पर प्रभाव पड़ता है, जिससे मृत्यु भी हो सकती है। सलाह दी है कि प्रचार माध्यमों पर हीट वेव की चेतावनी पर ध्यान दें, बगैर प्यास के भी अधिक से अधिक पानी पिएं, हल्के रंग के हल्के वस्त्र पहनें, धूप के चश्मे, छाता, टोपी आदि का प्रयोग करें, लू से पीड़ित व्यक्ति को छाया में लिटाकर सूती गीले कपड़े से पोंछे और चिकित्सक से संपर्क करें। ओआरएस, लस्सी, चावल का पानी, छाछ आदि का उपयोग अधिक करें, गर्भवती महिलाओं और रोग ग्रस्त लोगों पर अधिक ध्यान दें। जिला प्रशासन ने दोपहर 12 से 3 बजे तक सूर्य की सीधी रोशनी से बचने, यथासंभव घर की निचली मंजिल पर रहने, अधिक प्रोटीन व बासी भोजन न करने, अल्कोहल, चाय व काफी पीने से परहेज करने की सलाह दी है। हालांकि जिला प्रशासन की ओर से गर्मी व हीट वेव से बचाव के लिए कोई ठोस उपाय अभी तक नहीं किए गए हैं। महज एडवाइजरी जारी करके कर्तव्यों की इतिश्री कर ली गई है।

### सुबह-शाम कृषि कार्य करने की सलाह

भीषण गर्मी व हीट वेव से समूचे जनपद में त्राहि त्राहि मची हुई है। ऐसे में कृषि वैज्ञानिकों ने किसान भाइयों को सुबह-शाम कृषि कार्य करने और अधिक से अधिक ठंडे पेय पदार्थ सेवन करने की सलाह दी है। कृषि विज्ञान केंद्र की विशेषज्ञ डा.दीक्षा पटेल ने किसानों को कृषि कार्य करने में सावधानी बरतने की सलाह दी है। बताया है कि मौसम विभाग के अनुसार जनपद का तापमान 49 से 52 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है। कहा है कि आवश्यक कार्य होने पर ही दोपहर के वक्त घर से बाहर निकलें, ठंडक प्रदान करने वाले पेय पदार्थ नींबूपानी, बेल का शर्बत, आम का पना आदि सेवन करें, हल्का भोजन करें और बार-बार ठंडा पानी पीते रहें। ऐसे ही कृषि विज्ञान केंद्र के अध्यक्ष डा.श्याम सिंह ने किसानों को मानसून आने के बाद ही धान की बुआई करने की सलाह दी है। कहा है बागवानी करने वाले किसान सब्जियों की सिंचाई रात के समय करें। दुधारू पशुओं को धूप से बचाने के इंतजाम करें।



डा.दीक्षा पटेल।

# सैकड़ों चमगादड़ों की मौत



पार्क में मरे पड़े चमगादड़। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** नौतपा में पड़ रही भीषण गर्मी से जहां आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है, वहीं पशु पक्षियों का भी बुरा हाल हो रहा है। अतर्रा कस्बा के नहर कोठी स्थित ऑक्सीजन पार्क में करीब ढाई सैकड़ा चमगादड़ों के मृत पाए जाने से इलाके में हड़कंप मच गया। कस्बा क्षेत्र में तरह तरह की चर्चाओं का बाजार गरम हो गया है। सूचना पर पहुंचे नगर पालिका के सफाई कर्मियों ने सभी मृत चमगादड़ों को डंपिंग स्थल पर फेंक दिया गया। उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी निर्मल कुमार गुप्ता ने कहा एक साथ इतने चमगादड़ों की मौत की असल वजह जानने का प्रयास किया जा रहा है। आशंका है कि भीषण गर्मी भी मौत का कारण हो सकती है। नगर पालिका ने डंपिंग स्थान में खुले में ही मृत चमगादड़ों को फेंक दिया गया है। समाजसेवी राकेश कुमार गौतम, अर्जुन मिश्रा, रवि सिंह आदि का कहना है कि इससे संक्रमण भी फैल सकता है। चिकित्सक श्री गुप्ता ने बताया कि एक चमगादड़ के शव को लैब में जांच के लिए भेजा गया है। उन्होंने चमगादड़ों की मौत के लिए प्रथमदृष्टया हीट स्ट्रोक को कारण बताया है। एसडीएम रविन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि अत्यधिक गर्मी के चलते पक्षियों के मरने का अंदेशा है। अन्य पहलुओं की भी जांच कराई जा रही है।

# जल जीवन मिशन के तहत खुदाई से बदहाल हुईं सड़कें

संवाददाता, नरैनी

**अमृत विचार।** जल जीवन मिशन योजना की पाइप लाइन बिछाने में ठेकेदार ने कस्बा और गांवो की सड़कें खोद कर बर्बाद कर दी है। जलापूर्ति शुरू होते ही कई जगह लीकेज की शिकायते मिल रही है। अंडरग्राउंड पाइप लाइन बिछाने की जगह पुलियो को न तोड़कर ऊपर से ही पाइपलाइन बिछाई गई है, जिससे ऊंचाई के कारण आये दिन बाइक और साइकिल सवार गिरकर चुटहिल हो रहे हैं।

कस्बा के छोटे चौराहा हनुमान चौक मंदिर के सामने अतर्रा मुख्य मार्ग में पुलिया तोड़कर अंडरग्राउंड पाइप लाइन नही डाली गई, ऊपर से ही पाइप लाइन बिछा दी गई है जो सड़क के लेवल से काफी ऊंची है। चौराहा के व्यापारी हाजी फैयाज अली, छेदीलाल रैकवार, संजय गौतम, सर्फराज, चुनबाद, गुड्डू दीक्षित आदि ने बताया कि पाइपलाइन बिछाई जाने वाली यूनिट ने मनमानी तरीके सड़क की खदाई की है। जल संस्थान की पाइप लाइन कई बार कई जगह से टूटकर छतिग्रस्त हुयी है, जिससे जल भराव के कारण व्यापार बाधित हुआ है। अंडर ग्राउंड पाइप डाले जाने की जगह सड़क के ऊपर से पाइप लाइन डाल दी गई जिससे आए दिन दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। कस्बा सहित लगभग सभी गांवो में ठेकेदार ने जेसीबी मशीन से सीसी रास्तों को तोडकर फेंक दिया है। नगर पंचायत और ग्राम पंचायतों द्वारा लाखो रुपये खर्चकर इन रास्तों का निर्माण कराया गया था। जल जीवन मिशन यूनिट के मैनेजर राजेश ने बताया कि मामला संज्ञान में है। लेवर और मशीन की व्यवस्था की जा रही है, एक से डेढ़ सप्ताह का समय लगेगा। उन्होंने बताया कि टूटी सड़को का मरम्मतीकरण एक अन्य विभाग द्वारा कराया जा रहा है।

- आये दिन बाइक और साइकिल सवार गिरकर हो रहे चुटहिल

# गैंगस्टर की 76.41 लाख की संपत्ति कुर्क

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर जनपद में चलाए जा रहे अपराध उन्मूलन अभियान के तहत गिरोह बनाकर समाज विरोधी क्रियाकलापों में संलिप्त रहकर अवैध रूप से संपत्ति अर्जित करने वाले गैंगेस्टर एक्ट के अभियुक्त के विरुद्ध पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए 76.41 लाख रुपये की संपत्ति कुर्क कर ली गई।

नरैनी तहसील क्षेत्र के करतल गांव निवासी अभियुक्त शिवरंजन उर्फ भैय्यन पुत्र इंद्रपाल आपराधिक कार्यों में संलिप्त रहकर अवैध रुप से अर्जित की गई 76.41 लाख रुपए की संपत्ति को पुलिस ने गुरूवार को कुर्क कर लिया। पुलिस के मुताबिक अभियुक्त पर समाजविरोधी क्रियाकलाप करने तथा समाज में भय व्याप्त कर अवैध रुप से संपत्ति अर्जित करने के संबंध में थाना नरैनी में पांच मुकदमे दर्ज हैं। जिसकी विवेचना थानाध्यक्ष कालिंजर जयचंद्र सिंह द्वारा की जा रही थी। अभियुक्त के आपराधिक कृत्यों द्वारा अवैध रुप से अर्जित की गई संपत्ति की पहचान कर कुर्की के लिए जिला मजिस्ट्रेट के न्यायालय को रिपोर्ट भेजी गई थी। जिला मजिस्ट्रेट ने 5 फरवरी को गैंगस्टर के अभियुक्त की अवैध संपत्ति की कुर्की करने आदेश जारी कर दिए। गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के तहत कार्रवाई करते हुए अभियुक्त द्वारा अवैध रूप से अर्जित की गई लगभग 76.41 लाख रुपये की संपत्ति की कुर्की कर उसे जब्त कर लिया गया है।



गैंगस्टर की संपत्ति कुर्क करते पुलिस कर्मी। अमृत विचार

### अभियुक्त की कुर्क संपत्ति

- एक साइन मोटरसाइकिल कीमत लगभग 56 हजार 77 रुपये, एक मकान व 4 प्लाट अनुमानित कीमत 75 लाख 85 हजार 500 रुपये है। आरोपी अभियुक्त के खिलाफ नरैनी कोतवाली में हत्या सहित पांच मामले दर्ज है। कालिंजर थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर अपराधी है। क्षेत्र में गिरोह बनाकर समाजविरोधी क्रियाकलाप तथा भय व्याप्त कर अवैध रूप से संपत्ति अर्जित की थी। इस पर गैंगस्टर के अभियुक्त पर कड़ी कार्रवाई अमल में लाई गई है।

- डीएम के आदेश पर की गई कुर्की की कार्रवाई

# पुलिया पर किया अतिक्रमण दबंगों ने बंद की जलनिकासी

संवाददाता, नरैनी

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री सड़क पर बनी पुलिया पर दबंगों ने अतिक्रमण करते हुए जल निकासी बंद कर दी। ग्रामीणों ने बारिश के दिनों में नाली में जल भराव होने से कच्चे मकान गिरने की आशंका जताई है। एसडीएम को ग्रामीणों ने शिकायती पत्र देकर पुलिया को अतिक्रमण मुक्त कराकर जल निकासी खुलवाए जाने की मांग की है।

तहसील क्षेत्र के दिवली गांव के मजरा सूखन पुरवा निवासी लालबाबू, राजेश, रामजस, गयाचरन, धीरज, अंजली, रणजीत, छोटेलाल, राघवेंद्र और रामरूप सहित दर्जनों ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर बताया है कि सूखन पुरवा में प्रधानमंत्री सड़क योजना से कई स्थानों पर जल निकासी के लिए पुलिया बनाई गई हैं। गांव के दबंगों ने पुलिया नंबर चार में जेसीबी की मदद से मिट्टी डलवाकर जल निकासी बंद करा दी। कुआं, हैंड पंपों और घरों के पानी का निकास बंद होने से जल भराव हो रहा है। गांव के लोगों ने मिट्टी डलवाने को मना किया तो दबंग मारपीट पर उतारू हो गए।

ग्रामीणों ने आशंका जताई कि पुलिया को अतिक्रमण मुक्त न किया तो बारिश के दिनों में जल भराव से तमाम कच्चे मकान जमींदोज हो जाएंगे। ग्रामीणों ने एसडीएम से पुलिया को अतिक्रमण मुक्त कराते हुए जल निकासी व्यवस्था बहाल कराए जाने की मांग की है। एसडीएम विकास यादव ने बताया मामला संज्ञान में आया है। राजस्व टीम सहित पुलिस बल भेजकर पुलिया को जल्द ही अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा।

- एसडीएम से पुलिया अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग
- एसडीएम ने जल्द ही कार्रवाई करने का दिया आश्वासन

# एलआईसी एजेंट का शव बजरंग कुंड में मिला

**बांदा।** शराब के लती एलआईसी एजेंट का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बजरंग कुंड के दलदल में पड़ा पाया गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शहर के मढ़िया नाका निवासी शिवमोहन प्रजापति उर्फ हक्कल (45) पुत्र हीरालाल का शव बुधवार की शाम शहर कोतवाली क्षेत्र के नोनिया मोहाल स्थिति बजरंग कुंड के दलदल में पड़ा मोहल्ले वासियो ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। उसके जेब से निकले मोबाइल नबंर से काल करके घरवालों को सूचना दी। मृतक के भतीजे अनूप ने बताया कि शिवमोहन एलआईसी एजेंट था। शराब का लती था। नशे की हालत में बजरंग कुडं आया था। सीढ़ी से पैर फिसल जाने से वह दलदल में जा गिरा। जिससे उसकी मौत हो गई।

# विवाहिता की हत्या में पति को 10 साल कैद

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** साढ़े तीन वर्ष पूर्व ससुरालीजनों ने विवाहिता बहू को जलाकर उसकी हत्या करने के मामले में दोषी पति व ससुर को अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम चंद्रपाल द्वितीय की अदालत ने दस-दस वर्ष के कारावास की सजा सुनायी। दोनो पर अन्य धाराओं में सजा सहित पांच-पांच हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया। जुर्माना अदा न करने पर एक एक माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी।

जिला अपर शासकीय अधिवक्ता सुशील कुमार तिवारी व सहायक शासकीय अधिवक्ता श्रवण कुमार तिवारी ने बताया कि बबेरू थाना क्षेत्र के परसौली गांव निवासी सुरेश कुमार पुत्र रामकिशुन कोरी ने 12 जून 2020 को फतेहगंज थाना क्षेत्र में रिपोर्ट लिखाई कि 11 जून 2020 को समय करीब 7 बजे सुबह उसकी लड़की पूजा की हत्या कर उसे जला दिया गया। जब दामाद प्रेमचंद्र के घर गए तो कमरे के आसपास जलने के कोई निशान नहीं थे लेकिन लड़की के चेहरे पर जलने के निशान थे। उसकी लड़की पूजा कहती थी कि प्रेमचंद्र व ससुर गलेपा और दिनेश मोटर साइकिल व भैंस मांग रहे थे। साथ ही यह भी मांग कर रहे थे कि अपने पिता की जमीन हमारे नाम करा दो।

कहा कि मेरी लड़की की शादी 2 जून 2017 को फतेहगंज थाना क्षेत्र के ग्राम डढ़वामानपुर निवासी प्रेमचंद्र पुत्र गलेपा के साथ हुयी थी। शादी के तीन वर्ष के अंतराल में कई बार झगड़े से निपटने के लिए उसने उनके घर पर एक लाख रुपये भी दिए थे। इसके बावजूद भी लड़ाई का सिलसिला खत्म नहीं हुआ। 11 जून 2020 को पति प्रेमचंद्र, ससुर गलेफ, देवर दिनेश, ननद कुमारी अंजना ने मिलकर उसकी लड़की को जान से मारकर उसकी लड़की को तेल डालकर जला दिया। पुत्री दो माह की गर्भवती भी थी। मामले का आरोप पत्र विवेचक ने केवल पति प्रेमचंद्र, ससुर गलेपा के विरुद्ध अदालत में पेश किया। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से नौ गवाह पेश किए गए। पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने व अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद न्यायाधीश ने अपने 27 पृष्ठीय फैसले में पति प्रेमचंद्र, ससुर गलेफ को दोषी करार देते हुए सजा सुनायी।

- ससुरालीजनों ने साढ़े तीन माह पूर्व अंजाम दी थी घटना

# महिला ने दबंगों के विरुद्ध लिखाई रिपोर्ट

**अतर्रा।** दबंग पड़ोसियों ने महिला व उसके परिवारीजनों को दरवाजे पर जाकर गाली गलौच की। जब इसका विरोध किया तो दबंगों ने महिला, उसके पति, सास, ससुर के साथ मारपीट की और उन्हें घायल कर दिया। पीड़ित महिला ने पड़ोसियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना क्षेत्र के अतर्रा ग्रामीण के अंश मुरलिया पुरवा निवासी गुडिया पत्नी बब्बू ने थाना प्रभारी को दी तहरीर में बताया कि बीते मंगलवार की रात करीब 9 बजे अपने घर में परिवारीजनों के साथ काम कर रही थी, तभी पड़ोसी सुरिजपाल, चंद्रपाल, शोभा, अजीत, बाबू व ग्राम भदइया निवासी अमर हाँथ में लाठी डंडा लेकर आये और घर के दरवाजे पर गाली गलौज करते हुए बाहर आने की धमकी देने लगे। पीड़िता ने बताया कि ससुर बउरा ने घर के बाहर निकलकर सभी को गाली गलौज करने के लिये मना किया तो दबंग मेरे ससुर के साथ मारपीट करने लगे। यह देखकर मै, मेरे पति, सास कमला, चाची सास माया, देवरानी निशा व देवर लालबाबू व अंकुर ससुर को बचाने पहुंचे तो उक्त सभी लोगो ने हम सभी लोगो को भी गाली गलौज करते हुए लाठी डंडो से मारा पीटा। जिसके कारण हम सभी लोगों को गम्भीर चोटे आयी हैं। इस संबंध मे थाना प्रभारी पंकज सिंह का कहना है कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# ग्रीष्मकालीन वालीबाल प्रशिक्षण कल से

**बांदा।** जनपद के खिलाड़ियों के लिए ग्रीष्म कालीन वालीबाल प्रशिक्षण शिविर पहली जून (शनिवार) से सरदार वल्लभ भाई स्पोर्ट्स स्टेडियम में शुरू होगा। जिला वालीबाल संघ सचिव शिव कुमार गुप्ता ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर पहली जून सुबह पांच से सात बजे तक आयोजित होगा। शिविर में 16 वर्ष से कम उम्र के इच्छुक बालक-बालिका खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए इच्छुक खिलाड़ी पूर्व क्रीड़ाधिकारी सबल सिंह (9651035604) और वालीबाल प्रशिक्षक अभिषेक कुमार (8400279005) से संपर्क कर सकते हैं।

# केन नदी में छात्र की मौत

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** केन नदी में नहाते समय किशोर छात्र समेत तीन लोग डूब गए। साथियों ने दो युवकों को बचा लिया। लेकिन छात्र की नदी में डूब कर मौत हो गई।

शहर कोतवाली क्षेत्र के खाईंपार निवासी यजदान फारूखी (16) पुत्र अब्दुल रहमान फारूखी गुरूवार की दोपहर पड़ोस के आठ युवकों के साथ केन नदी स्थित राजघाट नहाने गया था। सभी लोग नदी में नहा रहे थे। तभी पैर फिसल जाने से यजदान गहरे पानी में डूबने लगा। यजदान को डूबता देख फरदीन (22) व जावेद (25) बचाने गए तो वह भी डूबने लगे। अन्य साथियों ने देखा तो तीनों को बचाने के लिए मौके पर पहुंच गए। तीनों को पानी से बाहर निकाल रहे थे। इसी बीच हाथ छूट जाने से यजदान गहरे पानी में डूब गया। जावेद और फरदीन को डूबने से साथियों ने बचा लिया। शोर सुन कर गोताखोरों ने कड़ी मशक्कत के बाद यजदान को पानी से बाहर निकाला उसे एंबुलेस के माध्यम से जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया। यहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। मृतक के परिजनों ने बताया कि यजदान अपने पिता की इकलौती संतान था। पिता गुजरात में रह कर सिलाई का काम करता है। डूबने वाला बालक शहर के एक इंग्लिश मीडियम स्कूल में हाईस्कूल का छात्र था।

- साथियों ने दो की जान बचाई शहर कोतवाली के राजघाट में हुई घटना

# बीमारी से तंग वृद्ध ने फांसी लगा जान दी

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** लम्बे समय से कैंसर जैसी बीमारी और धन अभाव के चलते मानसिक तनाव झेल रहे वृद्ध ने पेड़ पर रस्सी से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

सिसोलर थाना क्षेत्र के ग्राम परेहटा निवासी लल्लू प्रजापति (57) पुत्र गनेशा ने बुधवार सुबह घर से बाहर जाकर खेत में लगे आम के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। सुबह जब परिजनों ने देखा तो हड़कंप मच गया।

सूचना पर पहुंची सिसोलर थाना पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस को भेज दिया गया है। अगर परिजन चाहेंगे तो पोस्टमार्टम कराया जाएगा। मृतक के बेटे देवीदीन ने बताया कि वह भूमिहीन है।

पिता कैंसर जैसी बड़ी बीमारी से बेहद तनाव में रहते थे। इलाज कि लिए रुपये भी नहीं थे। आयुष्मान कार्ड भी काम नहीं आया। गुरुवार की सुबह जिंदगी से हारकर पिता ने आत्म हत्या कर ली। मृतक अपने पीछे दो पुत्रियों और एक पुत्र व परिवारको रोता बिलखता छोड़ गया है।

- पुत्र ने पिता को कैंसर होने की दी जानकारी

# प्रिंट एवं इले.जर्नलिस्ट एसोसिएशन का स्थापना दिवस कल

**बांदा।** प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक जर्नलिस्ट एसोसिएशन का स्थापना दिवस पहली जून को लखनऊ में धूमधाम से मनाया जाएगा।

चित्रकूट धाम मंडल प्रभारी नंदकिशोर शिवहरे ने बताया की स्थापना दिवस पर मनोनीत पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह लखनऊ मुख्यालय में आयोजित होगा।

मंडल के बांदा, चित्रकूट, महोबा और हमीरपुर के सभी मनोनीत पदाधिकारियों से आधार कार्ड की छायाप्रति व अपने चैनल और समाचार पत्र के अधिकृत पत्र की छायाप्रति तथा तीन पासपोर्ट साइज फोटो साथ लेकर अधिवेशन में शामिल होने को कहा है।

**बदहाली** मंडल कारागार का डीजे, एडीजे, एसपी व एडीएम ने किया संयुक्त निरीक्षण

# बैरक से मेस, शौचालय से परिसर तक व्यवस्थाएं बेपटरी

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- मंडल कारागार में पूरी तरह से गंदगी का साम्राज्य मिला
- जेल अधिकारियों को खामियां दुरुस्त कराने की दी हिदायत

**अमृत विचार।** न्यायिक व प्रशासनिक अधिकारियों के संयुक्त निरीक्षण में मंडल कारागार में खामियां ही खामियां मिली। बैरक से लेकर मेस और शौचालय से लेकर परिसर तक व्यवस्थाएं बेपटरी नजर आईं। मंडल कारागार में पूरी तरह से गंदगी का साम्राज्य कायम मिला। अफसरों ने जेल अधिकारियों को शीघ्र खामियां दुरुस्त करने की सख्त हिदायत दी।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नई दिल्ली) व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (लखनऊ) के निर्देश पर जिला जज डा.बब्बू सारंग के नेतृत्व में अपर जिला जज चंद्रपाल द्वितीय, अपर जिला जज श्रीपाल सिंह, पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल और अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार गुरुवार को अचानक मंडल कारागार पहुंचे। इस दौरान बैरक से लेकर पाकशाला तक और शौचालय से लेकर परिसर तक खामियां नजर आईं। कारागार में पूरी तरह से गंदगी का साम्राज्य कायम मिला। पीने की पानी की गुणवत्ता खराब मिली। सफाई न होने से शौचालय की स्थिति जहां पूरी तरह से नारकीय दिखी वहीं मेस में भी गड़बड़ी स्पष्ट रूप से नजर आ रही थी। बैरकों की स्थिति बेहद खराब मिली। यह इतनी खामियां तब मिली जब अफसरों के आने की भनक मिलने पर जेल प्रशासन ने आनन-फानन में चाक चैबंद व्यवस्था बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। महिला बैरक रसोई घर में एयर वैंटीलेशन का कोई सिस्टम नहीं मिला। रसोई घर में न तो एक्जास्ट फैन लगा मिला न ही चिमनी। पूरा रसोई घर अत्याधिक गर्म व उमस भरा मिला। वाटर स्टोरेज पूरी टंकी में काई इत्यादि लगी मिली। जिला जज जेल अधीक्षक को टंकी का पानी निकाल कर काई व गंदगी हटाकर साफ पानी भराए जाने के निर्देश दिए। जिला जज ने मंडल कारागार की बदहाली पर न सिर्फ जेल अधिकारियों की क्लास ली बल्कि इस बाबत हिदायत भी दी। साथ ही शीघ्र व्यवस्था में सुधार लाने के भी निर्देश दिए।

निरीक्षण के समय जेलर मनीष कुमार, डिप्टी जेलर महेंद्र सिंह के साथ राशिद अहमद, गजेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।




जेल का निरीक्षण करते जिला जज व एसपी। अमृत विचार

# दिन में बिजली का वोल्टेज लो, रात में एकदम हाई

## बिजली दे रही भीषण गर्मी में दर्द : वोल्टेज कम होने से पंखे-कूलर बेकार, हाई होने पर फुंक रहे विद्युत उपकरण

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी के मौसम में लोगों का बुरा हाल है। दूसरी तरफ लो वोल्टेज की समस्या के चलते लोग गर्मी में सो नहीं पा रहे हैं। पंखे, कूलर धीमे चलने से गर्मी में छोटे-छोटे बच्चे बिलबिला रहे हैं। वहीं रात में अचानक तेज वोल्टेज आ जाने से तमाम लोगों के कूलर पंखे फुंक गए हैं। रात में हैंडपंप से टुल्लू लगाकर पानी खीचने पर टुल्लू भी जल गए, जिससे लोगों में बिजली विभाग के प्रति खासा गुस्सा दिखाई दे रहा है।

गौरतलब है कि पिछले एक सप्ताह से जिले में गर्मी पूरे शबाब पर है। आसमान से बरस रही आग और गर्म हवाओं के चलते जहां लोगों का बुरा हाल हो गया, वहीं दूसरी तरफ लू शाम को सात बजे तक चलने से लोग सारा दिन गर्मी से बचने के लिए घरों में कैद हैं। इतना नही नहीं भीषण गर्मी और लू की चपेट में आने से आएदिन लोगों की मौत हो रही है। जिला प्रशासन द्वारा हीटवेव से बचाव के लिए सलाह दी जा रही है, इसके बाद भी मौतों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। वहीं बिजली की कटौती और कम वोल्टेज की समस्या आग में घी डालने का काम कर रही है।


छत पर धूप में रखीं पानी की टंकियां। अमृत विचार

इस साल की गर्मी ने पिछले कई सालों के रिकार्ड तोड़ दिए हैं। स्थिति यह है कि सुबह नौ बजे से गर्म हवाएं चलने लगती हैं साथ ही चिलचिलाती धूप लोगों के लिए मुसीबत बन गई है। गर्मी और लू के शिकार हो रहे लोगों को देखते हुए अब तमाम लोग घरों में दुबके रहते हैं। अति आवश्यक कार्य करने पर सिर पर अंगौंछा और टोपी लगाकर निकल रहे हैं। गर्मी बढ़ने से सारा दिन बाजारों में भी सन्नाटा रहता है। शाम को सात बजे के बाद थोड़ी चलह पहल बढ़ती है।


ट्रांसफार्मर में पानी का छिड़काव करते बिजली कर्मी। अमृत विचार

### ओवरहीट ट्रांसफार्मरों पर विभाग कर रहा पानी का छिड़काव

- ऑयल, वाईंडिंग का तापमान कम करने का प्रयास

**महोबा।** जिले में भीषण गर्मी से जहां आम आदमी हलाकान हैं, वही ओवर हीट, के चलते बिजली उपकेंद्रों में लगे ट्रांसफार्मर बढ़ते तापमान के चलते अधिक गर्म हो रहे हैं, जिससे बिजली व्यवस्था पर विपरीत असर पड़ रहा है और गर्मी और ओवरहीट के चलते यह ट्रांसफार्मर ठीक से काम नहीं कर रहे हैं, जिसका खामियाजा जिले वासियों को भुगतना पड़ रहा है। ट्रासफार्मरों को गर्म होने की समस्या को देखते हुए बिजली विभाग ने शहर के कीरत सागर, कुलपहाड़ और कबरई बिजली उपकेंद्रों में ओवरहीट ट्रांसफार्मर को ठंडा करने के लिए उन पर पानी का छिड़काव कराया जा रहा है। बिजली विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ओवरहीटिंग की समस्या से निपटने के लिए बिजली विभाग ने एक अनोखा और अस्थायी उपाय अपनाया है, जिसके तहत कुलपहाड़, कबरई और शहर के कीरत सागर विद्युत उपकेंद्रों में ओवरहीटेड ट्रांसफार्मरों की कुलिंग के लिए संबंधित स्टाफ बाल्टियों और पाइपों से ट्रांसफार्मरों के रेडिएटर में पानी डालकर ऑयल और वाईंडिंग का तापमान कम करने का प्रयास किया। इस उपाय से ट्रांसफार्मरों के तापमान को नियंत्रित करने और उन्हें सुचारू रूप से चलाने में मदद भी मिली है। अधिकारियों ने कहा कि उपभोक्ताओं का सहयोग भी अत्यंत आवश्यक है, जिससे विद्युत उपकरणों पर अत्यधिक लोड न पड़े और ट्रांसफार्मरों की कार्य क्षमता बनी रहे।

### दो महीने से दिन में भी जल रही हैं स्ट्रीट लाइटें

**महोबा।** जिले में जहां बिजली की गर्मी के चलते किल्लत बढ़ गई है, वही बिजली विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों की उदासीनता के चलते स्ट्रीट लाइटों के खंभो पर दिन रात बल्व जल रहे हैं। स्ट्रीट लाइटों को बझाने की जिम्मेदार अपनी ड्यूटी नहीं निभा रहे है, जिससे बिजली की बर्बादी हो रही है साथ ही सरकार पर राजस्व का भी बोझ बढ़ रहा है।

मालूम हो कि आज कल सड़कों पर शाम से बिजली जलना शुरू होती है और पूरी रात स्ट्रीट लाइट जलने के बाद भी कर्मचारियों द्वारा खंभो की लाइटे बंद नहीं की जाती है, जिससे दिन रात बिजली की बर्बादी हो रही है। करीब दो माह से स्ट्रीट लाइट कई मोहल्लों में दिन रात जल रही है, इसकी जानकारी भी बिजली विभाग के अधिकारियों को दी गई, लेकिन कोई सुनाई नही हुई। साहित्यकार संतोष पटेरिया ने बिजली विभाग द्वारा बरती जा रही लापरवाही पर असंतोष जताया है।

# मालगाड़ी के इंजन में गर्मी से चालक बेहोश

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जिले में दिन प्रतिदिन बढ़ रहे तापमान और हीटवेव के चलते गुरुवार को ट्रेन के एक लोको पायलट की महोबा रेलवे स्टेशन पर गर्मी के चलते तबियत बिगड़ गई। उल्टी और चक्कर आने के कारण वह इंजन के अंदर अचेत होकर गिर गया। रेलवे कर्मचारियों की सूचना पर एम्बुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। लोको पायलट की अचानक तबियत बिगड़ने से मालगाड़ी रेलवे स्टेशन महोबा में ही देर तक खड़ी रही। बाद में दूसरे लोको पायलट के आने पर मालगाड़ी को बांदा के लिए रवाना किया गया।

बुंदेलखंड में तापमान अधिक होने के कारण लोगों का बुरा हाल है। वही रेल और मालगाड़ी चलाने वाले पायलट को आसमान से बरस रही आग के बढ़ते तापमान के साथ साथ इंजन के तापमान से जूझ रहे हैं। इसी के चलते झांसी से मालगाड़ी लेकर जा रहे लोको पायलट विनोद कुमार जैसे ही महोबा रेलवे स्टेशन मालगाडी लेकर पहुंचे वैसे ही बढ़े तापमान की चपेट में आकर इंजन के उल्टी करते हुए अंदर ही गिरकर बेहोश हो गया। उसके साथी ने तत्काल एम्बुलेंस बुलाकर उसे जिला अस्पताल महोबा पहुंचाया, जहां पर डाक्टरों ने उसे भर्ती कर उपचार शुरू किया।

उसके साथी ने बताया कि महोबा जिले के रेलवे स्टेशन कुलपहाड़ में मालगाड़ी पहुंचते ही पायलट की हालत अचानक बिगड़ने लगी, जिससे कुलपहाड़ में मालगाड़ी को खड़ा कर दिया, कुछ हालत में सुधार होने के बाद मालगाड़ी को आगे बढ़ाया गया, लेकिन महोबा स्टेशन में वह बेहोश होकर गिर गया, जिससे उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### टंकियों में गर्म पानी

**महोबा।** गुरुवार को तापमान 46 .7 डिग्री के पार पहुंच गया है, जिससे घर, प्रतिष्ठान, कार्यालय सब तपते रहे। कार्यालयों में रखी कुर्सियां इतनी गर्म हो गई कि उनमे बैठना मुश्किल हो गया। वहीं दूसरी तरफ मकानों की छतों पर रखी टकियों का पानी आज-कल गर्म है, जिससे लोग वॉशरूम जाने औन नहाने धोने में टंकियों का पानी इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं। टंकियों का पानी गीजर के गर्म पानी की तरह निकल रहा है। लोगों ने टंकियों के ऊपर बोरे फट्टे बांध दिए हैं।

# शातिरों ने दो लोगों के पैसों से भरे बैग उड़ाए

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- पीड़ितों ने पुलिस को दी घटना की सूचना

**अमृत विचार।** जिले के अलग अलग स्थानों पर टप्पेबाजों ने दो लोगों को अपना शिकार बनाते हुए करीब लाख रुपये लेकर चंपत हा गए। पीड़ितों द्वारा काफी खोजबीन की गई पर वह फरार हो चुके थे। हताश होकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पूछताछ की, लेकिन टप्पेबाजों का सुराग नही लग सका।

विकासखंड जैतपुर के ग्राम ड्योढ़ीपुरा निवासी बालकिशन ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह गल्ला मंडी जैतपुर में आढ़त की दुकान किए हुए है और किसानों द्वारा मंडी में लगाई गई गेहूं, चना, मटर आदि फसल को खरीदने के लिए देख रहा था, तभी एक युवक आया और हाथों से एक लाख रुपये रखे बैग पर झपटा मारा और भीड़ का फायदा उठाते हुए दूर खड़े साथी के साथ बाइक पर बैठकर भाग गया। काफी खोजबीन के बाद भी उक्त चोरो का पता नहीं लगा और पुलिस को सूचना दी गई। जैतपुर चौकी इंजार्च उपनिरीक्षक धर्मेंद्र कुमार ने सूचना मिलते ही मंडी में मौजूद लोगों से पूछताछ शुरूकर जांच शुरू कर दी है।


गल्ला मंडी में खड़ा पीड़ित आढ़ती।

इसी प्रकार कोतवाली कुलपहाड़ के ग्राम मुढ़ारी निवासी रमेश मिश्र ने बताया कि वह भूमि की रजिस्ट्री कराने के लिए कुलपहाड़ की तहसील के रजिस्ट्रार कार्यालय आया हुआ था। समय लगने के कारण वह तहसील से बाहर आया और भूख लगने पर वह चाट ठेलिया पर पहुंचा। हाथों में एक लाख तीस हजार रुपये रखे बैग को ठेलिया पर रखकर चाट खाने लगा। तभी किसी टप्पेबाज ने पैसे से भरा बैग गायब कर दिया। काफी खोजबीन के बाद भी चोरो का सुराग न लगने पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस द्वारा मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### लोक कवि फूल सिंह का हुआ निधन

**महोबा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिकहरा के लोक कवि फूल सिंह राजपूत का 102 वर्ष की आयु में निधन हो गया। लोक कवि की चौकड़ियां मशहूर रहीं। साहित्यकार संतोष कुमार पटैरिया, आशाराम त्रिपाठी, सुनील मिश्रा, राजेंद्र त्रिपाठी, आल्हा गायक वंशगोपाल राजपूत सहित भारी संख्या में लोगों ने लोक कवि को अंतिम विदाई दी।

दो साल पहले लोक कवि की जन्म शताब्दी भव्य रुप से मनाई गई थी। उनके घर में पुस्तकालय बना हुआ है। लोक कवि के ज्येष्ठ पुत्र सुघर सिंह राजपूत ने मुखाग्नि दी। इस मौके पर भ्रमण सेवा संस्थान के सभी पदाधिकारियों ने लोक कवि को भावभीनी श्रृद्धांजलि अर्पित की। उनके निधन पर साहित्यकारों और कवियों ने गहरा दुख प्रकट किया।

# नाला साफ न होने से मुख्य बाजार के दुकानदार परेशान

संवाददाता, पनवाड़ी-महोबा

- डीएम को शिकायती पत्र देकर बारिश से पहले नाला साफ कराने की मांग

**अमृत विचार।** कस्बे के मुख्य बाजार से निकले नाले की साफ सफाई न होने से पानी की निकासी नहीं हो पा रही, जिससे नाला गंदगी से पटा पड़ा है। नाला में एकत्र गंदगी और पानी की बदबू से बाजार आने जाने वाले ग्रामीणों के साथ दुकानदारों और वहां निवास करने वाले लोगों का जीना दूभर हो गया है। नाले की सफाई न किए जाने से गर्मी के इस मौसम में लोगों में संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। दुकानदारों ने डीएम को शिकायती पत्र देकर बारिश से पूर्व नाला सफाई कराए जाने क मांग की है।


गंदगी से पटा बाजार का नाला। अमृत विचार

कस्बा पनवाड़ी में विगत कुछ साल पहले क्षेत्र पंचायत निधि से मैन बाजार के समीप नाला निर्माण कराया गया था, लेकिन जिम्मेदारो की सांठगांठ के चलते नाले के क्षेत्रफल को कम करते हुए निर्माण करा दिया गया था, जिसके चलते एक साल में ही नाले की साफ सफाई न किए जाने नाले कूड़ा करकट, कीचड़ से चलते चोक हो गया और नाले की गंदगी और पानी से आ रही गंद लोगों के लिए मुसीबत बनकर रह गई है। इतना ही नहीं भीषण गर्मी के चलते नाले से और अधिक बदबू आ रही है, जिसस बाजार करने आने वाले ग्रामीणो के साथ साथ यहां के करीब एक सैकड़ा दुकानदारों के साथ साथ बाजार में निवास करने वालों को संक्रामक बीमारी उत्पन्न होने का भय सताने लगा है। दुकानदारों ने बताया कि सबसे ज्यादा दिक्कत बारिश के मौसम में उठानी पड़ती है, क्योंकि नाले में कीचड़ और गंदगी के चलते पानी की निकासी नहीं हो पाती है और नाले का गंदा पानी आसपास बनी जनरल स्टोल, किनारा स्टोर, रेडिमेट व कपड़ों सहित तमाम दुकानों में पानी भर जाता है, जिससे दुकानदारों को लाखो रुपये का नुकसान उठाना पड़ता है। बताया कि नाले के पानी से बर्बाद हुए दुकान के सामान की प्रशासन द्वारा मुआवजे दिए जाने की मांग भी की गई। कस्बे के मैन बाजार दुकानदारों ने डीएम को शिकायती पत्र देकर बारिश पूर्व नाला सफाई कराए जाने की मांग की है।

# शिक्षक समस्याएं हल न होने पर आंदोलन

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- प्राथमिक शिक्षक संघ ने सौंपा लेखाधिकारी को ज्ञापन

**अमृत विचार।** परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों की समस्याओं को लेकर प्राथमिक शिक्षक संघ लेखाधिकारी बेसिक को समस्याओं के निराकरण के लिए ज्ञापन सौंपा। साथ ही चेतावनी दी कि यदि शिक्षकों की समस्याओं का चार जून तक निस्तारण नहीं किया गया तो शिक्षक संघ शांत नहीं बैठेगा। ज्ञापन में बताया कि अध्यापकों द्वारा कई बार संगठन को भी अवगत कराया गया इसके बाद भी शिक्षकों की संवेदनशील समस्याओं का लेखा कार्यालय से निस्तारण नहीं हो पा रहा है, जिससे शिक्षकों में आक्रोश पनप रहा है।

प्राथमिक शिक्षक संघ के कबरई ब्लाक अध्यक्ष भगत सिंह राजपूत, मंत्री दयाराम वर्मा के नेतृत्व में गुरूवार को लेखाधिकारी बेसिक को सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि शिक्षकों द्वारा बेसिक शिक्षा की सोसायटी के जरिए लोन फार्म भरे जाते हैं। उन फार्मों को अनावश्यक रुप से रोक रखा है।

# महिला अस्पताल में मरीजों को फल व जूस बांटा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- हिंदी पत्रकारिता दिवस पर प्रेस क्लब के नेतृत्व में वितरण

**अमृत विचार।** हिंदी पत्रकारिता दिवस पर गुरुवार को प्रेस क्लब के तत्वावधान में महिला जिला अस्पताल में मरीजों और तीमारदारों को फल और जूस वितरित किया गया। फल जूस पाकर खासकर गरीब मरीज खुश दिखाई दिए। फल वितरण की कार्यक्रम की शुरुआत महिला जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्साधीक्षक एसपी सिंह राजपूत और सर्जन एसके वर्मा की मौजूदगी में हुआ ।

हिंदी पत्रकारिता दिवस के मौके पर प्रेस क्लब अध्यक्ष संजय मिश्रा के नेतृत्व में सभी पत्रकारों ने सुबह दस बजे से महिला चिकित्सालय पहुंचकर डाक्टरों के साथ एक के बाद एक वार्ड में जाकर फल जूस वितरण कार्य शुरू किया, जो 11 बजे तक चलता रहा। सभी वार्ड में भर्ती मरीजों को एक एक करके भीषण गर्मी के मौसम में जूस और फल वितरित किए गए। वार्डों में फल वितरित करने के बाद अस्पताल में बेटिंग रूम में बैठे मरीजों और तीमारदारों को भी फल वितरित किए गए, जिससे अंस्पताल में फल लेने के लिए मरीजों की भारी भीड़ जुटी।


महिला जिला अस्पताल में फल वितरित करते पत्रकार। अमृत विचार

फल वितरण कार्यक्रम के मौके पर महिला जिला अस्पताल के सीएमएस ने कहा कि भीषण गर्मी हिन्दी पत्रकारिता दिवस के मौके पर प्रेस क्लब द्वारा मरीजों को जूस और वितरित करके एक पुनीत कार्य किया है। गर्मी को देखते हुए समाजसेवियों और लोगों को भी मरीजों को जूस वितरित किया जाना चाहिए। इस मौके पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष ने कहा कि हिन्दी पत्रकारिता दिवस के मौके पर प्रेस क्लब हर साल गरीबों, यतीमों को फल वितरित करने के साथ साथ अनाथालय के बच्चों को भोजन भी कराया जाता है।

# गर्मी और लू से एक दर्जन लोगों की हुई मौत

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** गुरुवार को लू और तेज धूप की चपेट में आने से एक दर्जन लोगों की मौत हो गई।

गुरुवार को जिला अस्पताल में लू से पीड़ित हबीब अहमद (60) निवासी बेलाताल, मलखान (65) निवासी टिकरी खरेला, रानी (60) पत्नी मैयदीन निवासी नैकानापुरा महोबा, आशाराम (70) निवासी ग्राम तमौरा खन्ना, गुलाब (50) निवासी कुड़ार खरेला, खुम्मी (60) निवासी ग्राम शाहपहाड़ी, प्रेमा (55) पत्नी दुर्गा निवासी ग्राम चिचरा खन्ना, लच्छी (65) पत्नी नत्थू निवासी ग्राम कैथोरा जिला छतरपुर, दो वर्षीय निखिल पुत्र विनोद निवासी ग्राम करहराकला, आठ माह की मोहिनी पुत्री बरदानी निवासी ग्राम गंज, परमलाल (50) निवासी जंटपुरा पनवाड़ी व लाला (50) निवासी ग्राम बरभौरी खन्ना की मौत हो गई। वहीं लू से दृगदास (70) कुलपहाड़, ज्ञानवती (50) पत्नी हरी निवासी कुम्हडौरा को मेडिकल कालेज झांसी रेफर किया गया। अधिकतम तापमान 46.7 डिग्री व न्यूनतम तापमान 34.2 डिग्री सेल्सियस रहा।

लोकसभा चुनाव | प्रशिक्षण में विस्तार से मतदान कार्मिकों को दी गई जानकारी

# मतगणना को लेकर 152 कार्मिकों को दिया गया प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जिले में 20 मई लोकसभा चुनाव का मतदान संपन्न होने के बाद मतगणना की तैयारियों में प्रशासन जुट गया है। इसी को लेकर उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम प्रकाश की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में 38 मतगणना पार्टी के 152 कार्मिकों ने प्रतिभाग किया। मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण में मतगणना प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी गई, जिससे वह अपने कार्य को बिना किसी व्यवधान के संपन्न कर लोकसभा की मतगणना कार्य को पूर्ण कर सके।

प्रशिक्षण दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि एक मतगणना पार्टी में मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक, अतिरिक्त मतगणना मतगणना सहायक एवं माइक्रोआब्जर्वर तैनात रहेंगे। प्रशिक्षण के दौरान कार्मिकों को संपूर्ण मतगणना प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी गई, जिसमें सभी को अवगत कराया गया कि स्ट्रांग रूम से मशीन, काउंटिंग टेबल पर आने पर सर्वप्रथम मतगणना अभिकर्ताओं को दिखाएं कि यह मशीन उसी बूथ की है जिस पर मतदान हुआ है। कंट्रोल यूनिट की सभी सील को तोड़ने से पहले मतगणना अभिकर्ताओं को अवश्य दिखाएं, इसके उपरांत टोटल का बटन दबाकर मशीन के टोटल को मतपत्र लेखा 17सी से मिलान करें तथा स्वयं संतुष्ट होने के बाद अभिकर्ताओं को भी दिखाएं। इसके उपरांत रिजल्ट सेक्शन में जाकर रिजल्ट का बटन दबाए तथा उम्मीदवार वार परिणाम 17सी भाग 2 पर नोट करें एवं सभी उम्मीदवारों के मतों का टोटल करने के उपरांत इस टोटल को मतपत्र लेखा से मिलान करें। यदि कोई मशीन ऑन नहीं होती है अथवा मशीन से संबंधी कोई और समस्या होती है तो एआरओ को सूचित करते हुए आगामी कार्यवाही करें।


जानकारी देते उप जिला निर्वाचन अधिकारी।


प्रशिक्षण लेते मतगणना कार्मिक। अमृत विचार

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि काउंटिंग के दौरान लैपटॉप, मोबाइल फोन, चार्जर, स्मार्ट वॉच, केलकुलेटर एवं अन्य कोई भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण साथ में लेकर नहीं आएंगे। मतगणना तिथि दिनांक 4 जून सुबह छह बजे सभी मतगणना कार्मिक प्रत्येक दशा में मतगणना स्थल राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज महोबा पर उपस्थित होकर कार्मिक पंडाल में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। प्रशिक्षण के समय उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम प्रकाश ने मतगणना कार्मिकों से कहा कि मतगणना का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसमें सावधानी पूर्वक कार्य करें, किसी प्रकार की त्रुटि न होने पाए। सभी मतगणना कार्मिक प्रशिक्षण में मतगणना कार्य को भली भांति पूर्वक समझ ले। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी व प्रभारी अधिकारी कार्मिक चित्रसेन सिंह, डिप्टी कलेक्टर मृत्युंजय मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# मतगणना स्थल पर पानी की व्यवस्था करें

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्ट्रांग रूम के साथ मतगणना की तैयारी का लिया जायजा

**अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की मतगणना प्रक्रिया सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराये जाने के दृष्टिगत गुरुवार को जिला निर्वाचन अधिकारी मृदुल चौधरी ने मतगणना स्थल राजकीय पॉलिटेक्निक में बनाए गए स्ट्रांग रूम के साथ-साथ 4 जून को होने वाली मतगणना की तैयारी का जायजा लिया तथा मतगणना को निर्वाचन आयोग के निर्देशो के अनुपालन सुनिश्चित करते हुए सकुशल संपन्न करानें के लिए की जा रही विभिन्न तैयारी से संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना कार्मिको, विभिन्न प्रत्याशियों एवं उनके एजेंटों तथा पत्रकारों के बैठने की व्यवस्था व उपयुक्त स्थल पर वाहन पार्किंग का स्थान निर्धारित करने व उनकी मतगणना स्थल तक आने के लिए प्रवेश द्वार निर्धारित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने नियमानुसार उपयुक्त स्थल पर मतगणना कार्मिको एवं एजेंटों के मोबाइल को रखने के लिए भी व्यवस्था करने के निर्देश दिए। गर्मी के दृष्टिगत छाया, पेयजल की व्यवस्था के साथ ही उपयुक्त स्थल पर टॉयलेट की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।


मतगणना स्थल का जायजा लेते जिला निर्वाचन अधिकारी मृदुल चौधरी। अमृत विचार

जिला निर्वाचन अधिकारी ने टॉयलेट व परिसर में नियमित सफाई व्यवस्था भी सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त सफाई कार्मिक लगाने जाने के अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया गया। उन्होंने मतगणना स्थल पर मतगणना की समस्त तैयारियों को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना स्थल पर कम्युनिकेशन कक्ष, मीडिया सेंटर, दीर्घा की व्यवस्था करने के साथ साथ सुरक्षा जांच के लिए प्रत्येक एंट्री पॉइंट पर पुलिसकर्मी तैनात करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम प्रकाश, उपजिलाधिकारी सदर जितेन्द्र सिंह सहित तमाम अधिकारी मौजूद रहे।

# जिले में लू से हुईं छह मौतें, प्रशासन का इंकार

## आसमान से बरस रही आग, जिला प्रशासन बार-बार एडवाइजरी जारी कर लोगों को दे रहा चेतावनी

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**46** डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान

**32** डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान

**अमृत विचार।** आसमान से बरसती आग से बचाव के लिए तमाम चेतावनी जारी की जा रही है। लेकिन खेतों में कामकाजी किसान व मजदूरों को जाना ही पड़ता है। क्षेत्र में ऐसे ही छह लोगों की गुरुवार को लू लगने से मौत हो गई। हालांकि प्रशासन इन मौतों को लू से नहीं होना बता रहा है। जिले में अधिकतम तापमान 46 डिग्री व न्यूनतम 32 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



रामबाई।

विकासखंड के बम्हरौली गांव निवासी किसान जागेश्वर पाल (65) पुत्र शिवकुमार भैंस चराने गया था। लू के बीच वहीं चक्कर आने से गिरकर मौत हो गई। सूचना पर उप जिलाधिकारी राजेश चंद्र पाल मौके पर जांच के लिए पहुंचे और पोस्टमार्टम कराने को कहा, लेकिन परिजन इसके लिए तैयार नहीं हुए। एसडीएम से लू लगने से मौत से इनकार किया। उधर किसवाही गांव में बुधवार को एक प्रसूता सुखिया (25) पत्नी जितेंद्र दोपहर बाद शौच के लिए घर से निकली तभी उसकी हालत खराब हो गई। पति ने कहा कि बुखार आया और मौत हो गई। इसी तरह क्षेत्र के भुलसी निवासी देवीदीन (75) पुत्र पंचा की हालत 28 मई को शाम 5 बजे हालत खराब हुई थी। तब उसे इलाज के लिए कानपुर हैलट ले गए। जहां बुधवार शाम उसकी मौत हो गई। उसके बेटे काली प्रसाद ने बताया कि पिता की लू लगने से मौत हुई है। जबकि बिवांर थाना क्षेत्र के भुगैचा गांव निवासी गया प्रसाद पाल (70) पुत्र भूरापाल अपने जानवर चराने गया था। देर शाम तक वापस नहीं आया। तो उसके पुत्र भोगीलाल व कामता खेत पहुंचे तो देखा कि पिता की मौत लू लगने से हो गई। इसी तरह खड़ेही लोधन गांव की शोभारानी पत्नी किशोरीलाल बुधवार को लकड़ी लेने गई थी। पति ने बताया दिन के तीन बजे घर आई और पानी पिया उल्टी हुई। जमीन पर गिर गई और मौत हो गई। स्थानीय प्रशासन ने लू से मौत से इनकार किया।

सुमेरपुर प्रतिनिधि के अनुसार, टेढ़ा गांव निवासी रामस्वरूप कुशवाहा की पत्नी रामबाई (70) बुधवार को भैंसों को लेकर खेतों में चराने गई थी। शाम को गांव लौट रहे चरवाहों ने वृद्धा को खेतों में पड़ा देखकर परिजनों को सूचित किया। सूचना पाकर मृतका के पुत्र बरदानी, देवकरन आदि मौके पर पहुंचे और शव को उठाकर गांव लाये। मृतका के पुत्र देवकरन ने बताया कि मां की मौत लू लगने से हुई है। गुरुवार को गांव में अंतिम संस्कार किया गया। ग्राम प्रधान नोखेलाल आदि ने मृतका के घर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना प्रदान की। क्षेत्र में लू की चपेट में आकर मरने वालों की संख्या तीन हो चुकी है।



राठ में नवनिर्मित वाटर पार्क। अमृत विचार

### एकमात्र वाटरपार्क लोगों को पहुंचा रहा राहत

**राठ (हमीरपुर)।** नगर के महोबा रोड स्थित गल्ला मंडी के सामने स्थित नगर का एक मात्र वाटर पार्क लोगों को इस भीषण गर्मी में राहत पहुंचा रहा है। जिससे इस समय यह वाटर पार्क बच्चों बूढ़ों व महिलाओं से गुलजार है। नौतपा से इस समय नगर क्षेत्र में लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। इस भीषण गर्मी में घरों में लगे कूलर, पंखा व एसी तक ने काम करना बंद कर दिया है। जिससे घरों में रहने वाले बच्चे बूढ़े व महिलाएं गर्मी से बिलबिला रहे हैं। इसके साथ ही अभी तक नगर क्षेत्र में लगभग पचास किमी की रेंज में कोई वाटर पार्क न होने पर लोगों को मजबूरी में होना पड़ रहा था। लेकिन अब गल्ला मंडी के सामने वाटर पार्क बनकर तैयार हो जाने पर नगर व क्षेत्र के लोग भारी संख्या में वहां पहुंच पार्क में मौज मस्ती कर गर्मी से राहत पा रहे हैं। नगर के मोहल्ले मियांपुरा निवासी सुनील सर्राफ ने बताया कि लोगों की समस्या को देखते हुए उन्होंने समृद्धि वाटर पार्क का निर्माण कराया है। जिसमें बच्चों, महिलाओं आदि की तैराकी व देखभाल संबंधी सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

# बैक करते ट्रैक्टर खाई में गिरा चालक की मौत

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली के स्यावरी गांव में ट्रैक्टर बैक करने के दौरान एक गहरे गड्ढे में पलट गया। इसमें सवार चालक की मौत हो गई। उसके साथ बैठा छोटा भाई घायल हो गया। वहीं बताया जाता है कि स्यावरी गांव में हो रहे मिट्टी के अवैध खनन के दौरान करीब 80 फीट गहरी खाई बन गई है। जिसमें ट्रैक्टर पलटने की घटना हुई।

स्यावरी गांव निवासी परिजनों ने बताया कि बुधवार रात हरगोविंद अपने छोटे भाई मुन्नी उर्फ सुखनंदन खेत की जुताई कर वापस गांव लौट रहे थे। गांव के एक स्थान पर मिट्टी खनन के दौरान हुए गड्ढे में ट्रैक्टर बैक करने के दौरान पलट गया। जिससे ट्रैक्टर चला रहे हरगोविंद की दबकर मौत हो गई। बताया जाता है कि रात में स्यावरी गांव में अवैध मिट्टी का खनन होता है। बताया कि बुधवार रात हरगोविंद ट्रैक्टर से खेत जोतकर घर लौट रहा था। तभी मिट्टी खनन स्थल के पास बैक करने के दौरान ट्रैक्टर गहरी खाई में जाकर पलट गया। जिससे नीचे दबने से उसकी मौत हो गई। जबकि उसका भाई मुन्नी घायल हो गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

## सार-संक्षेप



हाईवे में आड़ा-तिरछा खड़ा क्षतिग्रस्त ट्राला। अमृत विचार

### ट्राला व ट्रैक्टर में हुई भिड़ंत, ट्राला चालक घायल

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** कस्बे के शिवानी पैलेस के पास हाईवे पर टैक्टर और ट्राला में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जिससे ट्राला पूरे हाईवे पर आड़ा तिरछा खड़ा हो गया। इसका चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना के बाद हाईवे पर जाम लग गया और दोनों तरफ लंबी कतार लग गई। पुलिस ने हाइड्रा लाकर ट्राला को एक तरफ हटवाया तब करीब डेढ़ घंटे बाद जाम खुल सका। कस्बे के शिवानी पैलेस के पास सुबह करीब पौने दस बजे कानपुर की तरफ से आ रहे ट्राला का मुख्यालय की ओर जा रहे ट्रैक्टर से आमने सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसे ट्राला हाईवे पर आड़ा तिरछा खड़ा हो गया। इसकी केबिन क्षतिग्रस्त होने से चालक श्याम गुरमीत (37) निवासी लखीमपुर खीरी गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए सदर भेजा गया। ट्राला के आड़ा तिरछा खड़ा हो जाने से हाईवे पर जाम लगा। करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने हाइड्रा बुलाकर जाम खुलवाया। जाम में दोनों तरफ सैकड़ों की संख्या में वाहन फंसे रहे।



धूप में दूसरी बस का इंतजार करते यात्री।

### महोबा डिपो की बस के पहिये जाम, यात्री हुए परेशान

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** कस्बे के तपोभूमि पुल में हाईवे पर महोबा डिपो के बस के पहिए जाम हो गए। जिससे बस पुल पर ही खड़ी हो गई। काफी इंतजार के बाद पीछे आई दूसरी बस से यात्रियों को गंतव्य की ओर रवाना किया गया। कस्बे के तपोभूमि के पास पुल पर कानपुर की ओर जा रही महोबा डिपो की बस पहिये अचानक जाम हो गए। जिससे यह अचानक बीच सड़क पर ही खड़ी हो गई। उसमें सवार यात्री चिलचिलाती गर्मी में बस से उतरकर सड़क पर खड़े हो गए। और काफी देर इंतजार के बाद पीछे से आई दूसरी बस में इन सवारियों का बैठाकर गंतव्य की ओर रवाना किया गया। यात्रियों का कहना था कि जब बस को रवाना करने के पहले डिपो के कार्यशाला में चेक किया जाता है तो रास्ते मे कैसे खराब हो जाती है। यात्रियों का कहना था कि नाममात्र के लिए कार्यशाला में बस भेजी जाती है और चेक करने के नाम पर मनमानी बिल बनाकर कर्मचारी अपनी जेबें भरते है।

### घर में घुसकर नकदी व मोबाइल ले गए चोर

**राठ।** कस्बे के चरखारी रोड स्थित महावीर मंदिर के पास चोरों ने घर में घुसकर पेंट की जेब से 80 हजार रुपये और मोबाइल फोन पार कर दिया है। घटना के बाद पीड़ित व्यक्ति ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। चरखारी रोड सिकंदरपुरा महावीर मंदिर निवासी गंगाराम कुशवाहा ने बताया कि चोर छत से चढ़कर मकान के अंदर घुस आए। अलमारी के अंदर रखे पैंट की जेब से 80 हजार रुपये और मोबाइल फोन चोरी करके ले गए। सुबह जब जागे तो अलमारी से रुपये गायब थे। बताया कि मोहल्ले में एक दुकान पर शराब बिक रही है। 12 बजे रात तक लोगों की भीड़ लगी रहती है। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

### युवक ने मजदूर को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**राठ।** कोतवाली क्षेत्र के स्यावरी गांव में एक दबंग ने मजदूरी कर घर लौटे एक मजदूर के साथ गाली गलौज कर जमकर पिटाई कर दी। घटना के बाद पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दे आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली क्षेत्र के स्यावरी गांव के निवासी शंकर पुत्र स्वामीदीन ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह कस्बा से मजदूरी कर वापस अपने घर लौटा था। तभी उसके गांव का राजेश उसके साथ गाली गलौज कर दबंगई करने लगा। बताया कि जब उसने गाली गलौज करने का विरोध किया तो दबंग आरोपी ने उसके साथ बेरहमी से मारापीटा।

### मामूली विवाद में युवक ने दंपति के साथ की मारपीट

**राठ।** चिकासी थाना क्षेत्र के मंगरौठ गांव में मामूली विवाद के चलते दबंगों ने घर में घुसकर दंपति के साथ गाली गलौज करते हुए उनकी जमकर पिटाई कर दी। घटना के बाद पीड़ित व्यक्ति ने चिकासी थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। चिकासी थाना क्षेत्र के मंगरौठ गांव के निवासी राजनारायण पुत्र श्रीपत सहाय ने चिकासी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि गांव के ही दीपेंद्र, महेंद्र, और कपिल ने अपने साथियों के साथ मिलकर मामूली विवाद के चलते उसके घर में घुसकर उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। बताया कि उसके साथ मारपीट होती देखकर जब उसकी पत्नी उसे बचाने के लिए दौड़ी तो दबंगों ने उसे भी पीट दिया। बताया कि उसने चिकासी थाने में लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है।

### महिला ने पति के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

**कुरारा।** थाना क्षेत्र के बेरी गांव में पति द्वारा पत्नी के साथ मारपीट करने पर पीड़िता ने अकारण गाली गलौज मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना क्षेत्र के बेरी गांव निवासी कुसुम पत्नी सुशील कोरी ने थाने में दी तहरीर में बताया कि वह अपने पति के साथ दिल्ली में रहती थी। बीते 17 मई को पति शराब पीकर आए और अकारण गाली गलौज व मारपीट करने लगे। इसके बाद 27 मई को दिल्ली से कुरारा आए जहां कस्बे के बेरी तिराहे में पति द्वारा कुछ भी बताने पर गाली गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी, पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# क्षमता से 65 प्रतिशत अधिक लोड पर चल रहे हैं ट्रांसफार्मर

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी में लू का प्रकोप चरम पर है। यहां तापमान 46 तक पहुंच गया है। ऐसे में जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। मवेशियों से लेकर परिंदे तक जहां तहां दुबकने को मजबूर हैं। ऐसे वक्त में बिजली भी लगातार दगा दे रही है। फ्रीक्वेंसी डाउन होने की वजह से बिजली बार बार ट्रिप कर रही है। लोगों को लगातार बिजली उपलब्ध हो इसके लिए विद्युत विभाग ने ट्रांसफार्मरों को ठंडा रखने की कवायद शुरू कर दी है। यहां ट्रांसफार्मरों पर पानी का छिड़काव करने के साथ कूलर लगाकर उन्हें ठंडा किया जा रहा है। साथ ही बोरों को गीला कर के ट्रांसफार्मरों पर लपेटा जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी ट्रांसफार्मरों को ठंडा रखने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। पावर कारपोरेशन के अधिशासी अभियंता अनिल आहुजा ने बताया कि इस समय जिले में भीषण गर्मी पड़ रही है। ऐसे में बिजली की मांग बढ़ी है। ऐसे हालातों में सभी ट्रांसफार्मर 65 प्रतिशत एक्स्ट्रा लोड पर चल रहे हैं। जिसकी वजह से हीट में हो रहे हैं। ऐसे में कभी कभी विद्युत डिस्ट्रीब्यूशन प्रणाली सिस्टम ओवर लोड पर ट्रिप हो रही है। विद्युत विभाग के लाइन कर्मचारी एवम इंजीनियर रात दिन काम कर रहे हैं। उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति देने का प्रयास कर रहे हैं। 46 डिग्री सेल्सियस तापमान में भी लोहे के पोल पर चढ़ कर लाइन ठीक कर रहे हैं। ट्रांसफार्मर ठंडे रहें इसके लिए कूलर लगाकर ट्रांसफार्मरों को ठंडा रखने की कोशिश की जा रही है।



पावर हाउस में ओवरलोड के चलते ट्रिप करती मशीनों को देखते कर्मी। अमृत विचार

- ट्रांसफार्मरों को ठंडा करने के लिए लगाए गए कूलर

### ओवरलोडिंग कम करने में करें मदद

अधिशासी अधिकारी ने कहा कि अपने घर के सभी विद्युत उपकरण एक साथ न चलाएं। सबमर्सिबल पंप, वाशिंग मशीन, प्रेस इत्यादि उपकरण का प्रयोग सुबह छह से नौ बजे के बीच करें। एसी की टेप्रेचर सेटिंग 24 डिग्री रखें तथा टाइमर को भी सेट करें। एनर्जी एफिशिएंट विद्युत उपकरणों का प्रयोग करें। विद्युत वायरिंग ठीक रखें एवम अर्थिंग की जांच कर ठीक करा लें। मात्र सजावट/ दिखावे के लिए विद्युत की फिजूल खर्ची न करें। विद्युत की चोरी न करें और यदि आस पड़ोस में कोई विद्युत चोरी कर रहा है, तो इसकी सूचना विद्युत विभाग को दें।



सुमेरपुर पावर हाउस में रखा ट्रांसफार्मर। अमृत विचार

### इनकमिंग मशीन फुंकी, दो घंटे बाधित रही विद्युत आपूर्ति

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** पारा 46 डिग्री पहुंचने से जहां आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है, वहीं विद्युत उपकरण धड़ाम होने लगे हैं। वृहस्पतिवार को सुबह 10 बजे अत्यधिक लोड के चलते विद्युत सबस्टेशन में लगी इनकमिंग मशीन दो फुंक जाने से सुमेरपुर, धनपुरा, कैनाल फीडरों की आपूर्ति ठप हो गई। दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आपूर्ति बहाल हो सकी। वहीं हाईवे किनारे शिवानी पैलेस के समीप रखे ट्रांसफार्मर में खराबी आने से सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक आपूर्ति ठप रही। इससे मोहल्ले के लोग गर्मी से बिलबिलाते रहे। पावर हाउस के अवर अभियंता ने बताया कि ट्रांसफार्मर को देर शाम तक बदल दिया जाएगा।

# मतगणना कार्मिकों को दिया गया प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता हमीरपुर

**अमृत विचार।** लोक सभा चुनाव में मतगणना के लिए जिलाधिकारी राहुल पांडेय के निर्देशन एवं प्रभारी अधिकारी कार्मिक/सीडीओ चंद्र शेखर शुक्ला की उपस्थिति में नियुक्त कार्मिकों एवं पर्यवेक्षकों को विस्तृत प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया।

मतपत्रों की मतगणना में 152 कार्मिकों में सुपर वाइजर, माइको आब्जर्वर, सहायक एवं चतुर्थ सहायक व डाक मतपत्र में लगे 56 कार्मिकों सुबह 11 से एक बजे तक प्रशिक्षण दिया गया। वहीं द्वितीय पाली में अपरान्ह तीन से पांच बजे तक मतगणना सहायक (डाक मतपत्र) के कार्मिकों को कंट्रोल रूम में मतपत्रों की गिनती के लिए प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें सभी को अवगत कराया गया कि स्ट्रांग रूम से मशीन, काउंटिंग टेबल पर आने पर सर्वप्रथम मतगणना अभिकर्ताओं को दिखाएं कि यह मशीन उसी बूथ की है जिस पर मतदान हुआ है। कंट्रोल यूनिट की सभी सील को तोड़ने से पहले मतगणना अभिकर्ताओं को अवश्य दिखाएं, इसके उपरांत टोटल का बटन दबाकर मशीन को मतपत्र लेखा 17 सी से मिलान करें तथा स्वयं संतुष्ट होने के बाद अभिकर्ताओं को भी दिखाएं। इसके उपरांत रिजल्ट सेक्शन में जाकर रिजल्ट का बटन दबाएं तथा उम्मीदवार परिणाम 17 सी भाग दो पर नोट करें एवं सभी उम्मीदवारों के मतों का टोटल करने के उपरांत मतपत्र लेखा से मिलान करें। यदि कोई मशीन ऑन नहीं होती है अथवा मशीन से संबंधी कोई और समस्या होती है तो एआरओ को सूचित कर आगामी कार्यवाही करें। यह भी बताया गया कि काउंटिंग के दौरान लैपटॉप, मोबाइल फोन,चार्जर, स्मार्ट वॉच, केलकुलेटर एवं अन्य कोई भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण साथ में लेकर नहीं आएंगे। मतगणना कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण तीन जून को आयोजित किया जाएगा, इसमें प्रत्येक दशा में सभी मतगणना कार्मिक प्रतिभाग करना सुनिश्चित करेंगे। मतगणना चार जून को प्रातः छह बजे से मतगणना स्थल मंडी समिति पर उपस्थित होकर कार्मिक पंडाल में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। प्रशिक्षण में एडीएम न्यायिक डॉ नागेन्द्र नाथ यादव ने मतगणना कार्मिकों को प्रशिक्षित किया। वरिष्ठ कोषाधिकारी मनीष कुमार शुक्ला, डिप्टी कलेक्टर सुक्रमा प्रसाद विश्वकर्मा, बीएसए आलोक कुमार सिंह उपस्थित रहे।



मतगणना कार्मिकों को प्रशिक्षित करते सीडीओ। अमृत विचार

# शादी अनुदान के लिए 90.80 लाख का बजट हुआ जारी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- 454 लाभार्थियों का किया गया चयन

**अमृत विचार।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी हिमांशु अग्रवाल ने बताया कि पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित अन्य पिछड़े वर्ग (अल्पसंख्यक समुदाय को छोडकर) के गरीब व्यक्तियों की पुत्री की शादी अनुदान योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में जनपद को 454 लाभार्थियों के लिए 90.80 लाख का बजट जारी किया गया हैं। शादी अनुदान की राशि शासन द्वारा 20 हजार निर्धारित हैं। अनुदान प्राप्त करने के लिए विभागीय वेबसाइट https://shadianudan.upsdc.gov.in के माध्यम से आवेदन किया जा सकता हैं। योजना की अधिक जानकारी के लिए कार्यालय- जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, विकास भवन कुछेछा कमरा नंबर-104 से की जा सकती हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन के लिए निम्न शर्ते है। आवेदन शादी की तिथि से 90 दिन पूर्व या 90 दिन बाद तक ऑनलाइन किया जा सकता है। अन्य पिछड़े वर्ग के निर्धन व्यक्ति जिनकी वार्षिक आय ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में एक लाख से अधिक न हो। तहसीलदार द्वारा निर्गत पिता का आय प्रमाण पत्र एवं जाति प्रमाण पत्र (पिता की मृत्यु की होने की दशा में माता का आय एवं जाति प्रमाण पत्र)। शादी कार्ड प्रधान/ सभासद द्वारा प्रमाणित। वर एवं वधु का आधार कार्ड/उम्र का प्रमाण पत्र। आवेदक का आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति। आवेदक एवं पुत्री का मोबाइल नंबर आधार कार्ड से लिंक होना अनिवार्य है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद- राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक 223 / न0 पा0 प0– राठ / म्यु0सू0 / 2024–25/ दिनांक 27/05/2024

सूचना प्रकाशन

नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक/आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो | विक्रेता/भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | भवन सं0 | कर निर्धारण नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री अनिल कुमार सिंह पुत्र स्व0 बुलन्द सिंह | श्री सुनील सिंह व बलवीर सिंह पुत्रगण स्व0 बुलन्द सिंह व श्रीमती बीना जय फलकार पुत्री स्व0 बुलन्द सिंह पत्नी प्रदीप कुमार | मियांपुरा अतरौली | 09 | 146 | पैतृक सम्पत्ति |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद राठ, हमीरपुर

**कार्यालय नगर पालिका परिषद – राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक 218 / न0 पा0 प0– राठ / म्यु0सू0 / 2024–25/ दिनांक 27/05/2024

सूचना प्रकाशन

नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता/भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती रूबी देवी पत्नी रविन्द्र कुमार | श्री समीर अली पुत्र साबिर अली | लुधियातपुरा –1 | 06 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
राठ– हमीरपुर

**कार्रवाई** तीन शिक्षामित्रों की संविदा समाप्त करने के लिए ग्राम शिक्षा समिति व बीईओ को निर्देश

# चुनाव ड्यूटी से गायब रहे पांच मतदान कार्मिक किए गए निलंबित

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के अन्तर्गत मतदान दिवस 20 मई को मतदान कार्मिक के दायित्व का निर्वहन किए जाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल पांडेय के स्तर से विभिन्न स्तर के कर्मचारियों की निर्वाचन ड्यूटी लगाई गई थी। निर्वाचन ड्यूटी से गायब रहने पर एक प्रधानाध्यापक, दो सहायक अध्यापक, एक लिपिक व एक सफाई कर्मचारी के निलंबन की कार्रवाई की गई है। जबकि तीन शिक्षा मित्रों की संविदा समाप्त करने के लिए ग्राम शिक्षा समिति व बीईओ को निर्देशित किया गया है।

मुख्य विकास अधिकारी/ प्रभारी अधिकारी कार्मिक चंद्रशेखर शुक्ला ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में पुष्पा सचान प्रधान अध्यापक कन्या उप्रावि पौथिया, महिपाल सिंह सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय, देवराई का डेरा, प्रीति सहायक अध्यापक प्रावि सायर मौदहा, उत्तरा देवी शिक्षामित्र प्रावि दोहरी मुस्करा, मनोज कुमार सफाई कर्मचारी देवीगंज कुरारा, शशिकला शिक्षामित्र प्रावि कटेहरी सरीला एवं पुष्पेन्द्री शिक्षामित्र प्रावि दादा का तालाब गोहाण्ड व एक लिपिक की ड्यूटी लगाई गई थी। मतदान कर्मियों को 19 मई को मंडीस्थल सुमेरपुर में ड्यूटी पत्र तामील कराते हुए संबंधित मतदान स्थल के लिए रवाना किया जाना था। किंतु उक्त मतदान कर्मियों द्वारा 19 मई को स्वेच्छाचारिता अपनाते हुए ड्यूटी पत्र प्राप्त नहीं किया गया। न ही यह मंडीस्थल सुमेरपुर में उपस्थित हुए। संबंधितों द्वारा ड्यूटी पत्र प्राप्त न किए जाने के कारण पोलिंग पार्टी को रवाना किए जाने में अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ा तथा पोलिंग पार्टी को मतदेय स्थल के लिए विलम्ब से रवाना किया जा सका। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के स्तर से प्राप्त निर्देशों के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी के स्तर से प्रदत्त निर्देशों का उल्लंघन करते हुए उक्त मतदान कर्मियों द्वारा निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में घोर लापरवाही एवं उदासीनता बरती गई है। जिसके दृष्टिगत जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी के स्तर से उक्त मतदान कार्मिक यथा अध्यापक, लिपिक एवं सफाई कर्मचारी को निलंबित किए जाने एवं संबंधित शिक्षामित्रों की संविदा समाप्त किए जाने के लिए ग्राम शिक्षा समिति से प्रस्ताव प्राप्त किये जाने के लिए संबंधित विभागाध्यक्ष को पत्र के द्वारा निर्देश प्रदान किए गए। इसके क्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आलोक सिंह द्वारा प्रधानाध्यापक पुष्पा सचान को निलंबित कर ब्लाक संसाधन केंद्र सुमेरपुर में सम्बद्ध किया गया है। प्रकरण की जांच के लिए बीईओ गोहांड को जांच अधिकारी नामित किया गया है। जबकि सहा.अध्यापक महिपाल सिंह को निलंबित कर ब्लाक संसाधन केंद्र सरीला में सम्बद्ध किया गया है और प्रकरण की जांच बीईओ राठ को जांच अधिकारी नामित किया गया है। सहा.अध्यापक प्रीति को निलंबित कर ब्लाक संसाधन केंद्र मौदहा में सम्बद्ध किया गया तथा प्रकरण की जांच बीईओ हमीरपुर को जांच अधिकारी नामित किया गया है। साथ ही संबंधित शिक्षामित्रों की संविदा समाप्त किए जाने के निमित्त प्रस्ताव प्रेषित किए जाने के लिए संबंधित ग्राम शिक्षा समिति व संबंधित बीईओ को निर्देशित किया गया है।

सफाई कर्मचारी मनोज कुमार को जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा निलंबित कर दिया गया है। अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत सुमेरपुर द्वारा लिपिक अखिलेश कुमार यादव को निलंबित करने की संस्तुति प्रदान की गई है।

### जिलाधिकारी ने किया मतगणना स्थल का निरीक्षण, अधिकारियों को दिए निर्देश

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी ने मतगणना की तैयारियों को लेकर मंडी समिति पहुंचे और जायजा लिया। अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गर्मी के दृष्टिगत शीतल पेयजल की आपुर्ति के निर्देश दिए। किसी भी दशा में पेयजल की कमी न होने पाए तथा विधुत व्यवस्था सुचारू रुप से बनी रहे। पार्किंग तथा गेट पर एंट्री व्यवस्था को समुचित तरीके से देख लिया जाए। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विजय शंकर तिवारी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक डॉ नागेन्द्र नाथ यादव, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सुरेश कुमार, समस्त उपजिलाधिकारी अतिरिक्त उपजिलाधिकारी अभिमन्यु कुमार एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



मतगणना स्थल का निरीक्षण करते डीएम। अमृत विचार



# गैर इरादतन हत्या में दोषी पति को 10 साल की कैद

## अदालत ने 10 हजार रुपये का लगाया अर्थदंड

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- पत्नी पर सोते समय किया था कुल्हाड़ी से वार

**अमृत विचार।** गैर इरादतन हत्या के साढ़े सात साल पुराने मामले में अदालत ने आरोपी पति को दोषी करार दिया है। अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम पीके जयंत की अदालत ने दोषी को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 10 हजार के अर्थदंड से दंडित किया है। जुर्माना अदा न करने पर एक वर्ष की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता मणिकर्ण शुक्ल व सुभाष श्रीवास्तव ने बताया कि मझगवां थानाक्षेत्र के इटौरा गांव निवासी पीड़ित वादी चंद्रप्रकाश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था, कि 11 अक्तूबर 2016 को रात करीब ढाई बजे उसके पिता दोषी मइयादीन (65) जो करीब 10 वर्षों से मानसिक रूप से अस्वस्थ चल रहे थे। जिन्होंने उसकी मां गुहा (60) को रात में सोते समय कुल्हाड़ी से हमलाकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बताया कि शोर सुनकर जैसे ही वह लोग वहां पहुंचे, तभी दोषी पिता भाग निकला। तब अपनी मां को घायल अवस्था में जिला अस्पताल ले गए। जहां डाक्टरों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मामला दर्जकर आरोपपत्र कोर्ट में पेश किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने गुरुवार को दोषी पति मइयादीन को 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

## यूनिवर्सिटी के कुलपति, प्रोफेसरों के खिलाफ याचिका

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के प्रबंधन द्वारा अपनाई गई भर्ती प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं के संबंध में नोटिस जारी कर उन्हें सुनवाई की अगली तारीख 11 जुलाई 2024 तक अपना जवाबी हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र की खंडपीठ ने रेखा लगरखा की याचिका पर सुनवाई करने के दौरान पारित किया। मालूम हो कि याचिका में आरोप लगाया गया है कि कुलपति प्रोफेसर मुकेश पांडेय ने रजिस्ट्रार, वित्त अधिकारी और विश्वविद्यालय के कुछ प्रोफेसरों के साथ मिलकर विश्वविद्यालय के कोर्स से 40 करोड़ रुपये की हेराफेरी की है। बीएड परीक्षा 2023 से धन एकत्र कर इसे कुलपति और एक प्रोफेसर के निजी संयुक्त खाते में स्थानांतरित कर दिया गया था। इसके साथ ही एनएएसी दौरे के उद्देश्य से 150 करोड़ रुपये के दुरुपयोग के बारे में भी बताया गया है जो एक सावधि जमा में थे। इसके अलावा विश्वविद्यालय के आसपास विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए बिना विज्ञापन दिए या उचित निविदा प्रक्रिया का पालन किये निविदा कार्य प्रदान किए गए। याची रसायन विज्ञान विभाग में सहायक प्रोफेसर के पद पर पिछले 21 वर्षों से विश्वविद्यालय में कार्यरत थी, लेकिन उन्हें पदोन्नति नहीं दी गई। उनका आरोप है कि वित्तीय अनियमिताओं के अलावा कई नियुक्तियां और पदोन्नति योग्यता के आधार पर नहीं बल्कि पक्षपात के आधार पर की गई है। याचिका में यह भी बताया गया है कि उक्त अनियमितताओं के विषय में विभिन्न व्यक्तियों द्वारा राज्यपाल को पत्र लिखे गए थे, जिस पर राज्यपाल द्वारा कुलपति को आरोपी की जांच करने के लिए नोटिस जारी किया गया था। राज्यपाल के आदेश के अनुपालन में विश्वविद्यालय द्वारा गठित समिति ने दिखावे के तौर पर जांच की, लेकिन उसका कोई सार्थक परिणाम नहीं निकला।

## पीड़ित ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**सुमेरपुर।** रात में सोते समय मकान की कुंडी बाहर से बंद कर आग लगाने के मामले में जांच के बाद भी मुकदमा कायम न करने पर पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत सौंपकर कार्रवाई न होने पर पूरे परिवार को जान का खतरा बताकर न्याय की गुहार लगाई है। पचखुरा बुजुर्ग निवासी राजेंद्र पाल सिंह ने बताया कि 26 मई की रात जब वह परिवार सहित घर के अंदर सो रहे थे। तभी गांव निवासी सत्यम सिंह एवं संतोष सिंह ने एक अज्ञात के साथ मिलकर मकान की कुंडी बाहर से बंद करके आग लगा दी थी। पड़ोसियों के ललकारने पर सभी मौके से भाग गए थे। पड़ोसियों ने आनन फानन आग बुझाकर पूरे परिवार की जान बचाई थी। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया है कि उसने घटना की तहरीर पुलिस को सौंपी थी लेकिन पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया है। आरोपी खुलेआम पूरे परिवार को जान से मार देने की धमकी देते घूम रहे हैं।

# अखबार ने लोगों को किया था जागरूक

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



गणेश शंकर विद्यार्थी के चित्र पर माल्यार्पण करते उपजा के जिलाध्यक्ष। अमृत विचार

- यूपी जर्नलिस्ट एसो. ने मनाया हिंदी पत्रकारिता दिवस

**अमृत विचार।** हिंदी पत्रकारिता दिवस पर जिला पंचायत स्थित दैनिक रेडिकल टाइम्स कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ पत्रकार गणेश सिंह विद्यार्थी, यूपी जर्नलिस्ट एसोसिएशन उपजा के मंडल अध्यक्ष अनिल सोनी व जिलाध्यक्ष जीतेश चौरसिया ने स्व. गणेश शंकर विद्यार्थी व दै.रेडिकल टाइम्स अखबार के संपादक स्व. कृष्ण बल्लभ दुबे भारती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष अनिल सोनी व जिलाध्यक्ष जीतेश चौरसिया ने हिंदी पत्रकारिता दिवस की दशा व दिशा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हमें ऐसी पत्रकारिता करनी चाहिए, जिससे पत्रकारिता के मानदंड स्थापित हो सकें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे गणेश सिंह विद्यार्थी ने कहा कि आज ही के दिन 1926 में उदंड मार्तण्ड नाम से हिंदी का पहला साप्ताहिक समाचार पत्र प्रकाशित किया गया था। इसके प्रकाशक व संपादक पं.जुगल किशोर शुक्ला थे, जिन्होंने कलकत्ता से अखबार का प्रकाशन शुरू किया था। वह कानपुर के रहने वाले थे। गुलामी के दिनों में देश हित के बारे में बात करना चुनौती भरा काम था। ऐसे समय भला अखबार निकालना उससे से भी अधिक चुनौती भरा काम था। उदंड मार्तण्ड के जरिए लोगों को स्वतंत्रता आंदोलन के प्रति जागरूक करने का काम किया गया। पत्रकार ओपी दोहरे ने हिंदी पत्रकारिता के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए गणेश शंकर विद्यार्थी के योगदान का स्मरण कराया। कार्यक्रम का संचालन मोमिन खान ने किया। इस मौके पर ज्ञानेंद्र अवस्थी, राजेश सिंह, सुरेश कुमार, लवलेश यादव, सुभाष साहू, पवन सिंह परिहार, द्वारिका प्रसाद त्रिवेदी, कुलदीप सिंह चंदेल सहित अन्य पत्रकार मौजूद रहे।

# पत्नी के मायके से न आने पर युवक ने दी जान

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** थानाक्षेत्र के बेरी ग्राम पंचायत के मजरा इंद्रपुरी में पिछले डेढ़ साल से मायके से पत्नी के न आने पर दुखी 30 वर्षीय युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया है।

थाना क्षेत्र के बेरी ग्राम पंचायत के मजरा इंद्रपुरी गांव निवासी रामायण प्रसाद उर्फ लंकेश (30) पुत्र बद्दू निषाद की शादी थाना भोगनीपुर के करियापुर गांव में हुई थी। मृतक युवक शराब पीने का आदि था। इस पर हो रहे विवाद में पत्नी डेढ़ साल से मायके से नहीं आ रही थी। जिसकी वजह से मृतक ने बुधवार रात जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। सुबह जब परिजनों ने देखा तो वह चारपाई में मृत पड़ा था। वहीं सूचना पर पहुंचे उपनिरीक्षक संगम लाल प्रजापति ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। ग्राम प्रधान अनिल कुमार अनुरागी ने बताया कि पति पत्नी के बीच फैसला कई बार कराया गया है। मृतक अपने पीछे एक 5 साल का पुत्र छोड़ गया है। वहीं मृतक चार भाई थे और यह परिवार से अलग रहता था। बेरी चौकी इंचार्ज ने बताया कि युवक शराब का आदी था, पत्नी डेढ़ साल से अपने मायके में रह रही है।

### आग लगने से महिला की हालत गंभीर

**कुरारा।** थाना क्षेत्र के भौली गांव निवासी संतोषी (40) पत्नी संतोष कुमार को अज्ञात कारणों के चलते गुरुवार की दोपहर तीन बजे आग लग जाने से गंभीर रूप से झुलस गई जिसे परिजन उपचार के लिए सीएचसी लेकर आए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत नाजुक देख जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है।

# संदिग्ध हालात में मिला हिस्ट्रीशीटर के पिता का शव, हत्या की आशंका

संवाददाता, कुरारा हमीरपुर

- घर के बाहर खून से लथपथ पड़ा था
- घटना के बाद से मृतक का दूसरा बेटा चल रहा गायब
- सीओ ने फॉरेंसिक टीम के साथ पहुंचकर जांच की

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के पतारा गांव में बुधवार रात हिस्ट्रीशीटर अपराधी के पिता का संदिग्ध अवस्था में खून से लथपथ शव मिलने से हड़कंप मच गया। घटना के बाद से मृतक का एक पुत्र गायब है। उसे लेकर हत्या की आशंका जताई जा रही है। वहीं मृतक के भाई ने पुलिस को दी सूचना में कहा है कि रात में खाना खाने के बाद पशु बाड़े में सोने के लिए जाते समय रास्ते में चक्कर खाकर गिरने से मौत हुई है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

थाना क्षेत्र के पतारा गांव निवासी रामसागर यादव (50) पुत्र शिव सिंह का संदिग्ध अवस्था में बुधवार रात करीब नौ बजे मकान के पास रास्ते में खून से लथपथ शव मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक के भाई प्रेम सागर ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उसका भाई रामसागर बुधवार रात करीब आठ बजे मकान से खाना खाकर पशु बाड़े में सोने जा रहा था। तभी रास्ते में चक्कर खाकर सीसी रोड में गिर गया जिससे उसका चेहरा खून से लथपथ हो गया और उसकी मौत हो गई। वहीं इस घटना की सूचना पर सीओ सदर राजेश कमल डॉग स्क्वायड, फॉरेंसिक टीम और एसएचओ योगेश तिवारी के साथ मौके पर पहुंचे।

घटनास्थल की जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक तीन भाई थे, मृतक रामसागर की मां व परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। एसएचओ योगेश तिवारी ने बताया कि मृतक का बड़ा पुत्र दीपक हिस्ट्रीशीटर जिला कारागार में सजा काट रहा है। वहीं दूसरा पुत्र मुलायम घटना के बाद से गायब चल रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर असलियत सामने आएगी।

### काम करते गिरा अधेड़ गंभीर घायल

**मौदहा।** काम करते समय एक अधेड़ गिर गंभीर रूप घायल हो गया। जिसे नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। नगर निवासी नत्थू (54) पुत्र पूरन अपने ही घर में काम कर रहा था। तभी अचानक पैर फिसलने से नीचे आ गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। यह देख परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां हालत गंभीर होते देख डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर सघन इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# ई-रिक्शा पलटा, चालक सहित एक दर्जन लोग हुए घायल

संवाददाता, सरीला (हमीरपुर)



सीएचसी में भर्ती घायल।

**अमृत विचार।** जरिया थाना क्षेत्र के बरगवां गांव के पास अचानक एक ई रिक्शा आ जाने से सवारियों से भरा दूसरा ई रिक्शा असंतुलित होकर सड़क किनारे पलट गया। जिसमें ई रिक्शा चालक सहित एक दर्जन सवारियां घायल हो गईं। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद दो सवारियों को उरई रेफर किया गया।

क्षेत्र के बरखेरा गांव निवासी ई रिक्शा चालक लल्लू (50) पुत्र कल्लू अपने रिश्तेदार जिला जालौन के बारा गांव निवासी प्रकाश रानी (70) पत्नी रामगोपाल, सुनीता (42) पत्नी श्रीप्रकाश, रीना (24) पत्नी अमरसिंह,रीना की बेटी जान्हवी (3), संगम व नेहाल (डेढ़. वर्ष) भतीजी अंजली (11) पुत्री विनोद, जालौन के जोराखेरा निवासी परशुराम (26) पुत्र ब्रजभान, तारावती (52) पत्नी ब्रजमोहन, सरीला कस्बा निवासी धर्मपाल का पुत्र विपिन (17) व पुत्री काजल (12) अपने बरखेरा गांव निवासी रिश्तेदार लक्षीराम के बेटे की शादी में शामिल होकर गुरुवार को ई रिक्शा में बैठकर सरीला कस्बा जा रहे थे। तभी बरगवां के पास अचानक एक ई रिक्शा सामने आ गया। असंतुलित होकर सवारियों से भरा ई-रिक्शा सड़क किनारे पलट गया। सवारियां घायल हो गईं। सूचना पर पहुंचे एंबुलेंस चालक धर्मेन्द्र व ईएमटी विवेक कुमार ने एंबुलेंस से सीएचसी में भर्ती कराया है। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर सुनीता व प्रकाशरानी को मेडिकल कॉलेज रेफर किया।

## पांच लोगों पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

**मौदहा।** पांच लाख रुपये और फोर व्हीलर गाड़ी की मांग को लेकर ससुरालियों ने घर आकर मारपीट और गालीगलौज की। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मेडिकल परीक्षण करा मामला दर्ज कर लिया है। कस्बे के सिचौली पुरवा निवासी कल्पना देवी पत्नी भरत प्रजापति ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसका विवाह छतरपुर के भरत प्रजापति के साथ हुआ था। तभी से ससुरालियों द्वारा दहेज में चार पहिया गाड़ी और पांच लाख रुपये की मांग की जाती रही है और उसी के चलते इसी सप्ताह ससुराल से उसका पति भरत प्रजापति, सास कमला, ससुर दीनदयाल, देवर धर्मेंद्र और नन्द जानकी आए और सभी ने गाली गलौज और मारपीट शुरू कर दी। जिससे उसके गंभीर चोंटे आईं है। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने पांचों लोगों के विरुद्ध मारपीट व दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कर लिया है।

# प्रभु के नाम जाप से ही मोक्ष संभव

संवाददाता, पौथिया (हमीरपुर)



पौथिया गांव में रासलीला में राम दरबार की झांकी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गांव के बाबा ध्यानी दास आश्रम में चल रही विष्णु महायज्ञ यज्ञ का गुरुवार को समापन हो गया। अंतिम दिन यज्ञाचार्य ने विधि विधान से पूजा कराई। वहीं श्रद्धालुओं ने यज्ञ वेदी की परिक्रमा कर बाबा की समाधि पर माथा टेक पूजा अर्चना की।

कथा वाचक अलका द्विवेदी ने अंतिम दिन कथा में कहा कि कलयुग में केवल प्रभु के नाम के जाप से मोक्ष मिल जाता है। उन्होंने कहा कि वाल्मीकि ने उल्टा नाम जप कर ऋषि की उपाधि धारण की थी। जो व्यक्ति शास्त्रों के बताए नियमों के आधार पर चलता है, वह साकेत गामी होता है।

सत्संग आत्मज्ञान के साथ आत्मा को शक्तिशाली बनाता है। वहीं रात्रि में चल रही कानपुर के कलाकारों द्वारा भोलेनाथ सांपों के साथ सिंदूरी हनुमान, राम दरबार बानर सेना के साथ, राधा कृष्ण, भारत माता आदि विभिन्न प्रकार की झांकियां प्रस्तुत कर लोगों मंत्रमुग्ध किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों को देखने के लिए सैकड़ों की संख्या में महिलाएं पुरुष जमे रहे और तालियां बजा कर कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। शुक्रवार को हवन पूजन के बाद कन्या भोज व संतों की विदाई कर भंडारा शुरू होगा। 51 क्विंटल भंडारा का प्रसाद तैयार किया जा रहा है। जिसे समस्त ग्रामवासी व क्षेत्रवासी द्वारा आयोजित किया गया है।

## पिता-पुत्र को दी धमकी एफआईआर दर्ज

**तालग्राम।** ग्राम पिड़ारीखेड़ा निवासी सर्वेश ने कोर्ट के आदेश पर दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसके पुत्र नितिन की शादी एटा के थाना राजारामपुर के भगवानपुर गांव निवासी जोगेन्द्र की पुत्री से तय हुई थी। गोद भराई में उसने सोने, चांदी के आभूषण व नकदी दी थी। लड़की को एमएससी पास बताकर उसके घर वालों ने रिश्ता पक्का किया था। मांगने पर लड़की के परिजनों ने फर्जी मार्कशीट भेज दी। इसी बात को लेकर उसने सामान व नकदी वापस मांगी। इस पर वधू पक्ष के लोगों ने उसे व उसके पुत्र को गाली गलौज कर झूठे मुकदमे में फंसाने व जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर लड़की के पिता जोगेन्द्र, चंचल व गांव के दाताराम, पिड़ारीखेड़ा निवासी अनिल के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

# कार व पांच लाख न मिलने पर विवाहिता को पीटा

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

- पति सहित पांच लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार।** दहेज में कार और पांच लाख रुपये न मिलने पर पति सहित ससुरालियों ने विवाहिता से गालीगलौज की और मारपीट कर घायल कर दिया।

ग्राम रूपपुर निवासी रामकरन वर्मा की पुत्री गीता देवी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि उसकी शादी फर्रुखाबाद के थाना कमालगंज ग्राम बहादुरपुर निवासी राहुल के साथ हुई थी।

शादी के बाद से पति राहुल, ससुर सूरजपाल, सास विनीता, जेठानी राखी, ननद शिवानी ने दहेज में कार व पांच लाख रुपये की मांग कर उसका उत्पीड़न शुरू कर दिया। मांग पूरी न होने पर 20 मई की दोपहर लगभग 12 बजे उसके साथ गालीगलौज की। मना करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी।

### युवक पर पथराव के साथ की फायरिंग, छह पर रिपोर्ट

**तिर्वा, कन्नौज।** कोतवाली के भूड़पुर्वा बलनपुर गांव निवासी गोपालकृष्ण दुबे पुत्र मूलचंद्र ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि वह अपने दरवाजे पर बैठा था। तभी कस्बे के अंबेडकर नगर निवासी रामजी व मोनू अपने दो अज्ञात साथियों के साथ पहुंचे और गाली देने लगे। जब विरोध किया तो ईंट पत्थर चलाने लगे। इतना ही नही आरोपियों ने उस पर फायरिंग भी की और फरार हो गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## सार-संक्षेप

### निर्माणाधीन छज्जा गिरने से मजदूर की मौत

**गिरवां।** थाना क्षेत्र के ऐला गांव निवासी रमेश (50) पुत्र विशाली सात साल से मर्का थाना क्षेत्र के इंगुवा गांव में ठेकेदार दुर्गेश के साथ रह कर मजदूरी करता था। बुधवार की शाम निमार्णाधीन छज्जा की तराई कर रहा था। तभी पूरा छज्जा भर भराकर ऊपर गिर गया। जिससे वह मलवे में दब कर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### 12 दिन से लापता युवक का सुराग नहीं

**सुमेरपुर हमीरपुर।** क्षेत्र के ग्राम पंधरी से 12 दिनों से लापता युवक का पुलिस द्वारा गुमशुदगी दर्ज होने के बाद सुराग नहीं लगा सकी है। पंधरी गांव निवासी भैरम ने बताया कि उसका पुत्र कल्लू (24) का 19 मई को घर से लापता हो गया था। जिसकी गुमशुदगी 27 मई को दर्ज कराई गई थी। पुलिस अभी तक इसका सुराग नहीं लगा सकी है। पिता ने बताया कि उसका पुत्र मूक बधिर है। आशंका है उसको कहीं बंधक बना लिया गया है।

### घर में घुसे चोर ने युवती को पीटा

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली के धनौरी गांव में चोरी की नियत से घर में घुसे चोर ने सो रही युवती को मारपीट कर दी। युवती के चिल्लाने पर परिजनों ने जागकर आरोपी युवक को पकड़ लिया। परिजनों ने आरोपी चोर को पुलिस के हवाले कर दिया।

धनौरी गांव निवासी रोशनी पुत्री कालीचरन ने बताया कि बीती रात वह अपने घर में सो रही थी। बताया कि पहरा गांव का एक चोर उसके घर में घुस आया। बताया कि इसी दौरान वह पानी पीने के लिए जाग गई। जब उसने चोर को देखा तो परिजनों को आवाज लगाई। तभी चोर ने युवती को मारापीटा। युवती के चिल्लाने पर परिजनों ने आरोपी युवक को पकड़ लिया। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस को आरोपी युवक को सौंप दिया। युवती ने कोतवाली में तहरीर दी है।

### युवती के गायब होने पर अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट

**मौदहा (हमीरपुर)।** बीते बुधवार बाजार के लिए निकली युवती घर नहीं पहुंची तो युवती की मां ने अज्ञात के विरुद्ध युवती को ले जाने का मामला दर्ज कराया है। कस्बे के कम्हरिया रोड महिला कालेज के निकट निवासी एक मां ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी पुत्री बुधवार को घर से बाजार जाने की बात कहकर निकली थी, लेकिन तब से घर नहीं लौटी। पीड़िता ने बताया कि उनके द्वारा रिश्तेदारों में सभी जगह युवती को तलाश किया जा चुका है लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग रहा है। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध युवती को बहला फुसलाकर ले जाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चेयरमैन को धमकी देने वाले कॉलर पर रिपोर्ट दर्ज

**कुरारा (हमीरपुर)।** नगर पंचायत अध्यक्ष के फोन पर अंतरराष्ट्रीय कॉल के जरिए जान माल की धमकी देने पर पुलिस ने अज्ञात कॉलर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। कस्बे में नगर पंचायत अध्यक्ष आशा रानी कबीर के मोबाइल पर मंगलवार की सुबह 10 बजे एक अंतर्राष्ट्रीय कॉल आई। जिसमें अज्ञात कॉलर उनके व उनके परिवार के बारे में जानकारी लेने लगा। इस पर जब चैयरमैन ने कारण जानना चाहा व जानकारी न देने पर आरोपी परिवार को घर जाकर जान से मारने की धमकी देने लगा। नगर पंचायत अध्यक्ष की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात कॉलर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### चोरी करते युवक को दबोचा

**कन्नौज।** कोतवाली पुलिस ने चोरी करते युवक को रात के समय पकड़ लिया। पुलिस को देख उसके नाबालिग साथी फरार हो गये। सदर कोतवाली का चार्ज देख रहे दरोगा अजब सिंह बुधवार रात तीन बजे शहर के भ्रमण पर थे। इसी दौरान एक मस्जिद के निकट खटपट सुन पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। यहां एक निर्माणाधीन मकान से आवाज आ रही थी। पुलिस ने मोहल्ला मौसमपुर अल्हड के एक युवक को पकड़ लिया। उसके पास से चोरी का लोहा बरामद किया गया। मौका पाकर नाबालिग चोर भाग निकले। लोहे का पाइप बड़ा होने से कुछ सामान पुलिस साथ ले आई और कुछ पर छोड़ दिया। जब पुलिस दोबारा पहुंची तो भागे हुए चोर उसे लेकर जा चुके थे।

## चोरी के सामान के साथ युवक गिरफ्तार

**कन्नौज।** कई चोरी व अन्य घटनाओं को अंजाम देने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उससे चोरी का सामान बरामद हुआ है।

कोतवाली पुलिस ने शहर के मोहल्ला जटपुरा निवासी अमन खाँ पुत्र अकील खाँ को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ सदर कोतवाली में चोरी समेत नौ मामले दर्ज हैं। कोतवाली प्रभारी के अनुसार चार मार्च को बुलाकीपुर्वा निवासी अमर सिंह पुत्र रामेश्वर ने 22 फरवरी की रात मकान का ताला तोडकर बर्तन पीतल व आभूषण चोरी एवं 23 अप्रैल को सुनील कुमार जलकल लिपिक नगर पालिका परिषद कन्नौज ने 31 मार्च की रात में सरायमीरा पानी टंकी से दो स्विचवाल, एक एलबो व एक नानरिटेबल वाल चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। गुरुवार को कोतवाली पुलिस ने आरोपी को चोरी के सामान समेत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा।

व्यवस्था | जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने डकोर गौशाला का निरीक्षण किया

# डीएम ने डकोर को मॉडल गौशाला बनाने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने डकोर गौशाला का निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पानी, भूसा व हरा चारा नेपियर तथा गर्मी से बचाव के इंतजाम देखे, गौशाला में सरंक्षित गौवंशों के लिए पर्याप्त मात्रा में भूसा, हरा चारा और अन्य खानपान की वस्तु उपलब्ध मिली, गौशाला में साफ सफाई के सन्तोष जनक मिली। उन्होंने निर्देशित किया कि गौवंशो के लिए ग्राम पंचायत निधि से दो टीन शेड लगवाई जाए, इसके अतिरिक्त टीन शेड के चारो तरफ त्रिपाल या बोरो से ढके जिससे गोवंशों को गर्म हवा अथवा लू न लगे। साथ ही यह भी सुनिश्चित करेंगे कि गौवंश को समय से भूसा हरा चारा आदि के साथ-साथ बीमार गौवंश की सूचना पशु चिकित्सा अधिकारी को दें। उन्होंने निर्देशित किया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए समय समय पर गौवंशो को पानी पिलाते रहे, गौवंशों की देख भाल करना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने निर्देशित किया कि गौशाला में ज्यादा से ज्यादा छायादार पौधे लगाए जिससे गोवंश को छाया मिल सके।

उन्होंने निर्देशित किया कि समय समय पर चिकित्सक गोवंशों का स्वास्थ परीक्षण करते रहे, गोवंशों के लिए खान-पान और अन्य व्यवस्थाएं की पर्याप्त सुविधा है, साथ ही मौसम का बचाव हो या बीमारियों के लिए चिकित्सक की तैनाती हो हर चीज के लिए पर्याप्त सुविधा की गई है। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि इस गौशाला को मॉडल गौशाला बनाया जाए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शिवाकांत द्विवेदी, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रयाद, खण्ड विकास अधिकारी सहित सम्बधित अधिकारी मौजूद रहे।

### गौशाला पहुंच कर नाली-नालों की सफाई करवाई

**उरई (जालौन)।** डकोर विकासखंड अधिकारी ने गौशाला का औचक निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं को गंभीरता से परखा। जहां खंड विकास अधिकारी व सहायक विकास अधिकारी ने ग्राम डकोर में नाले नालियों की सफाई कराई वहीं सहायक विकास अधिकारी के नेतृत्व में ग्राम डकोर की नाला की सफाई कराई गई जहां पर कई समस्याएं थी यहां स्वयं विकास अधिकारी बलबीर सिंह सेंगर ने बरसों पुरानी समस्या का हल निकाला और ग्राम की कई समस्याओं को मौका पर खड़े होकर स्वच्छता अभियान चलाकर डकोर को गंदगी से मुक्त कराया नालौ की सफाई कराई जिससे ग्रामीणों को बहुत राहत की सांस मिली है यहां लोगों की परनालौ का पानी नहीं निकल पा रहा था और नालों पर अवैध कब्जे हो गए थे जिसको मौके पर जाकर खंड विकास अधिकारी बा सहायक विकास अधिकारी ने बलवीर सिंह ने जाकर साफ सफाई कराई जिससे आगामी बरसात में ग्रामीणों को जल भराव से होने वाली गंदगी व बीमारियों का सामना ना करना पड़े ग्रामीणों ने ऐसे अधिकारियों की जमकर तारीफ की।



डकोर गौशाला का निरीक्षण करते अधिकारी। अमृत विचार

# तापमान 48 डिग्री पार, गर्मी से दो लोगों की चली गई जान

## बिजली का लोड बढ़ने से जवाब देने लगीं पवार हाउस की मशीनें, डीएम बोले, उपभोक्ता एक साथ नहीं चलाएं बिजली के उपकरण

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** जालौन में सूरज देव इन दिनों कहर बरपा रहे हैं। इसके चलते यहां का तापमान दिनोंदिन बढ़ रहा है। गुरुवार को जिले का अधिकतम तापमान 48.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि न्यूनतम पारा 32.1 डिग्री रहा। गर्मी से जिले में एक वृद्ध तथा एक वृद्धा की मौत हो गई। लगातार पारा चढ़ने से जिले में बिजली की खपत में 66 फीसदी की बढोतरी हुई है। इससे बिजली उपकरण हाफने लगे हैं तथा व्यवस्था सुचारू रखने में विभाग के पसीने छूट रहे हैं। बिजली की समस्या को ध्यान में रखते हुए डीएम ने कर्मचारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जानकारी के अनुसार गुरुवार को जालौन में पारा 48 डिग्री पार कर गया। इससे जन जीवन व्याकुल हो गया। लोगों का घरों से निकलना दूभर रहा। रोज कमाने खाने वाले परिवारों के सामने रोटी रोजी का संकट पैदा हो गया है। वहीं दिहाड़ी पर मजदूरी करने वाले ब्याज में कर्जा लेकर घर गृहस्थी का खर्च चला रहे हैं। जिला मुख्यालय उरई शहर में लगभग 4 हजार हाथ ठेला और पटरी दुकानदारों की संख्या हैं जो सब्जी, फल तथा दैनिक उपयोग का सामान बेच कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। वहीं जान जोखिम में डाल कर कुछ पटरी दुकानदार और हाथ ठेला या दुकानदार अपने निर्धारित समय पर दुकान सजा कर बैठते भी है, मगर आसमान से बरस रही आग से ग्राहक घरों से नहीं निकल रहे है, जिससे हाथ ठेलों और पटरी की दुकानों में सन्नाटा पसरा नजर आता है। इसी से मिलता जुलता हाल शहर के ई-रिक्शा चालकों का है। इनकी उरई शहर में करीब 7 हजार संख्या है, सुबह 10 बजे के बाद सड़कें सूनी हो जाने से इनका धंधा भी ठप हो गया है।



बिजली उपकरणों को ठंडा रखने के लिए लगाए गए कूलर। अमृत विचार

### 66 फीसदी बढ़ी बिजली की खपत

उरई।असहनीय तपन और बिजली की अचानक अकल्पनीय खपत बढ़ जाने से पावर हाउसों में लगीं मशीनें जबाव देने लगी है। सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक विद्युत विभाग के अधिकारियों की धड़कने तेज हो जाती हैं, क्योंकि अधिकारियों को भीषण गर्मी और ओवरलोड से पावर हाउसों में लगी बेशकीमती मशीनों के ब्लास्ट होने का खतरा बना रहता है। उत्तर प्रदेश सरकार ने सभी जिला के विद्युत विभाग के अधिकारियों को आम जन को हीट स्ट्रोक से बचाने के लिए शहरी क्षेत्रों में निरंतर विद्यूत आपूर्ति जारी रखने के निर्देश दिए हैं। सरकार के निर्देश के अनुपालन और करोड़ों कीमत की मशीनों को फटने से बचाने के लिए गर्मी और ओवरलोड से गर्म हुई मशीनों को ठंडा रखने के लिए हाई पावर के लाखों रुपये के कूलर खरीद कर मशीनों के आगे पीछे लगाकर मशीनों को ठंडा रखा जा रहा है। विभाग के अधिशासी अभियंता जितेंद्र नाथ ने बताया कि हीट वेव के चलते बिजली की 66 फीसदी अधिक मांग बढ़ गई है, जो पूर्वानुमान से काफी अधिक है। शासन और प्रशासन के निर्देशानुसार शहरी क्षेत्रों में 24 घंटे आपूर्ति देने का भरसक प्रयास किया जा रहा है। बेहतशा गर्मी और ओवर लोड से दिन में मशीन अधिक गर्म हो रही हैं, इसी लिए मशीनों को ब्लास्ट होने से बचाने के लिए मशीनों को ठंडा करने के लिए उच्च क्षमता के कूलर लगाए गए हैं।



गर्मी के चलते सूखा पड़ा तालाब। अमृत विचार

### मवेशी चराने गए वृद्ध और वृद्धा की मौत

**कालपी (जालौन)।** नदी के किनारे जानवर चराने गई 72 वर्षीय वृद्धा की गर्मी की चपेट में आकर मौत हो गई। पारिवारिक जनों ने वृद्धा का दाह संस्कार कर दिया। सूचना पाकर राजस्व कर्मचारियों के साथ नायब तहसीलदार ने गांव पहुंचकर जांच पड़ताल की। कालपी तहसील क्षेत्र के ग्राम चंदरसी में रहने वाली 72 वर्षीय प्रकाश रानी पत्नी चंद्रसेन रोज की तरह अपने मवेशियों को लेकर दोपहर में गांव के बाहर नदी के किनारे गई हुई थी। भीषण गर्मी की वजह से प्रकाश रानी गश खाकर गिर गई, जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिवार के लोग सूचना पर मौके पर पहुंचे। उन्होंने मृतका का दाह संस्कार कर दिया। सूचना पाकर तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी के निर्देश पर नायब तहसीलदार हरदीप सिंह, लेखपाल एसके महान गांव पहुंचे तो परिजनों ने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुरूप उन्होंने मृतका का दाह संस्कार कर दिया है। इसीतरह सालाबाद निवासी बिंदोले जाटव पुत्र नागोले उम्र लगभग 65 वर्ष गुरुवार सुबह घर से खेत पर बकरी चराने गया था, भीषण और प्रचंड गर्मी के चलते दोपहर करीब 12 बजे वह खेत में गिरकर बेहोश हो गया। चरवाहों ने जब उन्हें धूप में पड़े देखा तो इसकी सूचना परिजनों को दी। सूचना पर पहुंचे परिवारजनों ने इसकी सूचना स्थानीय प्रशासन को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### डीएम की अपील: शाम छह से 11 बजे तक बंद रखें फ्रीज

**उरई (जालौन)।** विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने के लिए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्युत अधिकारी व कर्मचारी पूरी मुस्तैदी एवं तत्परता के साथ कार्य करें ताकि जन सामान्य को विद्युत उपलब्धता को लेकर परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने बजरिया के चूड़ी मार्केट व थाना कोतवाली उरई के सामने जर्जर पोल होने की सूचना पर अधिकारियों को निर्देश दिए कि त्वरित मौके पर पहुंच कर जर्जर पोलों को बदलना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने आम नागरिकों से अपील की कि अपने घर में सभी विद्युत उपकरण एक साथ न चलाएं, पानी की मोटर, प्रेस, वाशिंग मशीन और अन्य भारी लोड सुबह 5 बजे से 11 बजे तक ही चलाएं। शाम को 6 बजे से 11 बजे तक फ्रीज बंद रखें। शाम को 6 बजे से 11 बजे तक अपने घर में लगे एसी को लगातार न चलाकर आधा-आधा घंटे के अंतराल से चलाएं और एसी का तापमान 24 से 28 के बीच में रखें। भीषण गर्मी में अनावश्यक विद्युत प्रयोग करने से सिस्टम ओवरलोड होने पर विद्युत आपूर्ति सुचारु रूप से नहीं चल पा रही हैं।

# तेज आंधी के साथ बूंदाबांदी बिजली आपूर्ति हुई बाधित

संवाददाता कालपी, जालौन

**अमृत विचार।** हाईटेंशन लाइनों में खराबियां आने की वजह से कालपी नगर में बुधवार तथा गुरुवार को बिजली की सप्लाई व्यवस्था बुरी तरह से ध्वस्त रही। फलस्वरूप गर्मी के मौसम में नागरिक बुरी तरह तिलमिला उठे। जानकारी के अनुसर गुरुवार की सुबह 10 बजे विद्युत केंद्र सरसेला तथा विद्युत सब स्टेशन कालपी के बीच 33 हजार वोल्टेज की हाई टेंशन लाइन में तगड़ा फाल्ट आ गया। परिणामस्वरूप बिजली व्यवस्था धड़ाम हो गई।अवर अभियंता जितेंद्र कुमार के साथ दिलीप कुमार, रिंकू पोरवाल, अजय कुमार निगम, शाहिद खान आदि की टीमों के द्वारा विद्युत लाइन की पेट्रोलिंग की गई। इस दौरान लाइनों को सही करने में 3 घंटे से अधिक का समय लग गया। परिणाम स्वरूप 1 बजे बिजली की आपूर्ति सब स्टेशन कालपी में पहुंच सकी। दोपहर की तीन-चार घंटे की बिजली सप्लाई बंद होने से पंखे, कूलर, एयर कंडीशन ठप हो कर सफेद हाथी बन गये। गर्मी से नागरिक बुरी तरीके से तिलमिला उठे। बुधवार शाम 6 बजे आये तेज आंधी तथा बारिश की वजह से कालपी के नगर के आधा दर्जन स्थानों में 11 हजार वोल्टेज की लाइनों में पेड़ की डालें उलझने तथा तार टूटने से तगड़े फाल्ट आ गये। नगर के साईं मंदिर के पास, निकासा गेट के पास, रेलवे स्टेशन के पास, टरननगंज में मूंगफली मंडी के पास पेड़ की डालें टूटकर बिजली के तारों को चपेट में आ गईं। उपखंड अधिकारी आदर्श राज के निर्देशन में अवर अभियंता जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में बिजली लाईनमैनों, कर्मचारियों की 5 टीमें अलग-अलग स्थानों में उलझे पेड़ के डालों तथा तारों को ठीक करने में जुटी रही हैं। रात करीब 10-11 बजे बिजली की सप्लाई शुरू हो सकी। इसी तरह ट्रांसफार्मर को भी ठीक करने के लिए विभागीय कर्मचारी जुटे रहे।



ट्रांसफार्मर बदलते विद्युत विभाग के कार्मिक।

# नहरों के अवैध कटान पर कड़ी नजर रखें

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक के दौरान पंचायतीराज विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, नगर विकास विभाग को निर्देशित किया कि पेयजल की सभी स्रोतों संसाधनों की उचित मरम्मत एवं पूर्ण उपयोग हेतु तैयार करना। खराब नलकूपों को समय से मरम्मत सुनिश्चित करें। पेयजल के कुओं को आवश्यकतानुसार गहरा कराना। पशुओं के पेयजल हेतु सिंचाई विभाग की नहरों, नलकूपों, निजी नलकूपों के माध्यम से तालाब एवं पोखरों को भरवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करना। खेतिहर मजदूरों एवं अन्य जरूरतमन्द लोगो को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की व्यवस्था करें। ऊर्जा विभाग को निर्देश दिए कि खराब ट्रान्सफार्मर निर्धारित अवधि में बदलने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। नहरों के रोस्टर के अनुसार चलाये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित रहे। नहरों की अवैध कटान पर कड़ी निगरानी की जाए। नहरों के टेल तक पानी का प्रवाह सुनिश्चित किया जाए। खराब नलकूपों की समय से मरम्मत का कार्य सुनिश्चित किया करें। पशुओं के पेयजल हेतु सिंचाई विभाग की नहरों, नलकूपों के माध्यम से तालाब एवं पोखरों को भरवाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग मनुष्यों को लू, संक्रामक रोगों एवं महामरियों से बचाने के लिए आवश्यक निषेधात्मक व्यवस्था एवं सघन चिकित्सीय व्यवस्था सुनिश्चित करायें। महामारियों से नियन्त्रण हेतु वांछित दवाओं को चिह्नित करके समुचित स्टाक की व्यवस्था रहे। पशुधन विभाग पशुओं के चारे के अभाव की स्थिति से निपटने हेतु कार्ययोजना तैयार करना। पशु चिकित्सालयों में पशुओं के उपचार के संसाधन एवं दवाओं की समुचित व्यवस्था रहे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शिवाकांत द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विशाल यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी नरेंद्र देव शर्मा, एसीआरए जयंत तिवारी सहित आदि सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### दवाओं का समुचित स्टॉक रखें

महामारी के नियन्त्रण हेतु दवाओं का चिह्नित करके समुचित स्टॉक रहे। खाद्य एवं रसद विभाग आकस्मिकता हेतु आवश्यक खाद्यान्न एवं उपभोक्ता वस्तुओं की व्यवस्था की कार्ययोजना तैयार करें। कुपोषण की स्थिति से निपटने हेतु कार्ययोजना, खाद्य सुरक्षा योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए। कृषि विभाग, उद्यान विभाग मृदा में नमी संरक्षण के उपायों का प्रचार प्रसार करना सुनिश्चित करें। वैकल्पिक फसलों के साथ खाद्य एवं बीज के प्रबन्ध की व्यवस्था, फसलों में रोग बचाव हेतु कीटनाशक दवाओं की समुचित व्यवस्था रहे। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक कृषकों का लाभान्वित किया जाए। भू-गर्भ जल विभाग प्रदेश में मानसून से पूर्व एवं मानसून की समाप्ति पर भू-जल की उपलब्धता एवं अन्तर की स्थिति के बारे में आंकड़े उपलब्ध कराना एवं भू-जल संरक्षण की कार्ययोजना तैयार कराना सुनिश्चित करें।

# हिंदी पत्रकारिता दिवस पर हुई गोष्ठी, व्यक्त किए विचार

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

- शहर के राठरोड स्थित मंडपम सभागार में आयोजित किया गया कार्यक्रम

**अमृत विचार।** शहर के राठरोड स्थित मंडपम सभागार में हिन्दी पत्रकारिता दिवस का आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपजा के प्रदेश महामंत्री दीपक अग्निहोत्री ने की जबकि संचालन उपजा जिलाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक अरविंद द्विवेदी ने किया।

हिन्दी पत्रकारिता दिवस की अध्यक्षता कर रहे उपजा के प्रदेश महामंत्री दीपक अग्निहोत्री ने कहा कि 30 मई को हिन्दी पत्रकारिता दिवस मनाते और अपने अतीत को याद करते हैं। यहां 1918 को हिन्दी पत्रकारिता का शुभारंभ हुआ। कहा जालौन को हिन्दी पत्रकारिता की जननी कहा जाता है। कोटरा के रहने वाले मूलचन्द गुप्ता ने दैनिक विश्व मित्र निकाला जो जनपद जालौन से ही प्रकाशित हुआ। पत्रकारिता गोष्ठी को वरिष्ठ पत्रकार केपी सिंह, वीरेन्द्र सिंह यादव, श्रवण कुमार द्विवेदी, वरिष्ठ अधिवक्ता यज्ञदत्त त्रिपाठी, मुन्ना लाल चौरसिया, राकेश तिवारी, सुनील शर्मा ने सम्बोधित करते हुए पत्रकारिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस मौके पर प्रमुख रूप से राकेश बाथम, मुन्नेश, शलिल तिवारी, अमित द्विवेदी, सुधीर पाठक, रमाशंकर शर्मा, अकील रिजवी, महेश द्विवेदी सर, प्रदीप दीक्षित सपा नेता, बृजेश बादल, हेमंत सिंह दाऊ, कमलकांत द्विवेदी, वीरेन्द्र सिंह चौहान, जगत यादव, हरीमोहन पुरवार, युद्धवीर सिंह कंथारिया, पूर्व जिला पंचायत सदस्य लाखन सिंह कुशवाहा, सुदामा दीक्षित पूर्व ब्लाक प्रमुख, राजेश द्विवेदी, संजय शर्मा, विष्णु चतुर्वेदी खोजी सहित दर्जनों की संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

# सर्वजातीय सामूहिक विवाह में 6 जोड़ों ने थामा एक-दूजे का हाथ

संवाददाता माधोगढ़, जालौन

**अमृत विचार।** महाकाल सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित हुए सर्वजातीय सामूहिक कन्या विवाह महायज्ञ में 6 जोड़ों ने एक दूसरे को वरमाला पहनाकर साथ जीने मरने की कसमें खाई इस दौरान मौजूद अतिथियों ने सभी नवयुगल को सुखी दांपत्य जीवन का आशीर्वाद दिया।

माधोगढ़ नगर के महक गेस्टहाउस में महाकाल सेवा समिति की ओर से सर्वजातीय सामूहिक कन्या विवाह महायज्ञ में मुख्य अतिथि चेयरमेन राघवेंद्र व्यास ने कहा कि सामूहिक विवाह की अवधारणा से शादियों में होने वाली फिजूलखर्ची पर रोक लगी है। ऐसे परिवार जिन्हें बेटियों के विवाह के लिए साहूकारों से कर्ज लेना पड़ता था उन्हें इस प्रकार के आयोजन से काफी हद तक लाभ मिलता है। विशिष्ट अतिथि दीपक राजावत ने कहा कि सर्वसमाज को ऐसे आयोजनों में भाग लेना चाहिए। समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों को भी इस परंपरा को बढ़ाना देना चाहिए ताकि और लोग जागरूक हो सकें। कार्यक्रम संयोजक ऋषि राणा ने कहा कि सामूहिक विवाह के आयोजन हालांकि बढ़े हैं लेकिन इस दिशा में और प्रयास की आवश्यकता है। लोग इस प्रकार के आयोजनों में भाग लेने से कतराते हैं जो उचित नहीं है। कार्यक्रम सह सयोजक पूर्व नगर अध्यक्ष सपा आशुतोष दुबे ने कहा कि सामूहिक विवाह आयोजन से एक ही स्थान पर कई जोड़े विवाह के बंधन में बंध जाते हैं। इससे अलग अलग होने वाले खर्च में कटौती होती है, यह परंपरा बनी रहनी चाहिए। ताकि सभी वर्गों के लोग इन आयोजनों से लाभांवित हो सकें। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जहां 6जोड़ों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच एक दूसरे को वरमाला पहनाई।



सामूहिक विवाह समारोह में मौजूद लोग। अमृत विचार

# ढाबा व घर में लगी आग, दमकल ने पहुंचकर पाया काबू

संवाददाता कालपी(जालौन)

**अमृत विचार।** गुरुवार को कालपी तहसील क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों में अग्निकांड की घटनाएं हो गईं। दमकल वाहन लेकर मौके पर पहुंचे कर्मचारियों को आग बुझाने के लिए मेहनत करनी पड़ी। अग्निशमन अधिकारी एमपी वाजपेई ने बताया कि ग्राम छौक राष्ट्रीय राजमार्ग में ज्ञान भारती चौकी के पास चमेली ढाबा में आग लगने की सूचना पर विभाग की टीम दमकल वाहन लेकर मौके पर पहुंच गई तथा आग पर नियंत्रण कर लिया। इस दौरान दावा का छप्पर तथा सामान जलकर नष्ट हो गया। गनीमत रही कि ढाबा काफी दिनों से बंद चल रहा था। इसी तरह ग्राम देवकली मुस्तकिल में घूरे में आग सुलगने लगी धीरे-धीरे आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। अग्निशमन वाहन लेकर दमकल वाहन लेकर मौके पर पहुंचे तथा आग बुझाई।

### पेट्रोलपंप में की मॉकड्रिल

**कालपी जालौन।** गुरुवार को उसरगांव-आटा हाईवे रोड में स्थित सीएनजी गैस वितरण के प्रमुख केंद्र कृष्णा फिलिंग स्टेशन के परिसर में अग्निशमन अधिकारी कालपी एमपी वाजपेई के नेतृत्व में मॉक ड्रिल अभियान चलाया गया। इस दौरान मौजूद नागरिकों, पंम्प कर्मचारियों को आग पर नियंत्रण करने के लिए तमाम प्रकार की जानकारियां देते हुए जागरूक किया गया। पेट्रोल पम्प में आयोजित माक ड्रिल के प्रदर्शन में अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि अग्निकांड की घटनाओं को रोकने के लिए नागरिकों को खुद सचेत होने की जरूरत है। आग लगने की घटना हो जाए तो तमाम तरीकों से आग पर नियंत्रण किया जा सकता है। उन्होंने उपस्थित नागरिकों को अग्नि शमन उपकरण स्थापित करने के लिए सुझाव दिये।



पेट्रोलपंप पर मॉकड्रिल करते दमकल कर्मी। अमृत विचार

# हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

**उरई।** हत्या के एक मामले में जिला एडीजे प्रथम न्यायालय ने दोषी को आजीवन कारावास तथा 25 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। थाना कदौरा में पंजीकृत अभियोग में न्यायालय द्वारा अभियुक्त जनक पुत्र रामलाल निवासी ग्राम बड़ागांव थाना कदौरा जनपद जालौन को वादी के माता-पिता की हत्या करने का दोषी मानते हुए फैसला सुनाया है।

## सार-संक्षेप

### बार एसोसिएशन अध्यक्ष बने भूपेंद्र

**जालौन।** बुंदेलखंड बार एसोसिएशन जालौन के वार्षिक चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से एल्डर कमेटी के अध्यक्ष एपी सिंह निरंजन एडवोकेट, अशरफ अली एडवोकेट, अजीज अहमद एडवोकेट, योगेश चंद्र त्रिपाठी एडवोकेट, राम धीरज सिंह एडवोकेट की देखरेख में संपन्न हुए। चुनाव अधिकारी जेपी श्रीवास्तव एडवोकेट एवं उमेश दीक्षित एडवोकेट ने बताया कि अध्यक्ष पद पर भूपेंद्र लिटोरिया 64 मत प्राप्तकर विजय घोषित किए गए। उन्होंने जितवार सिंह को पराजित किया। जबकि सचिव पद पर ओमकार दीक्षित 62 मत प्राप्त कर विजय घोषित किए गए। उन्होंने नरेंद्र बाबू द्विवेदी एडवोकेट को 22 मतों से पराजित किया। 102 अधिवक्ताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। ज्ञातव्य है कि वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर अमित श्रीवास्तव एडवोकेट एवं कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य पद पर हर्षित राय एडवोकेट एवं मुलायम सिंह यादव एडवोकेट पहले ही निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए जा चुके हैं। नवनिर्वाचित पदाधिकारी को अधिवक्ता बंधुओं ने माल्यार्पण कर बधाई दी।

### बेरी वाले बाबा का उर्स 1 व 2 जून से

**जालौन।** बेरी वाले बाबा का 84वां दो रोजा उर्स मुबारक 1 व 2 जून को मनाया जाएगा। उर्स कमेटी के अध्यक्ष अनुभव चतुर्वेदी एडवोकेट एवं उर्स कमेटी के चीफ कंट्रोलर हाफिज अब्दुल जब्बार ने बताया कि उर्स की शोभा बढ़ाने के लिए देश के मशहूर कब्बाल युसुफ शोला मुम्बई, गुलाम बारिश दिल्ली आदि कलाकार शिरकत करेंगे।

व्यवस्था — जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजकीय मेडिकल कॉलेज में गणना पर्यवेक्षकों को दिया प्रशिक्षण।

# मतगणना स्थल पर मोबाइल, कैलकुलेटर का नहीं कर सकेंगे प्रयोग

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने राजकीय मेडिकल कॉलेज के थियेटर लैब में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 मतगणना के लिये गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायक व मतगणना माइक्रो आब्जर्वर को मतगणना संबंधी प्रशिक्षण एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होने कहा कि मतगणना नवीन विशिष्ट मण्डी कालपी रोड, उरई में 4 जून को प्रातः 8 बजे से प्रारम्भ होकर मतगणना की समाप्ति तक चलेगी। उन्होने कहा कि मतों की गणना निर्वाचन प्रक्रिया का सबसे महत्वपूर्ण चरण हैं, मतगणना हॉल में मोबाइल, लाइटर, आई पैड, कैलकुलेटर, पान, पान मसाला, सिगरेट ले जाना पूरी तरह प्रतिबंधित है। मतगणना हॉल में वीडियो कैमरों से मतगणना प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की जायेगी, जिससे आपकी प्रत्येक गतिविधि पर नजर रहेगी। उन्होने समस्त मतगणना कार्मिकों से कहा कि मतगणना ड्यूटी परिचय पत्र पर समस्त प्रविष्टियां भरते हुये अपना नवीनतम फोटोग्राफ लगा कर कार्यालयाध्यक्ष द्वारा प्रमाणित करा लें। फोटोयुक्त ड्यूटी परिचय पत्र पर जिला निर्वाचन अधिकारी की मुहर लगवाकर प्राप्त करलें, बिना परिचय पत्र के मतगणना स्थल में प्रवेश सम्भव नहीं होगा। उन्होने समस्त मतगणना कार्मिकों को 4 जून को निर्धारित मतगणना स्थल पर प्रातः 6 बजे अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत मतगणना के लिए प्रत्येक विधानसभा में चुनाव आयोग के निर्देशानुसार 14 मतगणना टेबल और 1 टेबल रिटर्निंग आफिसर एवं सहायक स्टाफ के लिये लगायी जायेगी। 1 टेबल प्रेक्षक महोदय की सहायता के लिये लगायी जायेगी जिस पर 2 माइक्रो ऑब्जर्वर रहेंगे, आरओ टेबिल पर डाक मतपत्रों की गणना की जायेगी। उन्होने कहा कि रिजर्व मतगणना कार्मिक प्रत्येक विधानसभा की मतगणना हेतु उनके लिये निर्धारित किये गये स्थान पर निर्दिष्ट काउण्टर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के उपरान्त अग्रिम आदेशों तक उपस्थित रहेगे तथा दिये गये निर्देशों का अनुपालन करेगे। उन्होने कहा कि प्रत्येक गणना टेबिल पर 01 माइक्रो ऑब्जर्वर की नियुक्ति होगी। उन्होने कहा कि प्रत्याशी या मतगणना अभिकर्ता प्रवेश करते समय अपना फोटोयुक्त मतगणना पास लगाकर ही प्रवेश करेंगे। प्रथम चक्र की मतगणना समाप्त होने के बाद ही द्वितीय चक्र की शुरू की जायेगी।



गणना पर्यवेक्षकों को जानकारी देते डीएम राजेश कुमार पांडेय। अमृत विचार

### ग्रीन पेपर सील पर लिखे नंबर को सुरक्षित रखें

कन्ट्रोल यूनिट की जांच होने के बाद ग्रीन पेपर सील पर लिखे नम्बर को सुरक्षित रखते हुए खोलेंगे एवं रिजल्ट खण्ड में लगे हुए एड्रस टैग को हटाकर रिजल्ट खण्ड का बाहरी कवर खोल कर कन्ट्रोल यूनिट में रिजल्ट बटन दबाकर डिस्प्ले पैनल पर प्रदर्शित प्रत्याशीवार प्राप्त मतों को नोट करेगे, कन्ट्रोल यूनिट को इस स्थिति में रखेंगे, डिस्प्ले पैनल पर प्रदर्शित प्रत्याशीवार मतों की गणना अभिकर्ता, माइक्रों ऑब्जर्वर को आसानी से दिखे। उन्होने कहा कि प्रत्येक चक्र की मतगणना में ऑब्जर्वर द्वारा रैण्डम आधार पर चयनित 02 कन्ट्रोल यूनिट के परिणाम की जांच की जायेगी, रैण्डम चैकिंग के लिये माइक्रो ऑब्जर्वर तथा गणना शीट से मिलान किया जायेगा, जिस टेबिल की गणना गलत पायी जाती है उस टेबिल से संबंधित सभी पूर्ववर्ती की चक्रो की गणना पुन: ही जायेगी। उन्होने कहा कि मतगणना का परिणाम आरओ द्वारा मतगणना परिणाम, गणना टेबल से प्राप्त मतों की गणना शीट के आधार पर टेबिल संख्या, चक्र वार, मतदान स्थलवार, प्रत्याशीवार निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रारूप पर तैयार किया जायेगा। प्रशिक्षण के दौरान अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शिवाकांत द्विवेदी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार, जिला विकास अधिकारी सुभाष चन्द्र त्रिपाठी, राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर राघवेंद्र सिंह, संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा इंटरमीडिएट का अंकपत्र सह प्रमाणपत्र वर्ष 2018 अनुक्रमांक 1096120 वास्तव ने कहीं खो गया है। मैने पंडित दीन दयाल उपाध्याय बालिका इंटर कॉलेज मवई उन्नाव से पढ़ाई की थी। **विनीता यादव पुत्री छोटेलाल, निवासी पूरे नक्का मजरे मलिक मऊ चौबारा, जिला रायबरेली।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पुत्र शैलेश कुमार मौर्य के विद्यालय दस्तावेजों में उसकी जन्मतिथि त्रुटिवश 20.11.2008 तथा मेरा नाम प्रेम नारायण मौर्या दर्ज हो गया है जो गलत है। जबकि मेरे पुत्र की सही जन्मतिथि 11.08.2008 तथा मेरा सही नाम प्रेम नारायण है जो कि मेरे व मेरे पुत्र के आधार कार्ड पर भी दर्ज है। अत: मेरे पुत्र के विद्यालय दस्तावेजों में उसकी जन्मतिथि व मेरा नाम सही दर्ज किया जाये। **प्रेम नारायण पुत्र भगौती प्रसाद निवासी ग्राम परसेहरा खुर्द पोस्ट मजलिसपुर थाना खैराबाद तहसील व जिला सीतापुर।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस UP34/2005/0070383 दिनांक 24.01.2005 में त्रुटिवश मेरा नाम मोहम्मद अरशद व पिता का नाम मो0 नसीम दर्ज हो गया है जो गलत है। जबकि मेरा सही नाम मोहम्मद अरशद अंसारी व मेरे पिता का सही नाम नसीम अहमद है जो कि आधार कार्ड पर अंकित है। अत: मेरे उपरोक्त ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा व मेरे पिता का सही नाम दर्ज किया जाये। **मोहम्मद अरशद अंसारी पुत्र श्री नसीम अहमद निवासी- 102, मियागंज बिसवां जिला सीतापुर।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं अपने छोटे पुत्र वीरेंद्र सिंह को उनके गलत आचरण व व्यवहार के कारण संबंध विच्छेद कर लिया था परंतु वर्तमान में वीरेंद्र सिंह के कार्य व्यवहार व आचरण में सुधार के कारण संबंध विच्छेद की कार्यवाही समाप्त करता हूं। **गिरजा बक्श सिंह पुत्र स्व0 शिव विहार सिंह नि0 ग्राम मोहरी कला पोस्ट मोहरी खुर्द जिला लखनऊ।**

# गर्मी में हांफे ट्रांसफार्मर, ओवरलोड हो गए उपकेंद्र

## शहर के आबू नगर उपकेंद्र से रात में कई बार हुई ट्रिपिंग, विभाग 24 घंटे रख रहा फाल्ट पर नजर

संवाददाता, फतेहपुर


**अमृत विचार।** भीषण गर्मी में बिजली के ट्रांसफार्मर हांफ रहे हैं। उपकेंद्र ओवरलोड हो रहे हैं। ट्रिपिंग हावी है। कई स्थानों पर बंच केबिलें भी जल रही हैं। आपूर्ति बनाये रखने के लिए बिजली कर्मियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। लोग परेशान हो रहे हैं।

शहर में लाखों बिजली विभाग के उपभोक्ता हैं। उपकेंद्रों से शहर के बिजली उपभोक्ताओं को आपूर्ति दी जाती है। गर्मी ने बिजली आपूर्ति पर बड़ा असर डाला है जिस तरह से मौसम तीखा हुआ है उसके चलते उपकेंद्र ओवरलोड हो गये हैं। बिजली की आपूर्ति फीडरों से दिन और रात में कई बार ट्रिप कर रही है। बिजली कर्मियों को फाल्ट की जानकारी मिलते ही वह रातदिन इसे सुधारने में जुटे हैं। कड़ी मशक्कत के बाद बिजली की आपूर्ति बहाल कर उपभोक्ताओं को राहत दे रहे हैं। आबू नगर फीडर पर ट्रिपिंग सबसे ज्यादा हो रही है। इसी तरह


शान्तीनगर बिजली उपकेन्द्र। अमृत विचार

हरिहरगंज और शांतिनगर फीडर भी झटके पर झटका दिया जा रहा है। बिजली कर्मी आपूर्ति बनाये रखने के लिए पूरी निगरानी में हैं। अवर अभियंता तो रात में उपकेंद्रों पर ही रुक रहे हैं जिससे बिजली आपूर्ति में कोई दिक्कत न आये। मौसम जो तीखा हुआ है उसके कारण समस्या हो रही है लेकिन फिर भी बिजली कर्मी कड़ी मशक्कत कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में चौडगरा का उपकेंद्र भी ओवरलोड है। रात में फाल्ट सबसे अधिक हो रहे हैं। ट्रिपिंग काफी हो रही है। उपकेंद्र पर ट्रांसफार्मर गर्म हो रहे हैं। ऐसे में कोई बड़ी दिक्कत न आ जाये इसको ध्यान में रखते हुये पानी डाला जा रहा है। अर्थिंग का भी ध्यान रखा जा रहा है। अमौली उपकेंद्र की हालत भी खराब चल रही है। बजरिया इलाके में लोग खासे परेशान हैं। कांशीराम कालोनी तक दिक्कत है। ट्रिपिंग हावी है। बिजली तक लोगों को इंतजार करना पड़ता है। कुटरा उपकेंद्र से फतेहगढ़ के इलाके में आपूर्ति होती है यहां भी दिक्क ते हैं। ट्रिपिंग गर्मी में बढ़ गयी है। बिजली को लेकर हर तरफ दिक्कत है। नगर के अधिशासी अभियंता बताते हैं कि शहरी क्षेत्र में बिजली आपूर्ति पर नजर रखी जा रही है। गर्मी के कारण कुछ दिक्कतें आती हैं उन्हें ठीक कर आपूर्ति उपभोक्ताओं को दी जा रही है जिससे दिक्कत न हो। वहीं ग्रामीण इलाकों में एक बार ट्रिपिंग होने के बाद लोगों को बिजली के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है।

### गर्मी और लो वोल्टेज से एसी-कूलर हो रहे बेकार



- जिला मुख्यालय और शहरी क्षेत्र में लगातार ट्रिपिंग हो रही है। उपभोक्ताओं को चौबीस घंटे में मुश्किल से 12 से 14 घंटे बिजली मिल पा रही है। प्रचंड गर्मी और लो वोल्टेज के चलते एसी, कूलर हांफने लगे हैं। रात के समय हाल यह रहा कि अधिकतर जगहों पर लो वोल्टेज की वजह से एसी चल नहीं सकें। उमस के चलते लोगों की रात करवटें लेते ही गुजरीं। उधर, अधिक तापमान की वजह से विद्युत उपकेंद्रों पर मशीनें लगातार गर्म हो रही हैं। इससे बार-बार मशीनों को बंद करना पड़ रहा है। ट्रिपिंग की समस्या को खत्म करने के लिए विद्युत विभाग ने कई उपकेंद्रों पर कूलर की व्यवस्था कराई है ताकि मशीनों के ठंडा रहने से ट्रिपिंग की समस्या न हो। जिला मुख्यालय और आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत समस्या विकराल होती जा रही है। सुबह करीब ग्यारह बजे से विद्युत कटौती शुरू हो जाती है। दिन से लेकर रात बारह बजे तक दर्जनों बार कटिंग होती है। इससे हर कोई बेहद परेशान है। जिले का अधिकतम तापमान 47 पार हो चुका है। कूलर, पंखा गर्म हवा फेंक रहे हैं। लाइट आने के बावजूद वोल्टेज कम आने की वजह से कूलर, एसी समेत अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण चल नहीं पा रहे हैं। इससे लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। विद्युत कटौती से घरों में महिलाएं, बच्चे इस विकराल गर्मी में परेशान हो रहे हैं।

# दो थाना क्षेत्रों में यमुना में मौरंग का अवैध खनन, नावों से ढुलाई

संवाददाता, किशनपुर

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र और खखरेरू थाना के सीमा पर यमुना नदी में काफी समय से मौरंग का अवैध खनन हो रहा है। किशनपुर और खखरेरू थाना में खनन अधिकारी पहले भी केस दर्ज करा चुके हैं।

दोनों थाना क्षेत्र की सीमा के मध्य मीनातारा मजरे गाजीपुर गांव समीप एक हिस्ट्रीशीटर और एक प्रधान के संरक्षण में लंबे समय से मौरंग का अवैध कारोबार जारी है। जहां यमुना के टापू से लाल सोना नाव में लादकर यमुना किनारे लाया जाता है। जिसके बाद ट्रैक्टर में लोड कर बेचा जाता है। जिस खेल में स्थानीय पुलिस के साथ विभागीय अधिकारी कर्मचारियों की भूमिका भी संदिग्ध है। इससे पहले भी नाव से और मजदूरों से अवैध खनन कर मौरंग बेचने में एक बार किशनपुर थाना में एक हिस्ट्रीशीटर समेत चार के खिलाफ खनन अधिकारी ने केस दर्ज कराया था। जिस मामले में पुलिस ने खेल कर हिस्ट्रीशीटर का नाम हटा दिया था।


नाव के सहारे यमुना नदी में हो रहा अवैध मौरंग खनन। अमृत विचार

- दो बार दर्ज हो चुका है खनन माफियाओं पर केस

उसके कुछ समय बाद फिर से अवैध खनन का वीडियो वायरल होने पर खनन अधिकारी ने खखरेरू थाना में खेल करते हुए प्रमुख लोगों को छोड़ कुछ नाविकों और मजदूरों के खिलाफ केस दर्ज कराया था। जिसके बावजूद यमुना में अवैध खनन पर रोक नहीं लग रही है। धड़ल्ले से हिस्ट्रीशीटर और एक सत्ता पक्ष के ग्राम प्रधान के संरक्षण में रोज सैकड़ों फुट मोरंग चोरी कर बेची जा रही है। मामले में खागा एसडीएम अतुल कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है मामले में जांच कराएंगे, दोषियों पर कार्रवाई होगी।

# खखरेरु क्षेत्र में मुठभेड़, पुलिस की गोली से दो बदमाश घायल

संवाददाता, खखरेरू

- पुलिस ने घायल बदमाशों को अस्पताल में भर्ती कराया
- लूट में गई जेवरात, नकदी और बाइक बरामद

**अमृत विचार।** खखरेरू थाना क्षेत्र में गुरुवार की सुबह पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गए। पुलिस ने घायल बदमाशों को गिरफ्तार करते हुए अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस टीम ने बदमाशों के पास से लूट के जेवरात, नगदी तमँचा और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की है।

एसपी उदय शंकर सिंह ने बताया कि खखरेरू थाना क्षेत्र में 30 अप्रैल को अज्ञात बदमाशों ने लूट पाट की थी। पुलिस लगातार बदमाशों की तलाश कर रही थी। गुरुवार को भोर पहर खखरेरू थानाध्यक्ष और उनकी टीम के साथ दामपुर घाट रोड(कबरे तिराहा) के पास लूटेरो की मुठभेड़ हो गई। बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग की। जवाबी कार्यवाई में पुलिस की फायरिंग में दो बदमाश आसिफ ऊर्फ छोटा निवासी इजुरा बुजुर्ग सुल्तानपुर घोष और जीशान निवासी खागा गोली लगने से घायल हो गए। बदमाशों के पास से पुलिस ने सोने चांदी के जेवरात, 13 हजार नगद और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की है। एसपी ने बताया कि बाइक चोरी की है जो कानपुर से चोरी की गई थी।


मुठभेड़ स्थल का निरीक्षण करते सीओ खागा। अमृत विचार

## राष्ट्रीय लोक अदालत 13 जुलाई को

**फतेहपुर।** जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रणंजय कुमार वर्मा के नेतृत्व में बुधवार को सभी न्यायिक अधिकारियो के साथ आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में बैठक की गई। 13 जुलाई को होने वाले आयोजन को लेकर सफल आयोजन एवं अधिकाधिक वादों के निस्तारण के लिए मीटिंग कक्ष में बैठक की गयी।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रणंजय कुमार वर्मा द्वारा आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 13 जुलाई के सफल आयोजन के लिए सभी न्यायिक अधिकारियों को अधिकाधिक वादों को चिन्हित कर निस्तारण के लिए निर्देश दिया गया। एमवी एक्ट के ई-चालान, आपराधिक शमनीय वादों को चिन्हित कर समझौता से निपटाने के लिए निर्देशित किया गया है।

# छात्रा के अश्लील पोस्टर लगाने वाले युवक पर एफआईआर

संवाददाता, फतेहपुर

- सहेली के मौसेरे भाई ने दिया था घटना को अंजाम
- पुलिस ने शुरू की आरोपी की तलाश

**अमृत विचार।** छात्रा के बनाए अश्लील पोस्टर कई गांव में फेंकने और चिपकाने वाले युवक के खिलाफ आईटी एक्ट समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। जबरदस्ती का विरोध करने की खुन्नस में युवक ने घटना की है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।

ललौली थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने एफआईआर में बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री की विद्यालय में साथ पढ़ने वाली दूसरे गांव की छात्रा से दोस्ती थी। उसकी पुत्री सहेली के जन्मदिन में शामिल होने गई थी। पुत्री से सहेली का मौसेरा भाई वंश ठाकुर निवासी देवीगंज थाना राधानगर मिला था। वह पुत्री से बातचीत करने लगा। कुछ दिन बाद संबंध बनाने का दबाव बनाने लगा। मना करने पर कोचिंग से लौटते समय बेटी को जबरदस्ती खेत की ओर खींच ले जाने लगा था। चीख पुकार पर आसपास के लोग पहुंचे थे। जहां वंश ठाकुर पुत्री को बदनाम कर जान से मारने की धमकी देकर चला गया था। इसी खुन्नस में पुत्री की चेहरे की फोटो में अश्लील फोटो लगाकर जगह-जगह हजारों पोस्टर चिपकाए और फेंके हैं। सोशल मीडिया पर भी वायरल किया है। घटना से पुत्री सदमे में है। वह किसी का सामना तक नहीं कर पा रही है। प्रभारी निरीक्षक तारकेश्वर राय ने बताया कि दुष्कर्म का प्रयास, धमकी, पॉक्सो एक्ट आदि में मुकदमा दर्ज किया है।

## सार-संक्षेप

### एटीएम में छेड़छाड़ कर कैश निकालने का प्रयास

**फतेहपुर।** शहर के पक्का तालाब स्थित एक एटीएम बूथ में दो युवको ने घुसकर मशीन से छेड़छाड़ करते हुए रुपये चुराने की कोशिश की। हालांकि बदमाश अपने मंसूबे में कामयाब नहीं हो पाए। पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है। एटीएम कम्पनी के कर्मचारी ने मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस से की हैं। सदर कोतवाली क्षेत्र के रामगंज पक्का तालाब निवासी विवेक सिंह ने बताया कि वक्रांगी लिमिटेड कम्पनी का एक एटीएम पक्का तालाब तिराहे पर लगा हुआ हैं। एटीएम बूथ पर बुधवार की रात साढ़े सात बजे दो युवक घुसे। उन्होंने एक चाभी से एटीएम का पल्ला खोलते हुए कैश टेम्परिंग की कोशिश की। घटना वहां पर लगे सीसी टीवी मे कैद हुई हैं। उन्होंने बताया कि मामले की शिकायत पुलिस से की हैं।


एटीएम मशीन से छेड़छाड़ करते दो युवक।

### नलकूप के हौद में उतरा करंट, किशोर की मौत

**थरियांव।** नलकूप में नहाने गया एक किशोर करंट की चपेट में आकर झुलस गया। किसी तरह उसे पानी से निकालकर गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाया गया, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। किशोर की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थरियांव थाना क्षेत्र के सुखपुर गांव निवासी सूरजभान का पुत्र साजन गुरूवार सुबह घर से नलकूप में नहाने के जाने के लिए निकला था। बताया जा रहा है नलकूप के आसपास कई लोग खेतों में काम भी कर रहे थे। साजन नलकूप में पहुंचकर हौद में कूद गया और नहाने लगा। इसी दौरान हौद में करंट उतर आया। उसे तड़पता देख आसपास खेत में काम कर रहे लोगों ने शोर मचाते हुए नलकूप बंद किया और किसी तरह से उसे हौद से बाहर निकाला। इसी दौरान सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मचा रहा। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### ट्रेन के जनरल डिब्बों में यात्रियों को बांटा पानी

**फतेहपुर।** इंडियन रेडक्रास सोसाइटी व डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में चेयरमैन डॉ अनुराग श्रीवास्तव द्वारा रेलवे स्टेशन में चिलचिलाती गर्मी को देखते हुए यात्री गाड़ियों के जनरल डिब्बे में बैठे यात्रियों की प्यास बुझाने के लिए अपने सहयोगियों के साथ शीतल जल वितरित किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जल सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है और इस कड़क धूप में एक बार भोजन न मिले चल सकता है पर पानी बहुत जरूरी है। इसके तहत लम्बी दूरी की यात्री गाड़ियों में यात्रियों को पानी तो गिलास में पिलाया ही गया साथ ही उनकी बोतलों में भरकर दिया गया। सभी सहयोगियों ने जनरल कोच में अंदर प्रवेश कर सभी को जल पिलाया। सभी यात्री डॉ अनुराग व उनके सहयोगियों द्वारा किये जा रहे काम की सराहना की। डॉ अनुराग ने यह भी बताया कि इस भीषण गर्मी को देखते हुए यह सेवा अभी आगे भी जारी रहेगी। इस मौके पर महेंद्र शुक्ल संरक्षक इंडियन रेडक्रास सोसाइटी, पपिन्दर सिंह पूर्व प्रधान गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी, संजय श्रीवास्तव सलाहकार इंडियन रेडक्रास सोसाइटी, दिलीप कुमार श्रीवास्तव कार्यकारिणी सदस्य, आजीवन सदस्य केके सिंह, सुरेश श्रीवास्तव, आशीष द्विवेदी, सुनील साहू, अजय अवस्थी, राहुल साहू, जीतू जोशी सहित मणिशंकर मिश्रा स्टेशन अधीक्षक, महेंद्र गुप्ता रहे।

# तेज रफ्तार बस बिजली के पोल से टकराई, हादसा टला

संवाददाता असोथर

- बांदा जा रही थी रोडवेज की बस, रास्ते में हुआ हादसा
- हादसे में यात्री बाल-बाल बचे भाग निकला चालक

**अमृत विचार।** तेज रफ्तार बसों के कारण असोथर में यात्रियों की जान के साथ खिलवाड़ हो रहा है। गुरुवार सुबह असोथर से फतेहपुर वाया बांदा जा रही रोडवेज बस असोथर नगर पंचायत के खलवा मंडी स्थित सड़क किनारे लगे बिजली के पोल से जा टकराई। टक्कर माग्रामीणों और राहगीरों ने बताया कि बस की रफ्तार काफी अधिक थी। जिससे बिजली का पोल टूट गया और बड़ा हादसा होने से टल गया।

ग्रामीणों ने बताया कि बिजली के खंभे को तोड़ते हुए बस चालक मौके से फरार हो गया। वहीं ग्रामीणों में चर्चा रही कि रोडवेज चालक अधिकतर शराब पीकर वाहन चलाते हैं। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि कई माह पूर्व रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार एक युवक और युवती की मौत हो चुकी है। जिसका मुकदमा असोथर थाना में दर्ज है। जिला प्रशासन और क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को ग्रामीणों, संघ-संगठनों व राजनीतिक दलों द्वारा बढ़ते सड़क हादसों विशेषकर बसों की तेज रफ्तार पर नियंत्रण के लिए लगातार ज्ञापन दिए जा रहे हैं लेकिन जांच के नाम पर खानापूर्ति की कार्रवाई से हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं।

## सुबह आठ बजे से शुरू होगी मतगणना

**फतेहपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग आफिसर सी. इन्दुमती ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में फतेहपुर संसदीय क्षेत्र की मतगणना चार जून की सुबह आठ बजे से मतगणना समाप्ति तक कृषि उत्पादन मण्डी समिति, बांदा-सागर रोड में सम्पन्न होनी है।

बताया कि बुधवार को आयोजित वीडियो कान्फ्रेसिंग में दिये गये रिटर्निंग ऑफिसर के हैण्डबुक के पैरा-15.4.2 एवं 15.4.5 एवं 15.6.3 में उल्लिखित शर्तों के आधार पर मतगणना स्थल पण्डाल में किसी भी प्रकार का कोई गैजेट जैसे मोबाइल, आई पैड, लैपटॉप, कैलकुलेटर और इसी तरह के इलेक्ट्रॉनिक सामग्री मतगणना हॉल के अन्दर ले जाना पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगा।

# जेल के निरीक्षण में दुरुस्त मिलीं व्यवस्थाएं

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** अपर जिला जज अजय सिंह प्रथम ने गुरुवार को जिला कारागार में निरूद्ध बंदियों के अधिकारों एवं उनकी समस्या से सम्बन्धित निपटाने के लिए जिला कारागार का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिला कारागार में सम्पूर्ण साक्षरता अभियान के तहत जिला कारागार में बंदियों को साक्षर किया जा रहा है जिससे कोई भी बंदी अशिक्षित न रहे। वहीं पाकशाला का निरीक्षण किया गया। जिसमें सुबह के भोजन में रोटी-चावल, अरहर की दाल व आलू बैंगन की सब्जी बनी पायी गयी। यहां करीब 35 बन्दी काम करते हुए मिले। पाकशाला में सफाई व्यवस्था दुरुस्त पाया गया एवं भोजन गुणवत्ता पूर्ण पाया गया।


कारागार का निरीक्षण करते अपर जिला जज अजय सिंह। अमृत विचार

इसके अलावा पुरुष एवं महिला बन्दियो के बैरको के निरीक्षण कर उनके विधिक अधिकारो के विषय पर जागरूक करते हुए बताया गया कि प्रत्येक बंदी को कानून में विभिन्न प्रकार के विधिक अधिकार प्राप्त है जैसे किसी बंदी के पास अधिवक्ता नहीं होता है तो जेल अधीक्षक के माध्यम से कार्यालय जिला विधिक सेवा को निशुल्क अधिवक्ता प्राप्त करने का प्रार्थना पत्र दे सकते है। वर्तमान समय में लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल सिस्टम के माध्यम से निशुल्क पैरवी कराई जा रही है।

समस्या गंभीर — दो हजार हैंडपंप रीबोर होने को हैं, पशु-पक्षी व मवेशी परेशान

# अमृत सरोवरों से गायब 'अमृत', हैंडपंपों के भी सूखे 'कंठ'

कोढ़ में खाज की कहावत

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** जनपद में गर्मी के साथ ही पानी का संकट गहराने लगा है। जिले में अधिकांश हैंडपंप जवाब दे चुके हैं। जबकि करीब दो हजार हैंडपंप रीबोर की स्थिति में हैं। अधिकांश पुराने तालाबों में इस समय पानी के अभाव में धूल उड़ रही है। जबकि लाखों रुपये खर्च करने के बाद बनवाए गए अमृत सरोवरों से भी अमृत गायब है। इससे पानी का संकट अभी से विकराल रूप लेने लगा है।

भूगर्भ विभाग के सर्वेक्षण में जिले में हर साल 20 से 25 सेमी की दर से जलस्तर में गिरावट आ रही है। मानसून के पहले कराए गए सर्वेक्षण के अनुसार अधिकतर सभी ब्लॉकों में भूगर्भ जलस्तर में भी गिरावट के संकेत मिले हैं। यमुना बेल्ट के गांवों में अभी भी जलस्तर में गिरावट जारी है। जिले में अधिकांश तालाब सूखे होने तथा कुछ की तलहटी में पानी बचने से पशु-पक्षियों के लिए पानी का संकट गहरा गया है। पांच साल पहले जिला प्रशासन की ओर से कराए गए सर्वेक्षण में पानी की उपलब्धता वाले तालाबों में नहरों व सरकारी नलकूपों से पानी भराने की सुविधा होने की बात सामने आई थी। जबकि तालाबों में पानी भराने के लिए कोई साधन नहीं होने का खुलासा हुआ था। जनपद के ज्यादातर गांवों में अधिकांश तालाब सूखे पड़े हैं। जबकि पिछले साल बनाए गए अमृत सरोवरों में अमृत गायब होने से मवेशियों व पक्षियों के लिए पानी का संकट बना हुआ है।


मुराइन टोला में ढूंठ बना हैंडपंप। अमृत विचार


विजयीपुर ब्लाक के मानूपुर मजरे कुल्ली का सूखा तालाब। अमृत विचार

### पानी के अभाव में सूखने लगी जायद की फसलें, निजी नलकूपों की सिंचाई पड़ रही महंगी

- भीषण गर्मी जायद व सब्जी की खेती करने वाले किसानों के लिए आफत बन गई है। कहने को जिले में सैकड़ों की संख्या में राजकीय नलकूप स्थित हैं। लेकिन अधिकांश नलकूप यांत्रिक व विद्युत दोष के चलते बंद पड़े हैं। जबकि इन नलकूपों को चलाने की जिम्मेदारी आपररेटरों पर है। इससे किसानों के समक्ष मूंग आदि जायद की व सब्जी की फसलों की सिचाई का संकट बना है। मजबूरी में प्राइवेट नलकूपों से महंगी सिचाई करने को किसान मजबूर हो रहे हैं।

## शातिर को दबोचकर 23 मोबाइल फोन किए बरामद

**फतेहपुर।** ललौली थाना क्षेत्र में तीन माह पूर्व दुकान से हुई मोबाईल चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक शातिर को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी के मोबाईल, नगदी, गांजा बरामद किया हैं।

पुलिस लाइन में घटना का खुलासा करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्र ने बताया कि छह फरवरी को बहुआ क़स्बा स्थित मोबाइल की दुकान की दीवार तोड़कर अज्ञात चोर 42 एंड्राइड मोबाईल चुरा ले गए थे। चोर दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हुआ था। पुलिस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर कर की तलाश कर रही थी। पुलिस टीम ने सीसीटीवी में कैद फुटेज के आधार पर लोगों से पूछताछ की। इसके अलावा पंपलेट में फोटो छपवा कर आसपास के गांव मे शिनाख्त कराई गई।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

यथा चतुर्भि : कनकं परीक्ष्यते निर्घषणच्छेदन तापताडनै : ।
तथा चतुर्भि : पुरुष : परीक्ष्यते त्यागेन शीलेन गुणेन कर्मणा ॥

घिसने, काटने, तापने और पीटने, इन चार प्रकारों से जैसे सोने का परीक्षण होता है, इसी प्रकार त्याग, शील, गुण, एवं कर्मों से पुरुष की परीक्षा होती है।

## संपादकीय

# संभावनाशील अर्थव्यवस्था

भारतीय अर्थव्यवस्था, व्यापक आर्थिक तथा वित्तीय स्थिरता के परिदृश्य में अगले दशक में वृद्धि की गति को तेज करने की स्थिति में है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए चालू वित्त वर्ष में सात फीसदी की आर्थिक विकास दर का अनुमान लगाया है। भारतीय अर्थव्यवस्था के आर्थिक विकास दर के लिए आरबीआई ने जो अनुमान दिया है वो जानकर राहत मिल सकती है। महत्वपूर्ण है कि यह दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि की सबसे तेज रफ्तार होगी। रिपोर्ट में कहा गया कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने 2023-24 (अप्रैल 2023 से मार्च 2024 वित्त वर्ष) में मजबूत गति से विस्तार किया जिससे वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर बढ़कर 7.6 प्रतिशत हो गई है। यह 2022-23 में सात प्रतिशत थी। यह लगातार तीसरे वर्ष सात प्रतिशत या उससे अधिक रही। ग्रामीण और शहरी परिदृश्यों में विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में, वृद्धिशील विकास में बढ़ोतरी हो रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों की आर्थिक गति में डीजल की खपत और दोपहिया वाहनों की बिक्री में तेजी देखी जा रही है। दूसरी ओर शहरी आर्थिक गति में यात्री वाहनों की बिक्री, हवाई अड्डे पर यात्री यातायात, जीएसटी संग्रह, क्रेडिट कार्ड लेनदेन, पेट्रोलियम खपत और टोल संग्रह सभी चीजों में सुधार का संकेत है। यानी वित्त वर्ष 2023-24 में अर्थव्यवस्था ने लगातार चुनौतियों के बावजूद जुझारूपन दिखाया।

भारतीय अर्थव्यवस्था ने पिछले दशक में प्रबल एवं प्रत्यास्थी वृद्धि प्रदर्शित की है, जहां यह विश्व स्तर पर 10 वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से आगे बढ़ती हुई 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है और भारत जी-20 देशों के बीच सबसे तेजी से विकास करती अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हुआ है। हालांकि रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि भू-राजनीतिक तनाव, भू-आर्थिक विखंडन, वैश्विक वित्तीय बाजार में अस्थिरता, अंतर्राष्ट्रीय जिंस की कीमतों में उतार-चढ़ाव और अनिश्चित मौसमी घटनाक्रम वृद्धि के कम होने तथा मुद्रास्फीति के बढ़ने का जोखिम उत्पन्न करते हैं। भू-राजनीतिक तनाव, जैसे सीमा विवाद और व्यापार संघर्ष, वैश्विक व्यापार पैटर्न को बाधित कर सकते हैं। इसलिए आरबीआई ने इस बात पर भी जोर दिया कि भारतीय अर्थव्यवस्था को एआई/एमएल (कृत्रिम मेधा/मशीन लर्निंग) प्रौद्योगिकियों को तेजी से अपनाने के साथ-साथ बार-बार आने वाले जलवायु झटकों से उत्पन्न चुनौतियों का सामना करना होगा। भारतीय अर्थव्यवस्था के बेहतर प्रदर्शन और आगामी सरकार के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था के संभावनाशील क्षेत्रों रोजगार के अवसर सृजित करना, निजी निवेश का पुनरुद्धार करना, कृषि सुधार, घरेलू उपभोग को बढ़ावा देना और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में एकीकरण पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है।

# बायोलॉजिकल इंसान की मातृ कथा


कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

आध्यात्मिकता सपने में थी। विज्ञान जीवन में रह गया। कोई कह गया है कि मुझे मेरी मां ने शायद पैदा किया हो। मां क्या संभावना होती है? कपूत तो संभावना हो सकता है। किसी ने एंटन चेखव के नाम से सच्ची झूठी कहानी सुनाई थी।



साढ़े तीन बरस का था। तब मां चली गईं। वह मां होने की संभावना नहीं थीं। उसकी नासूर वाली छाती में भी मुझे अपना बेटा बनाने की संभावनाओं का सपना लिए प्रजननशील रहीं। रोज उनसे बातें करता हूं। जीवित होतीं तो मैं भी कैमरामैन लेकर बार-बार जाता और मां के साथ तस्वीरें खिंचवाकर मीडिया में विज्ञापन के रेट में भी छपवाता। अमेरिका जाता तो वहां भी मां की याद में रोने का अनुष्ठान करता ही। मैं अगर जवान हो गया होता तो मां को कोई काम नहीं करने देता। बाजार में लाइन लगाने तो देता ही नहीं। वह जवानी क्या जो मां को संभावना कहे और डिजिटल क्रांति को वैज्ञानिक आध्यात्मिकता।

हां मैं बॉयोलॉजिकल एनिमल या अंधभक्त जुबान में देहधारी इंसान हूं। आसमान से नहीं टपका। मुझे मां की कोख ने जन्म दिया। यही वैज्ञानिक सच है। नाते रिश्तेदार, डॉक्टर, पास-पड़ोस के लोग गवाह हैं। अभी सुना कोई कह रहा था मुझे शायद मां ने जन्म दिया हो, लेकिन परमात्मा ने भेजा है। उसके भी दस साल पहले मुझे भी परमात्मा ने धरती पर भेजा। नासूर में गलती मां की जिंदगी खत्म होने को थी। कृष्ण भक्त नानी ने वृंदावन में तपस्या की। उन्हें सपने में कृष्ण ने आकर कहा जाओ तुम्हारी बेटी के घर वंश चिराग जलेगा, लेकिन उसे उसकी मां ही जन्म देगी। वह बायोलॉजिकल ट्रुथ होगा। बाई और नानी ने जान दे दी। तब भी मेरे बायोलॉजिकल ट्रुथ में आध्यात्मिकता नहीं आई। परमात्मा की भी इतनी हैसियत नहीं थी कि कह सकें कि इसे इसकी मां पैदा नहीं करेगी।

आध्यात्मिकता सपने में थी। विज्ञान जीवन में रह गया। कोई कह गया है कि मुझे मेरी मां ने शायद पैदा किया हो। मां क्या संभावना होती है? कपूत तो संभावना हो सकता है। किसी ने एंटन चेखव के नाम से सच्ची झूठी कहानी सुनाई थी। रात एक आदमी को प्यास लगी। उसने पानी पिया। बार-बार पिया। चाय पी। काफी पी। दूध पिया। सब पी लिया, लेकिन प्यास नहीं बुझी। फिर शराब पी। तब भी नहीं। प्यासे आदमी में हिंसा भड़कती है, लेकिन इन दिनों खासतौर पर गरीब तबके के लोगों को भी पीने का पानी नहीं मिलने से हिंसा क्यों नहीं भड़क रही है? अचानक उसे सड़क पर एक बच्चा दिखा। उस बच्चे को कैनिबॉल की तरह मारकर उसका खून पी लिया। प्यास तब भी नहीं बुझी। उसे गिरफ्तार कर फांसी पर चढ़ाने हुक्म हुआ। फांसी के तख्ते पर चढ़ रहा था। तब अचानक उसे याद आया। उसने चीखकर कहा। सुनो सब लोगों! मेरी प्यास क्यों नहीं मिट रही?

अब समझ आ गया। मुझे जन्म देते ही मां की मृत्यु हो गई। मैंने उसका स्तनपान नहीं किया। यह मेरी अमिट प्यास है। उसके लिए मर चुकी मां तक संभावना नहीं हो पाई। उसकी देह में प्राण बनी रही। लोग हैं कि मूछों पर ताव देते दाढ़ी पर हाथ फेरते कह लेते हैं कि संभावना है कि शायद मेरी मां ने मुझे पैदा किया हो। अंग्रेजी के विश्व प्रसिद्ध निबंधकार चार्ल्स लैंब मेरे बहुत प्रिय हैं। उनके एक लंबे निबंध 'ड्रीम चिल्ड्रन' याने स्वप्निल शिशु में महाकाव्यों जैसी त्रासद अनुभूतियां भी हैं। दिवास्वप्न देखते लेखक को आसमान में दो बच्चे दिखते हैं। एक लड़का। एक लड़की। दोनों कहते हैं तुमने हमारी मां को धोखा दिया। उससे प्यार किया, लेकिन शादी नहीं की। हमारी मां ने हमें जन्म देने के बाद आत्महत्या कर ली। तुम हमारे हत्यारे पिता हो। मां से ज्यादा हमारे। लेखक पिता पूछता है। आप क्या हैं? वे कहते हैं, हम इंसान होने की संभावनाएं हैं। पानी के बुलबुले हैं। तुम्हारी गोद में आएंगे या हमें छू लोगे तो हम मिट जाएंगे। अस्तित्वहीन हो जाएंगे। मां के लिए संभावनायुक्त बच्चे भी नहीं कहते कि हमारी मां हमारी संभावना मात्र थी।

लैंब की बहन मेरी ने अपनी मां की पागलपन में हत्या की थी। इसलिए आत्मीय रिश्तों के दुनिया के शीर्ष निबंधकार ने सब रिश्तों पर लिखा, लेकिन मां पर नहीं लिखा कि कहीं उसे पढ़कर मेरी बहन पर पागलपन का दौरा न चढ़ जाए। अपनी मां की याद को अपने जेहन से खरोंच डाला लैंब एक महान भाई ने। मां के नहीं होने की टीस उसके ड्रीम चिल्ड्रन जैसे निबंधों में आंखों में आंसुओं को भिगोने लगती हैं। एमए फाइनल के परचे में मैंने लिख दिया था कि लैंब का सबसे बेहतर निबंध तो उसकी मां पर है, जो उसने लिखा ही नहीं। धन्य है वह सहनशील कोख जिसने लैंब में मनुष्य होने की संभावना को पैदा किया। प्रसिद्धि की संभावनाओं के क्षितिज पर जाकर भी वह मां का बायोलॉजिकल बेटा ही तो रहा। मशहूर प्रो. एसआर स्वामीनाथन ने मेरे गलत जवाब के बावजूद मुझे यूनिवर्सिटी में सबसे ज्यादा नंबर दिए थे। मां की याद में छलके दर्द को उकेरती संभावनाओं का निबंध प्रो.स्वामीनाथन को भी उनकी मां की याद दिला गया होगा।

साढ़े तीन बरस का था। तब मां चली गईं। वह मां होने की संभावना नहीं थीं। उसकी नासूर वाली छाती में भी मुझे अपना बेटा बनाने की संभावनाओं का सपना लिए प्रजननशील रहीं। रोज उनसे बातें करता हूं। जीवित होतीं तो मैं भी कैमरामैन लेकर बार-बार जाता और मां के साथ तस्वीरें खिंचवाकर मीडिया में विज्ञापन के रेट में भी छपवाता। अमेरिका जाता तो वहां भी मां की याद में रोने का अनुष्ठान करता ही। मैं अगर जवान हो गया होता तो मां को कोई काम नहीं करने देता। बाजार में लाइन लगाने तो देता ही नहीं। वह जवानी क्या जो मां को संभावना कहे और डिजिटल क्रांति को वैज्ञानिक आध्यात्मिकता।

क्या आईटी सेल के उत्पाद को भी आध्यात्मिकता कह सकते हैं? सुनो रवीश कुमार! मैं भी तुम्हारे रिटायर्ड अंकिलों की उम्र में आ गया हूं। यदि शक करूं शायद मां ने मुझे जन्म दिया होगा तो मेरे घर के लोग पागलखाने में भर्ती कर देंगे। मेरी मां तो संभावना रही होंगी, ऐसा कहने से मनुष्य होने की संभावना क्या बच भी सकती है? अंग्रेजी के बड़े कवि लॉर्ड बॉयरन के लंगड़े होने से शायद उसकी मां लंगड़ा कहकर बुलाती थीं। आक्रोश में बायरन ने सौतेली बहन से ब्याह कर लिया। उद्दाम रोमांस और हिंसक प्रतिहिंसा को समेटे लड़ाई के मैदान में जाकर मर भी गया। किस्सा है परशुराम ने अपनी मां की हत्या कर दी थी। क्या यह आध्यात्मिकता भी है? संसद में 544 बायोलॅजिकल प्रोडक्ट के ऊपर एक आध्यात्मिक शक्तिमान बैठे तो क्या कलियुग सतयुग में बदल जाएगा?

मां मुझे कनक याने सोना कहतीं थीं। मैं जीवन भर पुकार रहा हूं मां! अगर मैं तेरे लिए सोना हूं तो तू मेरे लिए हीरा है। जब मां का नाम हीरा हो तो वह संभावना कैसे हो सकती है? बेटा भले ही मनुष्य होने की असफल संभावना हो। मां तो देवकी थीं जिन्होंने अपने लाल को मथुरा के राजा से निपटने के लिए वृंदावन में जसोदा के पास जेल यातना सहकर भी भेजा था। मां वे थीं जब चाफेकर बंधुओं को मौत की सजा सुनाई गई। तब भीड़ से चीख चीखकर कह रही थीं 'काश! मेरे दो बेटे और होते तो उनकी लाशों को भी तिरंगे झंडे में लिपटा देखकर मेरा मातृत्व धन्य हो जाता। मां की कोख ही इतिहास की जननी होती है। जिसे माता पर भरोसा नहीं हो, वह नफरती तो हो सकता है। आध्यात्मिक कैसे है? मां की बुराई करने वाले को लोग नराधम कहने लगते हैं।

## प्रसंगवश

# साइबर अपराधों से सावधान

आज के समय में माता-पिता अपने बच्चों को खुशी देने के लिए बड़े से बड़ा समझौता करने को भी तैयार हैं। बच्चों की पढ़ाई को लेकर आज माता-पिता अधिक जागरूक हुए हैं। बच्चा स्कूल जाता है तो माता-पिता को यह सोचकर प्रसन्नता होती है कि उनका बच्चा शारीरिक और मानसिक विकास कर रहा है और प्रतिदिन कुछ न कुछ नया सीख रहा है, लेकिन आज के समय में बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के बीच में विलेन की भूमिका निभाते हुए मोबाइल फोन आ गया है। इस छोटे से यंत्र में वह नशा है, जो बड़े-बड़ों को ले डूबता है। फिर बच्चों की क्या बिसात!

वे इसके फायदे और नुकसानों का आकलन सही तरीके से नहीं कर पाते हैं। एक बार जब मोबाइल हाथ में आया तो फिर इसका नशा सा छा गया और इसे इसे अपने से दूर कर पाना बहुत मुश्किल लगने लगा। एक समय था जब जन्मदिन के अवसर पर हम माता-पिता से छोटे-छोटे खिलौनों के उपहार की उम्मीद करते थे, पर आज किसी भी बच्चे से पूछिए तो उसे आधुनिक फीचर्स वाला बढ़िया मोबाइल चाहिए होता है। अधिकतर माता-पिता भी बच्चे का यह शौक पूरा कर रहे हैं। आज छोटे-छोटे बच्चे मोबाइल चलाने में एक्सपर्ट हैं और माता-पिता बहुत ही गर्वानुभूति के साथ दूसरों को यह बात बताते हैं। छोटे-छोटे बच्चे मोबाइल फोन में वीडियो देखते हुए खाना खाते हैं और लोरी सुनकर सोते हैं। माता-पिता और दादी-नानी की भूमिका खत्म सी हो गई है। वर्तमान समय में माता-पिता की व्यस्तता और बच्चों की आजादी भी बढ़ी है।


अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी


आज पुराने समय की तरह न तो बच्चे हर समय निगरानी में रहते हैं और न ही माता-पिता फुर्सत में। महिलाएं घर बाहर दोनों की जिम्मेदारियां निभा रही हैं, जो नौकरी नहीं करतीं, वह भी किसी न किसी सामाजिक गतिविधि में शामिल होने के बहाने घर से बाहर निकलना चाहती हैं। परिणाम स्वरूप बच्चों को अकेले रहने का मौका अधिक मिलता है। ऐसे में उनके व्यवहार में परिवर्तन आ रहा है जिससे उनकी परफॉर्मेंस में भी असर पड़ रहा है और यह बात माता-पिता को तब समझ में आती है जब पानी सिर के ऊपर से गुजर चुका होता है। कई बार बच्चा दबंग वाली छवि अपना लेता है और दूसरे बच्चों से मारपीट करता है तो कई बार वह डरा सहमा रहता है। हम बच्चे के शारीरिक स्वास्थ्य पर तो थोड़ा बहुत ध्यान फिर भी देते हैं, लेकिन मानसिक स्वास्थ्य पर हमारे यहां ध्यान बहुत कम दिया जाता है और यहां तक कि मानसिक बीमारी को बीमारी ही नहीं माना जाता।

इस संदर्भ में साइबर बुलिंग एक खतरनाक टर्म है। डब्ल्यूएचओ ने भारत सहित लगभग 45 देशों के स्कूली बच्चों के व्यवहार पर एक शोध किया है जिसके अनुसार आज अधिकांश बच्चे सोशल मीडिया में 6-7 घंटे बताते हैं, जो इनके जीवन के लिए खतरा उत्पन्न करता है। ऐसे बच्चे खुद को परिवार और समाज से दूर रखने की कोशिश करते हैं। आज ऑनलाइन गेम का नशा सिर चढ़कर बोल रहा है। अश्लील रील्स और शॉर्ट्स की भरमार है। ब्लू व्हेल चैलेंज, फायर चैलेंज, पास आउट चेलैंज जैसे कई गेम खेलने के दौरान बच्चों ने खुद को नुकसान पहुंचाया है और अपनी अंतरंग तस्वीरें भी शेयर की हैं। जब तक माता-पिता को खबर पहुंचती है, बच्चा इस दलदल में फंस चुका होता है।

हालांकि साइबर क्राइम को लेकर शिकायत करने के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म भी है और साथ-साथ स्थानीय थाने के क्राइम ब्रांच ऑफिस में भी शिकायत की जा सकती है। साइबर अपराधों पर धारा 66 ए,बी लागू होती है जिसके तहत तीन साल की जेल की सजा और जुर्माना भी वसूला जाता है। समय-समय पर पुलिस की क्राइम ब्रांच द्वारा साइबर खतरों को लेकर सचेत किया जाता है, पर बच्चों को सदमे से बाहर निकल पाना बहुत मुश्किल हो जाता है। निष्कर्ष यही कि माता-पिता को भी कुछ प्रतिमान गढ़ने होंगे, बच्चों के सामने कुछ आदर्श रखने होंगे। खुद को मॉडर्न टेक्नोलॉजी से अपडेट रखना जरूरी है, पर स्क्रीन टाइम हमें भी घटाना होगा।

गर्मी की छुट्टियां चल रही हैं। बच्चों के लिए इंडोर एक्टिविटीज की व्यवस्था की जा सकती है और उन्हें घर के छोटे-छोटे कामों में व्यस्त रखा जा सकता है। लंबे समय तक हेडफोन का इस्तेमाल बहरेपन को बढ़ा रहा है। बच्चों की आंखों में मोटे चश्मे लग रहे हैं। टिनिटस और मायोपिया की समस्याएं बढ़ रही हैं। बच्चों को प्रेम पूर्वक नियंत्रण में रखना जरूरी है और यह पता लगाना भी जरूरी है कि एक छोटा सा यंत्र जो हमने उनके हाथों में दिया है, उंगलियों की नन्हीं शरारत उन्हें कहां से कहां ले जा रही है।

# विश्व मीडिया की प्रवृत्ति: झूठ का उद्योग


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

हम लोग तो भारत के मीडिया की ही बात करते रहते हैं, किंतु मीडिया की यह बात विश्व बाजार के साम्राज्य से जुड़ी हुई है।

आज की पत्रकारिता तो हम सभी देख ही रहे हैं। हिंदी पत्रकारिता दिवस उस पत्रकारिता को भी याद करने का दिन है। आजादी की लड़ाई के जमाने की वह पत्रकारिता, जो व्यवसाय नहीं, एक जुनून और एक मिशन थी। विज्ञापन निकला-स्वराज्य अखबार को संपादक की आवश्यकता है। वेतन : दो सूखी रोटियां और एक गिलास पानी। ध्यान रहे एक संपादकीय लिखने पर 10 साल की सजा हो सकती है। वह जमाना था, जब भारत की लोक चेतना ज्वालामुखी बन गई थी। आठ लोगों ने एक के बाद एक संपादक का काम संभाला और आठों को जेल-शांतिनारायण भटनागर, रामदास, मोतीलाल वर्मा, प्रकाशानंद सरस्वती, बाबूराम हरि, नंद गोपाल चोपड़ा, लद्धाराम कपूर।

आजादी की लड़ाई पत्रकारिता और साहित्य ने भी लड़ी थी। इलाहाबाद से कर्मयोगी और अभ्युदय पत्र निकलते थे, किंतु एक साप्ताहिक (उर्दू) था - स्वराज्य। इसने तो तहलका मचा दिया था। उसका सिद्धांत वाक्य था- जो भरा नहीं है भावों से, बहती जिसमें रसधार नहीं, वह हृदय नहीं वह पत्थर है जिसमें स्वदेश का प्यार नहीं। प्रचार तंत्र ने झूठ को सच और सच को झूठ बनाकर पैसा कमाया है। आदमी के लिए यह जहर से अधिक विनाशक है। ढिंढोरचीः वे ढिंढोरची हुआ करते थे, ढिंढोरा पीटना उनका काम था, बस्ती में जाकर घंटा, घड़ियाल, ढोल या और कोई वाद्य बजाते थे, ताकि लोग जमा हो जाए, मजमा लग जाए, फिर वे राजा या अपने हाकिम की कही हुई बात को सुना देते थे। आजकल ये काम चैनलों के जिम्मे हो गया है। कोई-कोई मजमेबाज तो हाथ-पैर पीट कर राजा की बात सुनाता है और कोई बात सुनाते-सुनाते नाचने लगता है। कोई हुड़दंग करता है तो कोई हाहाकार करने लगता है। कभी कभी तू-तू, मैं-मैं होती है तो कभी धामक-धाई हो जाती है। मालिक लोग ढिंढोरची से कहते हैं-रोबै मत, हम तुझे पत्रकार की उपाधि दिलवाए देते हैं, तुझे हम पत्रकारिता का कोई इनाम भी दिलवा देंगे। हम भी इनको ढिंढोरची नहीं पत्रकार कह देंगे, अब काम ढिंढोरची का करते हैं तो क्या हो गया? नेता भी तो डीलर का ही काम करता है, किंतु उसे डीलर कौन कहता है?

हम लोग तो भारत के मीडिया की ही बात करते रहते हैं, किंतु मीडिया की यह बात विश्व बाजार के साम्राज्य से जुड़ी हुई है। जैसे-जैसे विश्व बाजार के साम्राज्य का विस्तार हुआ, वैसे-वैसे विश्व मीडिया का चरित्र बदलता चला गया। यह बात मीडियालेंस के संपादक क्रोमवेल तथा एड्वर्ड्स ने 2006 में ही बतला दी थी। मीडियालेंस के संपादक क्रोमवेल तथा एड्वर्ड्स ने बतलाया था कि संसार का सबसे बड़ा मीडिया साम्राज्य जिस कंपनी का था, उसी की दूसरी कंपनी हथियार बनाने और परमाणु ऊर्जा के उत्पादन के कार्य भी कर रही थी। क्रोमवेल तथा एड्वर्ड्स ने बतलाया था कि आज के पेशेवर मीडिया का दायित्व उन शक्तिशाली लोगों के प्रति है, जो उनकी वित्त व्यवस्था का स्रोत है। आज का मीडिया लोगों को घोटालों, युद्धों, विनाशकारी आपदाओं के इर्दगिर्द अटका कर रखता है।

क्रोमवेल तथा एड्वर्ड्स ने बतलाया कि जनता के जीवन से जुड़े हजारों मुद्दे छिपा दिए जाते हैं। यदि उन कंपनियों के शेयरधारकों को हानि होती हो तो पर्यावरण तक के समाचार गोल कर दिए जाते हैं। उन्होंने इराक का उदाहरण देते हुए लिखा है कि मीडिया पर नरसंहारों की सूचना तक नहीं थी। इस खबर को छिपाया गया कि इराक में 350 टन गोले बिखेर दिए गए थे। क्रोमवेल तथा एड्वर्ड्स कहते हैं कि पेशेवर पत्रकार यह मानकर चलता है कि दुनियां वैसी ही है, जैसी शक्तिशाली और धनाढ्य लोग बतला रहे हैं।

बीबीसी के एक पत्रकार ने तो यह भी स्पष्ट कर दिया कि वे समाचार जिनमें ईराक के दृश्य दिखाए गए थे, इराक के नहीं थे, अपितु पाश्चात्य दुनिया के स्टुडियोज में फिल्माए गए थे जिनमें वह पत्रकार स्वयं भी था। अब किसी को इस भ्रम में नहीं रहना चाहिए कि मीडिया जनता की आवाज है। आज का मीडिया शक्तिशाली की आवाज है, सत्ता की आवाज है, विश्व बाजार की आवाज है और उसकी बुनियाद केवल और केवल झूठ है। मीडिया झूठ का उद्योग है। झूठ का उत्पादक। झूठ का प्रचारक।

## सोशल फोरम

# मनुस्मृति में दंड विधान


ऋग्वेद में मनु का उल्लेख मिलता है -विश्वो हिष्मा मनवे विश्ववेदसो, यामथर्वा मनुष्पिता, यान मनुरवृणीता पिता जिसमे मनु को विश्वदेव कहा गया, जो समस्त प्रजाओं के पिता हैं। मनु को मनुष्य जाति का कुलपुरुष अथवा पूर्वपुरुष माना जाता है। मनुष्य से समुदाय बना समुदाय से धीरे-धीरे समाज बना, समाज से राज्य अस्तित्व में आया। मनुस्मृति के सातवें अध्याय के श्लोक तीन में कहा गया कि इस जगत में राजा न होने से सब भय से व्याकुल होते हैं। इसलिए इन सबकी रक्षा के लिए ईश्वर ने राजा को उत्पन्न किया। राज्य की अवधारणा व्यवस्था के लिए बनी और राजा ईश्वर का प्रतिनिधि माना गया। लोकतांत्रिक व्यवस्था में भी जनता जनार्दन रूपी ईश्वर से राज्य और राजा अस्तित्व में आते हैं। लोकतांत्रिक संस्थाएं जनता जनार्दन रूपी ईश्वर के प्रतिनिधि हैं। मनुस्मृति के सातवें अध्याय के श्लोक चौदह में कहा गया कि राज्य की व्यवस्था लिए राज्य के हित के लिए ईश्वर ने पहले से ही प्राणियों का रक्षक धर्मरूप और ब्रह्म तेजरूप अपने पुत्र दंड को उत्पन्न कर रखा था। दंड कोई राजा की इच्छा नहीं है। दंड धर्मानुसार ज्ञानपूर्ण तरीके से स्थापित व्यवस्था है। सातवें अध्याय के श्लोक सत्तरह के अनुसार दंड ही राजा, दंड ही पुरुष दंड ही राज्य का नेता और शिक्षक होता है। ऋषियों ने दंड को ही चारों आश्रमों के साक्षी कहा है।


डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

मनुस्मृति के अनुसार दंड ही राज्य का प्रहरी होता है-दंडः सुप्तेषु जागर्ति-जब दुनिया सोती रहती है तो यह दंड ही जागता रहता है। पंडितों ने इसीलिए दंड को धर्म कहा है -दंड धर्मं विदुर्बुधा। दंड की महत्ता को देखते हुए दंड देने वाले की पात्रता महत्वपूर्ण हो जाती है। सातवें अध्याय में श्लोक छब्बीस में पात्रता के संबंध में कहा गया है कि दंड देने वाले को सत्यवादी, विचार कर काम करने वाला भली प्रकार से धर्म, अर्थ, काम जैसे पुरुषार्थ की बारीकियों का ज्ञाता तथा बुद्धिमान होना चाहिए। इस प्रकार दंड देने वाले की पात्रता महत्वपूर्ण हो जाती है। इसी अध्याय के श्लोक सत्ताईस में कहा गया-यदि राजा भली प्रकार विचार कर दंड देता है तो धर्म, अर्थ, काम की वृद्धि होती है और जो राजा नीच, कामी और अनुचित दंड देने वाला होता है, वह उसी दंड से मारा जाता है।

-फेसबुक वॉल से

# मुस्कान अभी तक टैक्स फ्री है


अनूप शुक्ल
कानपुर

दुनिया की तमाम आबादी इसी तरह 'दिशा मंडूक' होती है। ऐसे लोग अपनी सोच के कुतुबनुमें तोड़कर अपने नायक के पास धर देते हैं। यह सोचते हुए कि हम क्यों सोचने का काम करें?

सबेरे-सबेरे टहलते हुए बड़े रोचक नजारे दिखते हैं। दिखते तो हर समय हैं, लेकिन टहलने का काम आमतौर पर सुबह होता है तो उसी समय दिखते हैं। सुबह टहलने निकले तो सामने से एक जोड़ा आता दिखा। उनके अंदाज-ए-टहलाई से लगा कि मियां-बीबी रहे होंगे। साथ-साथ टहलते हुए भी दोनों के बीच इतनी दूरी थी कि उनके बीच से एक पूरा परिवार निकल जाए। कोरोना काल की टहलाई कर थे। दूरी अलबत्ता दो की जगह चार से भी ज्यादा गज हो गई थी। दूसरे जोड़े ने अगल-बगल की दूरी को आगे-पीछे की दूरी में बदल दिया था। पति आगे, पत्नी पीछे। अनुगामिनी सी। ऐसा नहीं कि मियां की स्पीड तेज हो, बीबी की धीमी। दोनों समान गति से एक दूसरे से समान दूरी बनाए टहल रहे थे।

एक आदमी कुत्तों के साथ टहल रहा था। कुत्ते उसके इशारे पर जीभ निकाले इधर-उधर मुंह करते टहल रहे थे। कुत्ते उछल-कूद करते हुए अपनी मर्जी से टहलने का नाटक कर रहे थे, लेकिन चल आदमी के पीछे ही रहे थे। कुत्तों की हरकतें किसी बहुराष्ट्रीय कंपनी के इशारे पर चलती सरकारों सरीखी लग रही थीं, जो नाटक भले अपनी जनता के भलाई का करें, लेकिन नीतियां उन कंपनियों की अनुमति से ही बनाती हैं जिनके चंदे से वे सत्ता में आई हैं। सरकारें भी एहसान फरामोश होने से परहेज करती हैं। टहलते हुए नहर किनारे चले गए। जगह-जगह छठ पूजा की शुभकामनाओं के होर्डिंग लगे थे जिनको विधायक निधि से बनवाया गया था। ताकतवर जनप्रतिनिधियों की शुभकामनाओं की इतनी भरमार देखकर लगा कि इंच दर इंच पसरी शुभकामनाओं के बावजूद कैसे इतना अशुभ होता रहता है। लगता है शुभकामनाओं में मिलावट है। कौन जांच करवाए। नहर के पानी का बहाव हमारे विपरीत था। हमारी सोच में तमाम दिनों से नहर के पानी का बहाव जिधर अंकित है, वास्तव में पानी उसकी उल्टी तरफ बहता है। जब भी पानी देखते हैं, बहाव की दिशा दिमाग में दुरुस्त करते हैं, लेकिन अगली बार फिर लगता है कि पानी उल्टी तरफ बह रहा है। दिमाग में नहर के पानी की दिशा 'सेव' नहीं होती। यह बात देश-दुनिया पर भी लागू होती है। दुनिया चाहे जिधर जा रही हो, लेकिन लोग उसको अपनी सोची हुई दिशा में जाते ही देखते हैं।

दुनिया की तमाम आबादी इसी तरह 'दिशा मंडूक' होती है। ऐसे लोग अपनी सोच के कुतुबनुमें तोड़कर अपने नायक के पास धर देते हैं। यह सोचते हुए कि हम क्यों सोचने का काम करें? जो करेगा यही करेगा, इसको नायक बना लिया, हमारा काम खत्म। उनको पता नहीं होता कि उनका नायक भी अपनी अक्क़ल का कुतुबनुमा किसी और के पास रखकर आया है। थोड़ी दूर तक पक्की सड़क के बाद कच्ची जमीन और पगडंडी शुरू हो गई। लगा किसी जंगल में आ गए। दाईं तरफ एक आदमी उकड़ू बैठा अपने सामने मोबाइल का पर्दा लगाए निपटने में तल्लीन था। उसकी साइकिल बगल में खड़ी थी। सामने पनकी पावर हाउस की चिमनी धुंआ उगल रही थी।

लौटते में एक जगह कुछ लोग खड़े दिखे। हम उनके बगल से होते हुए अंदर हो गए। देखा सड़क किनारे तरण ताल बना था। पानी अलबत्ता नहीं था। आधे में घास उगी थी, आधा सूखा था तरण ताल। सूखे सीमेंट वाले हिस्से में कुछ बच्चे क्रिकेट खेल रहे थे। तरण ताल के किनारे कुछ लोग जिनमें अधिकांश बुजुर्ग थे, बाबा रामदेव घराने की एक्सरसाइज करने में जुटे थे। एक बुजुर्ग अपने पेट को इतनी तेजी से घुमा रहे थे कि हमको डर लगा कहीं उनके पेट की चूड़ियां न खुल जाएं। बगल में शाखा का झंडा लगा था। किसी ने कहा कि झंडा उतारने की जिम्मेदारी जिसकी है वह तो दौरे पर गया है। बुजुर्ग लोग ही दिखे वहां। लगता है इस वाली शाखा में युवा लोग कम आते हैं। झंडे की बात आगे बढ़ी तो किसी ने कहा -"हमारा समर्थन नहीं चाहिए अब उनको।" बात और भी आगे बढ़ी। कुछ हंसने लगे तो कुछ बतियाने। उनकी बातें सुनते हुए लगा कि सोशल मीडिया में चलने वाली बहसें हमारे आस-पास भी कितनी तेजी से पसरती हैं। रास्ते में तमाम जान-पहचान के लोग मिले। कई लोगों ने नमस्ते किया। हमने भी किया। कई लोगों के नाम हमको नहीं पता। पूछने की हिम्मत भी नहीं होती। डर लगता है कि अगला सोचेगा कि पचीसों नमस्ते डकारने के बाद अब नाम पूछ रहा है। सड़क किनारे आदमी तेजी से टहलते हुए अचानक उल्टे चलने लगा। ऐसा लगा जैसे कोई विकास की बात करता हुआ नेता अचानक कहे-"प्यारे देश वासियों, मैं आपको स्वर्णिम अतीत में ले चलता हूं, जो मजा वहां है वो यहां नहीं मिलेगा।" हमारे देखते-देखते वह आदमी फिर पलट गया और सीधे चलने लगा।

लोग अपने नेताओं से कितना कुछ सीखते हैं। आगे एक महिला सड़क के बीच के डिवाइडर पर बैठी दूसरी महिला से बतिया रही थी, जो कि डिवाइडर के नीचे सड़क पर बेतकुल्फ़ी से फसक्का मारकर बैठी थी। सड़क से गुजरते वाहन उससे बचते हुए निकलते जा रहे थे। एक बच्ची सड़क पर रनिंग करती जा रही थी। धीरे-धीरे। एक आदमी उसके बगल में साइकिल चलाते हुए उसको कुछ निर्देश दे रहा था। बच्ची उसके निर्देशों को चुपचाप सुनते हुए दौड़ती जा रही थी। क्या पता कल को किसी अखबार में बच्ची इंटरव्यू देते हुए कहे-"मैंने अपने दौड़ने का अभ्यास अर्मापुर में किया था। रोज दौड़ती थी मैं।"


लौटते हुए सूरज भाई आसमान से मुस्कराते हुए गुडमार्निंग कर रहे थे। उनकी देखा-देखी सड़क किनारे के अमलताश और गुलमोहर भी सुप्रभात करने लगे। हमने भी कर दिया। दोनों मुस्कराने लगे। सबकी मुस्कान को याद करके अपन भी मुस्करा रहे हैं। मुस्कान अभी तक टैक्स फ्री है। आप भी मुस्करा लीजिए।

# पूर्वांचल के अंतिम 13 द्वार, किसे मिलेगा जीत का उपहार

## सातवें चरण में प्रदेश की 13 लोकसभा सीटों पर एनडीए और इंडिया गठबंधन में सीधा मुकाबला

मनोज त्रिपाठी

लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में शनिवार को प्रदेश की 13 लोकसभा सीटों महाराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर और रॉबर्ट्सगंज में वोट डाले जाएंगे। इसी के साथ लोकसभा चुनाव-2024 की मतदान प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। मतदान वाली सभी 13 सीटें पूर्वांचल की हैं। 2019 के चुनाव में भाजपा ने इनमें से नौ सीटें जीती थी, जबकि दो सीटें उसके सहयोगी अपना दल (एस) ने जीती थीं। दो सीटें सपा के साथ गठबंधन करके चुनाव लड़ी बसपा के हिस्से में आई थीं। इस बार इन सभी सीटों पर दोनों गठबंधनों एनडीए और इंडिया ने प्रचार में जमकर पसीना बहाया है। भाजपा जहां सभी सीटें जीतकर क्लीन स्वीप करना चाहती है, वहीं करीब आधा दर्जन सीटों पर कड़ी टक्कर दे रहा सपा-कांग्रेस गठबंधन भाजपा के मिशन-80 में पलीता लगाना चाहता है। चार से पांच सीटों पर लड़ाई त्रिकोणीय बना रही बसपा के सामने चुनौती पिछली बार की दो सीटों का स्कोर बचाना है। इन 13 सीटों में पांच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह जिले गोरखपुर के आसपास और चार सीटें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चुनाव क्षेत्र वाराणसी से सटी हैं। भाजपा की कोशिश इन नौ सीटों पर बड़े अंतर से जीत हासिल करने की है।






### इन सीटों पर नजर आ रहा कांटे का मुकाबला

### केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया के लिए कठिन हुई जीत की राह

कुर्मी बहुल मानी जाने वाली मिर्जापुर लोकसभा सीट पर भाजपा के सहयोगी अपना दल (एस) की केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल को इस बार कड़े मुकाबले का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा से टिकट कटने के बाद भदोही के सांसद और समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी राजेंद्र एस बिंद की चुनौती से पार पाने में उनके सामने बसपा प्रत्याशी मनीष त्रिपाठी लगातार मुश्किल और बढ़ाते नजर आ रहे हैं। ऐसे में अनुप्रिया को इस बार जीत की हैट्रिक लगाने में मोदी और योगी के नाम और काम का ही सहारा है। यहां भाजपा के कोर वोटर ब्राह्मणों का एक हिस्सा अगर बसपा के साथ जाता है, तो अनुप्रिया के लिए खतरा हो सकता है, क्योंकि समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार राजेंद्र एस बिंद जिनका मुंबई में कारोबार है, इलाके में बिंद समाज कल्याण संघ के माध्यम से सक्रिय रहे हैं। मिर्जापुर में पिछड़े वर्ग में कुर्मी के बाद सबसे ज्यादा सवा लाख से ज्यादा बिंद मतदाता हैं और उनके एक मुश्त वोट सपा की तरफ मुड़ते नजर आ रहे हैं। इन परिस्थितियों में अनुप्रिया ने बैठे ढाले एक और मुसीबत कुंडा के विधायक रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया के खिलाफ बयान देकर ले ली है, इससे राजपूत वोटरों के एक वर्ग में नाराजगी देखी जा रही है।

- सपा की चुनौती से पार पाने में बचानी होगी अगड़े वोटों में बसपा की सेंध

### घोसी में दांव पर लगी ओमप्रकाश राजभर की प्रतिष्ठा

मऊ जिले की घोसी लोकसभा सीट पर योगी सरकार के मंत्री और सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। घोसी से उनके बेटे अरविंद राजभर मैदान में हैं। यहां सपा ने राजीव राय के सहारे भूमिहार दांव खेला है, तो बसपा के नोनिया समुदाय से आने वाले प्रत्याशी पूर्व सांसद बालकृष्ण चौहान पिछड़े वोटों में बंटवारा करते नजर आ रहे हैं। इस चुनावी परिदृश्य से घोसी में राय और राजभर के बीच सिमटती जा रही जंग में चुनाव का फैसला जातीय समीकरणों से ही निकलने के आसार बढ़ गए हैं। ओमप्रकाश राजभर के सामने सवर्ण और राजभर वोटों के सहारे अपने बेटे को जीत दिलाने की चुनौती है। लेकिन सवर्ण वोटरों का रुख सपा के राजीव राय की तरफ भी है। ऐसे में महेंद्र राजभर के सुभासपा का दामन छोड़कर सपा के साथ आने से ओमप्रकाश राजभर की चुनौती और बढ़ गई है। यहां यादव और मुस्लिम मतदाता राजीव राय के लिए लामबंद नजर आ रहा है, तो बसपा प्रत्याशी बाल कृष्ण नोनिया और दलित वोटर जोड़ने में सफल होते दिख रहे हैं। भाजपा के समर्थन के बावजूद ओमप्रकाश राजभर द्वारा सवर्णों के खिलाफ दिए गए बयान उनके लिए मुसीबत बने हैं।

- सपा के राजीव राय से मुकाबले में बसपा के पूर्व सांसद बालकृष्ण बढ़ा रहे मुसीबत

### तीन बार के रनर सदल प्रसाद बन पाएंगे विनर

- बांसगांव सीट सुरक्षित सीट से पिछली बार जीत की हैट्रिक लगाने वाले भाजपा के कमलेश पासवान इस बार चौथी जीत दर्ज करना चाहते हैं, जिसे रोकने की कोशिश में कांग्रेस प्रत्याशी सदल प्रसाद लगे हैं। वह बसपा से 2004, 2014 और 2019 में चुनाव लड़ चुके हैं। लेकिन हर बार दूसरे नबंर पर रहे थे। सदल प्रसाद बांसगांव विधानसभा सीट से दो बार विधायक भी रहे हैं। इस बार जीत के लिए उनके सामने दलितों के साथ सपा के यादव और मुसलमान वोट बैंक को जोड़ने की चुनौती है। बसपा प्रत्याशी डा. रामसमुझ कॉडर वोट मजबूत करके सदल प्रसाद की लड़ाई कमजोर कर रहे हैं।

### कुशीनगर में स्वामी समीकरण बनाएंगे या बिगाड़ेंगे

- कुशीनगर लोकसभा सीट पर भाजपा सांसद विजय कुमार दुबे के मुकाबले सपा से अजय प्रताप सिंह और बसपा के शुभ नारायण चौहान ने पूरा जोर लगाया है। लेकिन चर्चा में राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य हैं। माना जा रहा है कि बसपा के वोटर उनकी तरफ मुड़ रहे हैं। 2014 भाजपा के राजेश पांडेय ने कांग्रेस सांसद रतनजीत सिंह को हराया था। 2019 में भाजपा के विजय कुमार दुबे जीते थे। यहां माना जा रहा है कि भाजपा के खिलाफ पड़ने वाले वोटों का ध्रुवीकरण सपा या स्वामी प्रसाद के बीच हो सकता है। ऐसे में सीधी लड़ाई होने पर हार-जीत का आंकड़ा कम रह सकता है।

### महाराजगंज में आसान नहीं कांग्रेस की जीत का गणित

- महाराजगंज लोकसभा सीट से छह बार सांसद चुने जा चुके और मोदी सरकार में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी मैदान में हैं। उनको कांग्रेस विधायक वीरेंद्र चौधरी ने टक्कर दी है। साल 2019 के चुनाव में पंकज चौधरी को 59.20 प्रतिशत वोट मिले थे। कांग्रेस ने इस सीट पर 2009 में जीत दर्ज की थी। पिछले दो चुनावों में पार्टी एक लाख मत पाने के लिए तरसती रही है। लेकिन कुर्मी वोटरों की बहुलता वाली इस सीट पर दोनों प्रत्याशी कुर्मी समुदाय में होने से माना जा रहा है कि कुर्मी वोटों में बड़ी सेंधमारी करके ही वीरेंद्र चौधरी भाजपा के दिग्गज पंकज चौधरी से लड़ पाएंगे। इसके साथ ही उनके सामने बसपा के मुस्लिम प्रत्याशी मो. मौसमे आलम से मुस्लिम वोटों का बंटवारा रोकने की भी चुनौती है।

### सलेमपुर में त्रिकोणीय संघर्ष, फायदे में दिख रही भाजपा

- सलेमपुर में भाजपा ने दो बार के सांसद रवींद्र कुशवाहा को जीत की हैट्रिक लगाने का मौका दिया है। यहां उनका मुकाबला 2009 में बसपा से सांसद चुने गए वर्तमान में सपा प्रत्याशी रमाशंकर राजभर से है। बसपा ने यहां भीम राजभर को मैदान में उतारकर राजभर वोटों में सेंध लगा रखी है। सलेमपुर में 32 प्रतिशत कुर्मी और राजभर मतदाता जीत-हार का गणित तय करते हैं। इनमें 18 फीसदी कुर्मी, मौर्य और कुशवाहा तो 14 फीसदी राजभर मतदाता गिने जाते हैं। दलित मतदाता 15 फीसदी हैं। 2019 के चुनाव में रवींद्र कुशवाहा ने बसपा के आरएस कुशवाहा को 1.12 लाख वोटों से हराया था। सुभासपा के राजाराम को 33 हजार वोट मिले थे। सुभासपा अब भाजपा के साथ है। यहां रवींद्र कुशवाहा को सपा प्रत्याशी पर मामूली बढ़त बताई जा रही है।

### देवरिया में बसपा की सेंधमारी से मुश्किल में कांग्रेस

- देवरिया में जातीय गुणा-भाग जोरों पर है। भाजपा के पास यहां जीत की हैट्रिक लगाने तो कांग्रेस के सामने चार दशक बाद जीत दर्ज करने का मौका है। लेकिन कांग्रेस की सारी उम्मीदें सपा के वोट बैंक पर टिकी हैं, जिसमें बसपा के यादव प्रत्याशी की सेंधमारी से राह आसान नहीं नजर आ रही है। पिछले दो चुनावों से भाजपा जीत रही है। लेकिन दोनों सांसद बाहरी माने जाते थे, इसी कारण भाजपा ने मौजूदा सांसद डॉ. रमापति राम त्रिपाठी की जगह स्थानीय शशांक मणि त्रिपाठी को मैदान में उतारा था। कांग्रेस से पूर्व विधायक और राष्ट्रीय प्रवक्ता अखिलेश प्रताप सिंह उनका मुकाबला कर रहे हैं। इन दोनों की लड़ाई में बसपा प्रत्याशी पूर्व विधायक आनंद यादव के पुत्र संदेश यादव तीसरा कोण बनाने की कोशिश में कांग्रेस प्रत्याशी की मुश्किल बढ़ा रहे हैं।

### राबर्ट्सगंज में कोल वोटरों पर भरोसा आ सकता काम

- राबर्ट्सगंज सुरक्षित सीट पर भाजपा के सहयोगी दल अपना दल (एस) की विधायक रिंकी कोल और सपा उम्मीदवार पूर्व सांसद छोटेलाल खरवार के बीच सीधा मुकाबला देखने में आया है। छोटेलाल 2014 में इस सीट पर भाजपा से जीते थे, लेकिन 2019 के बाद इस बार भी भाजपा सीट अपना दल (एस) को दिए जाने से भाजपा को छोड़कर सपा में शामिल हो गए थे। बसपा से चुनाव लड़ रहे धनेश्वर गौतम कॉडर वोट सहेजने में ताकत लगाए रहे हैं। रिंकी कोल अपना दल (एस) के मौजूदा सांसद पकौड़ी लाल कोल की बड़ी बहू हैं और मिर्जापुर के छानबे विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे पति राहुल प्रकाश कोल की मृत्यु के बाद पिछले साल उपचुनाव में विधायक चुनी गई थीं।




### गोरखपुर में अभिनेता बनाम अभिनेत्री का मुकाबला

- गोरखपुर लोकसभा सीट पर योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद हुए उपचुनाव में भाजपा को हार का सामना करना पड़ा था। सपा से चुनाव लड़े निषाद पार्टी अध्यक्ष संजय निषाद के पुत्र प्रवीण निषाद ने भाजपा प्रत्याशी को हरा दिया था। निषाद पार्टी अब भाजपा के साथ है। 2019 के चुनाव में फिल्म अभिनेता रवि किशन ने योगी के गृह नगर में कमल फिर से खिलाया था। इस बार रवि किशन के सामने सपा ने अभिनेत्री काजल निषाद को उतारकर लड़ाई रोचक बना दी है, बसपा के जावेद सिमनानी यहां पिछड़ते नजर आ रहे हैं। गोरखपुर सीट पर गोरक्ष पीठ का दबदबा माना जाता है। योगी आदित्यनाथ लगातार पांच बार यहां से सांसद रहे हैं। सपा काजल निषाद से उपचुनाव जैसे करिश्मे की उम्मीद लगाए बैठी है।

### बलिया में ब्राह्मण लगा पाएंगे 'सनातन' की जय का नारा

बलिया पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की सीट है। भाजपा ने यहां से अपने सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त की जगह चंद्रशेखर के बेटे नीरज शेखर को चुनाव मैदान में उतारा है। चंद्रशेखर बलिया से आठ बार चुनाव जीते थे। इस लोकसभा सीट पर राजनीतिक बदलाव के चलते इस बार समीकरण काफी दिलचस्प और मतदाता असमंजस में दिखाई पड़ते हैं। अपना गढ़ वापस पाने के लिए बेचैन सपा फिर से ब्राह्मण नेता सनातन पांडेय को उतारकर भाजपा की जीत की हैट्रिक रोकना चाहती है, तो बसपा के लल्लन सिंह यादव चुनावी लड़ाई त्रिकोणीय बनाकर सपा का खेल बिगाड़ने में लगे नजर आ रहे हैं। सनातन पांडेय पिछला चुनाव सिर्फ 15 हजार वोटों से हार गए थे। बलिया सीट पर लगभग तीन लाख से ज्यादा ब्राह्मण मतदाता हैं। इसके बावजूद कभी यहां से ब्राह्मण सांसद नहीं चुना गया है। लोकसभा क्षेत्र में ढाई लाख यादव, ढाई लाख राजपूत और तकरीबन इतने ही दलित मतदाता भी हैं। ऐसे में सपा का अगर ब्राह्मण-यादव समीकरण परवान चढ़ता है, तो भाजपा को यह सीट जीतने में कड़ी मुश्किल पेश आ सकती है।

### 'सहानुभूति' पाने और 'गुंडाराज' के खात्मे के बीच संघर्ष

गाजीपुर लोकसभा सीट पर अफजाल अंसारी का कब्जा है। वह इस बार समाजवादी पार्टी से उम्मीदवार हैं। भाजपा से भूमिहार समुदाय से आने वाले पारसनाथ राय ने उनको कड़ी टक्कर दी है, तो बसपा के ठाकुर समाज से आने वाले प्रत्याशी उमेश सिंह लड़ाई तिकोनी बनाने में जुटे नजर आए हैं। गाजीपुर में अब तक हुए 17 चुनावों में नौ बार ठाकुर या भूमिहार प्रत्याशी जीतने में सफल रहे हैं। भाजपा से भूमिहार समुदाय का प्रत्याशी होने से ठाकुरों का एक तबका अंदरखाने अफजाल अंसारी के साथ खड़ा दिख रहा है। माफिया मुख्तार अंसारी की मौत इस चुनाव में एक मुद्दा है। प्रचार के दौरान इस मुद्दे पर खूब बार-पलटवार देखने में आते रहे हैं। पिछले चुनाव में अफजाल ने भाजपा के तत्कालीन केंद्रीय मंत्री मनोज सिन्हा को 1.19 लाख मतों से हराया था। इस बार का चुनाव 'सहानुभूति' पाने और 'गुंडाराज' के खात्मे की बहस में उलझा है। पांच बार के विधायक और दो बार के सांसद अफजाल के लिए यह पहला चुनाव है, जब मुख्तार अंसारी के बाहुबल का कोई सहारा नहीं है। हालांकि 2022 के विधानसभा चुनाव में लोकसभा क्षेत्र की सभी पांचों सीटें जीतकर भाजपा का सफाया कर दिया था। लेकिन तब सपा के साथ गठबंधन में एक सीट जीतने वाली सुभासपा अब भाजपा के साथ है। अफजाल ने अपनी सजा के मद्दे नजर विकल्प के तौर पर अपनी बेटी नुसरत अंसारी को भी प्रत्याशी बनाया था। कांटे के संघर्ष में यहां करीब 20 फीसदी दलित मतदाताओं पर दारोमदार बताया जा रहा है।

- गाजीपुर में माफिया मुख्तार की मौत के बाद सांसद अफजाल अंसारी को हराने में भाजपा ने लगा रखी है ताकत

### केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय को इस बार छूट रहा पसीना

चंदौली में केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय जीत की हैट्रिक लगाना चाह रहे हैं, लेकिन उन्हें समाजवादी पार्टी के वीरेंद्र सिंह और बसपा के सतेंद्र मौर्य से कड़ी चुनौती मिल रही है। यहां चुनाव भाजपा और सपा में ब्राह्मण बनाम ठाकुर के बीच मुड़ गया है। राजपूत बिरादरी से आने वाले सपा प्रत्याशी वीरेंद्र सिंह प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री हैं और कांग्रेस तथा बसपा में भी रह चुके हैं। वह चिरईगांव विधानसभा सीट से 1996 में कांग्रेस के टिकट पर जीतकर विधायक बने थे। 2003 में चिरईगांव सीट पर हुए उपचुनाव में बसपा के टिकट पर जीत कर दोबारा विधानसभा में पहुंचे थे। इसके बाद कांग्रेस और सपा में होते हुए 2017 में फिर से बसपा और दो साल पहले सपा में शामिल हुए थे। बसपा प्रत्याशी मौर्य बिरादरी से आते हैं और अब तक भाजपा के परंपरागत वोटर रहे मौर्य समुदाय में सेंध लगा रहे हैं। मौर्य वोटों के दम पर ही भाजपा के आनंद रत्न मौर्य ढाई दशक पहले यहां से तीन बार जीते थे।

- सपा को मात देने में बसपा के दांव से फंसी नजर आ रही जीत की हैट्रिक



जीत का जयघोष
अमृतसर में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने प्रचार के अंतिम दिन गदा उठाकर पंजाब में चुनाव जीतने का जयघोष किया।



जीतेंगे हम
पटना में चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद राजद नेता तेजस्वी यादव और तेज प्रताप यादव वीआईपी पार्टी के मुखिया मुकेश सहनी के साथ विक्ट्री का निशान बनाते हुए।

### कुल 57 सीटें 904 प्रत्याशी

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में आठ राज्यों में पंजाब की सभी 13 और हिमाचल की सभी चार लोकसभा सीटों के साथ उत्तर प्रदेश की 13, पश्चिम बंगाल की नौ, बिहार की आठ, ओडिशा की छह, झारखंड की तीन और चंडीगढ़ की एक सीट पर शनिवार को वोट डाले जाएंगे। इन 57 सीटों पर 904 प्रत्याशी मैदान में हैं।

### यूपीः 13 सीटों की 48 विस सीटें एनडीए के पास



**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश में जिन 13 लोकसभा सीटों पर चुनाव हो रहे हैं। उनके अंतर्गत आने वाली 65 विधानसभा सीटों का हिसाब-किताब देखें तो 2022 के विधानसभा चुनाव में 48 सीटों पर एनडीए को जीत मिली थी। 15 सीटें सपा गठबंधन और एक-एक सीट बसपा तथा कांग्रेस के खाते में आई थी।

**2019 में 50 फीसदी से ज्यादा था भाजपा का वोट प्रतिशतः** पिछले 2019 के चुनाव में उत्तर प्रदेश में सातवें चरण की लोकसभा सीटों पर भाजपा को औसतन 52.11 फीसद वोट मिले थे जबकि विपक्षी सपा-बसपा गठबंधन के खाते में 37.43 वोट ही आए थे।


# पूर्वांचल के रणक्षेत्र में राम का नाम मोदी का चेहरा और जाति की पतवार

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** पूर्वांचल में छठे और सातवें चरण की चुनावी लड़ाई में भाजपा को राम का नाम, मोदी के चेहरे और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगे बढ़कर चुनावी कमान संभालने के बावजूद जातीय समीकरणों पर जिस तरह फोकस करना पड़ा है, उससे साफ है कि जमीन पर इंडिया गठबंधन ने उसके सामने कड़ी चुनौती पेश की है। पूर्वांचल के रण में जातीय समीकरण साधने का खेल नया नहीं है। पहले यहां ब्राह्मण और राजपूत चुनाव की दिशा तय करते थे। लेकिन मंडल आयोग के बाद अधिकतर सीटों पर जीत-हार का तराजू पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के हाथ में चला गया। प्रदेश में जातीय आधार पर राजनीति करने वाले अधिकतर दलों का आधार भी पूर्वांचल के अलग-अलग इलाकों में ही नजर आता है। अनुप्रिया पटेल का अपना दल (एस), संजय निषाद की निषाद पार्टी, ओमप्रकाश राजभर की सुभासपा, संजय चौहान की जनवादी सोशलिस्ट पार्टी दो तिहाई सीटों पर अपने वोट बैंक की ऐसी ताकत रखता है, जो किसी भी बड़े दल का खेल बना और बिगाड़ सकता है। ऐसे में 2024 का लोकसभा चुनाव पिछड़े वर्ग की उप जातियों की राजनीति करने वाले इन दलों का लिटमस टेस्ट भी साबित होने वाला है। दरअसल इन पार्टियों के आक्सीजन पाने का सबसे बड़ा कारण यह है कि पूर्वांचल में जातियों का चक्रव्यूह ऐसा है कि कोई भी बड़ा दल चाहकर भी अपने कोर वोटर को सहेज कर नहीं सख सकता है। अधिकतर मौकों पर किसी भी बड़े दल के कोर वोटर तभी तक उसके साथ खड़े दिखाई देते हैं, जब तक उनकी जाति का प्रत्याशी होता है। अगर दलीय प्रत्याशी किसी और जाति का हुआ तो मुकाबले में खड़े अपनी जाति के प्रत्याशी के लिए उनका दिल मचलने लगता है। अपना दल (एस) को कुर्मी, निषाद पार्टी को मल्लाह और केवट, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) को राजभर तो जनवादी पार्टी को लोनिया (चौहान) वोट बैंक की राजनीति करने वाले दलों के रूप में गिना जाता है। इनमें अपना दल को यादवों के बाद कुर्मी जाति को प्रदेश की दूसरी सबसे बड़ी ओबीसी जाति होने के कारण सबसे बड़ा दल माना जाता है। अपना दल (एस) विधानसभा में तीसरा सबसे बड़ा दल भी है। 2022 के विधानसभा चुनाव में उसके 13 उम्मीदवार जीते थे। 2019 के लोकसभा चुनाव में अपना दल (एस) को दो सीटें मिली थीं। इस बार के लोकसभा चुनाव में अपना दल (एस) के साथ बाकी तीन दल भाजपा के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ रहे हैं। ऐसे में समाजवादी पार्टी जिसका मुख्य आधार भी ओबीसी में ही है, के मुखिया अखिलेश पटेल ने हर सीट पर ओबीसी उपजाति में गैर यादव वोट बैंक देखते हुए जातीय समीकरण को वरीयता देकर भाजपा के लिए कांटे बिछा दिए थे। सपा ने पीडीए के तहत पूर्वांचल में 10 से अधिक गैर यादव ओबीसी प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतारे दिए थे। पार्टी ने केवल तीन टिकट ही अगड़ी जाति के लोगों को मौका दिया है। कांग्रेस ने भी पूर्वाचंल में अपने हिस्से में आई चार सीटों पर एक दलित, एक ओबीसी और दो अगड़ी जाति के लोगों को उम्मीदवार बनाया है। इसी तरह बसपा ने कई सीटों पर अगड़ी जाति तो कई सीटों पर भाजपा या सपा प्रत्याशी की जाति वाले ही उम्मीदवार उतारकर अपनी जातीय व्यूह रचना कर दी थी। यही कारण रहा कि भाजपा को मतदान के दो दिन पहले तक जातीय गोलबंदी के समीकरण में जुटना पड़ा। एक-एक सीट पर ऐसा संघर्ष हुआ है कि नारद राय और राम इकबाल सिंह जैसे नेताओं को गृहमंत्री अमित शाह द्वारा भाजपा में शामिल कराने के लिए



अनुप्रिया पटेल।



ओप्रकाश राजभर।



संजय चौहान।



संजय निषाद।

### इसलिए चौहान और राजभर की पड़ी जरूरत

घोसी में लोनिया और राजभर वोटर की संख्या काफी है। राजभर उम्मीदवार उतार कर भाजपा ने 2014 में पहली बार कमल खिलाया था। इस बार भी सुभासपा से अरविंद राजभर मैदान में हैं। बसपा ने चौहान जाति के बालकृष्ण को उतारा तो भाजपा ने तुरंत जनवादी सोशलिस्ट पार्टी के संजय चौहान को साध लिया। चौहान जाति का दबदबा बलिया, चंदौली, गाजीपुर, सलेमपुर, देवरिया में भी है। घोसी की घोसी और मधुबन विधानसभा में चौहान जाति निर्णायक भूमिका में है। सुभासपा के ओमप्रकाश राजभर की भाजपा को जरूरत इसलिए रही क्योंकि राजभर मतदाता गाजीपुर, वाराणसी, बलिया, सलेमपुर में बड़े पैमाने पर हैं। कुर्मी मतदाता मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, राबर्ट्सगंज में जीत में तय करते हैं।

## एक नजर

### प्रशिक्षण एवं शोध केंद्र में शुरू होंगे 10 व्यावसायिक कोर्स

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत राजधानी में अलीगंज स्थित प्रादेशिक स्टॉफ प्रशिक्षण एवं शोध केन्द्र में 10 नए व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू होंगे। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा 8 करोड़ रुपये के बजट की स्वीकृति भी प्रदान कर दी गई है। अलीगंज स्थित प्रशिक्षण केन्द्र में शुरू होने वाले व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम में, कम्प्यूटर हार्डवेयर एवं नेटवर्क मेन्टीनेंस, ड्रेस मेकिंग, मैकेनिकल डीजल, ऑफिस मैनेजमेंट, पेन्टिंग टेक्नोलॉजी, ड्राफ्टमैन मैकेनिकल, स्टेनोग्राफर व सेकेट्रियल असिस्टेंट, इलेक्ट्रीशियन पावर डिस्ट्रीब्यूशन, इंस्ट्रूमेंट मैकेनिकल एवं मैकेनिक ट्रैक्टर शामिल हैं। उक्त विभिन्न कार्यक्रमों के लिए अलग-अलग प्रस्तावित बजट पर स्वीकृति प्रदान करते हुए 8 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है।

### एसटीएफ ने हत्यारोपी को किया गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** एसटीएफ की मेरठ इकाई ने गाजियाबाद में एक हत्याकांड को अंजाम देने वाले आरोपी को लोनी डिपो से गिरफ्तार किया है। गाजियाबाद पुलिस ने आरोपी पर 50 हजार का इनाम भी रखा था। एसटीएफ और पुलिस की कई टीमें आरोपी को तलाश रही थी। एसटीएफ के एएसपी वृजेश कुमार सिंह ने बताया कि बीती 5 मई को राहुल उर्फ रामबाबू निवासी गाजियाबाद ने विक्रम मावी निवासी टीला शहवाजपुर के ऊपर धारदार हथियार से हमला करके हत्या करने का प्रयास किया था। इस घटना में विक्रम मावी बाल-बाल बच गए थे। बाद में बीती 11 मई की रात्रि राहुल ने घात लगाकर पाइपलाइन रोड के पास विक्रम मावी की हत्या कर दी। इस दौरान लोनी थाने में राहुल के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज हुई थी। पुलिस लगातार राहुल की तलाश कर रही थी। आरोपी पर 50 हजार का इनाम भी रखा गया था। गुरुवार को पता चला कि राहुल लोनी डिपो के पास खड़ा है और कहीं जाने की फिराक में है। इसी दौरान वहां पहुंचकर उसे मौके पर गिरफ्तार कर लिया गया।

### ई-रिक्शा चालकों को जोन आवंटन अब आठ को

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी में ई-रिक्शा चालकों को जोन आवंटन अब आठ जून को किया जायेगा। पहले यह एक जून को होना तय हुआ था। संयुक्त पुलिस आयुक्त लॉ एंड आर्डर उपेंद्र कुमार अग्रवाल ने बताया लोक सभा चुनाव की मतगणना की तैयारियों के चलते तारीख में बदलाव किया गया है। अब आठ जून को ई-रिक्शा चालकों की ओर से भरे गए सत्यापन फार्म के जरिए जोनवार लॉटरी निकाल कर जोन आवंटन किये जाएंगे।

# मेरठ व बांदा मेडिकल कॉलेज में बढ़ेंगी 44 पीजी सीटें, बजट जारी

● स्किल लैब की स्थापना एवं उपकरणों की उपलब्धता बढ़ाने के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में एमबीबीएस की सीटों के साथ ही विशेषज्ञ चिकित्सक बनाने के लिए पोस्ट ग्रेजुएशन की सीटें भी मेडिकल कॉलेज में बढ़ाई जा रही हैं। आगामी सत्र में मेरठ मेडिकल कॉलेज में 31 और बांदा में 13 पीजी सीटें बढ़ाई जाएंगी, इसके लिए जरूरी मानकों की पूर्ति करने के लिए अनुमान्य बजट जारी कर दिया गया है।

मेरठ मेडिकल कॉलेज में पीजी की 31 सीटें बढ़ेंगी। मेडिकल कॉलेज में परीक्षक शिक्षकों के लिए गेस्ट हाउस के लिए स्वीकृत 6 करोड़ 55 लाख के बजट में द्वितीय व अंतिम चरण में 3 करोड़ 27 लाख का बजट जारी कर दिया गया है। इसके अलावा पीजी सीटों की बढ़ोतरी में परिसर में हॉस्टल फॉर रेजीडेंट्स के निर्माण के लिए भी बजट स्वीकृत किया गया है। इसी तरह, बांदा मेडिकल कॉलेज में भी पीजी की 13 सीटें बढ़ेंगी। इसके लिए परिसर में स्किल लैब तैयार होने के साथ ही चिकित्सकीय उपकरणों की खरीद के लिए स्वीकृत 2 करोड़ 62 लाख और फर्नीचर मद में करीब 28 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। लगभग 2 करोड़ 90 लाख के कुल बजट में 2 करोड़ 24 लाख का केन्द्रांश बजट चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक के खाते में भेज दिया गया है। मालूम हो कि प्रदेश में 35 मेडिकल कॉलेजों के अलावा 13 नए इस साल शुरू हो जाएंगे।

### विद्युत कनेक्शनों का सत्यापन करेंगे प्रधान व सचिव

**अमृत विचार, लखनऊ :** ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित सरकारी भवनों के विद्युत कनेक्शन का सत्यापन प्रधान व सचिव करेंगे। जहां बिल बकाया होगा वह जमा करेंगे। उप्र पावर कारपोरेशन ने प्राथमिक विद्यालय, उच्च प्राथमिक विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत व सामुदायिक भवन, सामुदायिक शौचालय, ग्रामीण पेयजल परियोजना व स्ट्रीट लाइट के विद्युत कनेक्शन की रिपोर्ट मांगी है। इस क्रम में निदेशक पंचायती राज अटल कुमार राय ने सभी जिला पंचायत राज अधिकारी को कनेक्शनों का सत्यापन प्रधान व सचिव से कराने के निर्देश दिए हैं। सत्यापन में कनेक्शन है या नहीं, बिल बकाया व गड़बड़ बिल की रिपोर्ट तैयार कर पोर्टल पर फीड की जाएगी। संबंधित विभाग इसका निस्तारण करेगा। एक नई व्यवस्था यह भी शुरू होगी जिसमें ग्राम पंचायत ऑनलाइन खुद बिल जमा करेंगी। इसके लिए सभी ग्राम पंचायत को लॉगिन आईडी दी गई है।

# न्यायाधीश बनने की राह अब आसान करेगी सरकार

**1 जुलाई से क्लैट की भी तैयारी पायलट प्रोजेक्ट के रूप में पांच जिलों से होगी शुरू**

**क्लैट के प्रतिभागियों को निःशुल्क कोचिंग सुविधा उपलब्ध कराएगा समाज कल्याण विभाग**

**मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत दी जाएगी सुविधा**

राजीव शुक्ला, लखनऊ

**अमृत विचार :** महंगे कोचिंग सेंटरों की फीस का खर्च वहन न कर पाने वाले मेधावियों के सपनों पर अब पानी नहीं फिरेगा। प्रदेश सरकार उनकी राह आसान करेगी। उन्हें क्लैट परीक्षा के लिए मुफ्त कोचिंग की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। समाज कल्याण विभाग की ओर से मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत क्लैट की यह तैयारी कराई जाएगी। इससे जरूरतमंद छात्र-छात्राएं कोचिंग में दाखिला लेकर भविष्य में न्यायाधीश बनने की अपनी हसरत पूरी कर सकेंगे। कोचिंग 1 जुलाई से शुरू होगी।



मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना का संचालन समाज कल्याण विभाग की ओर से किया जा रहा है। इसके तहत चल रही विभिन्न योजनाओं का कई युवाओं ने लाभ उठाया है। आईएएस, पीसीएस बनने का सपना साकार किया है। अभी योजना के तहत संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी), संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई), उप-सेवा चयन आयोग (एसएसएससी), अन्य भर्ती बोर्ड परीक्षाएं, उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी), राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए), संयुक्त रक्षा सेवा (सीडीएस) और राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) की तैयारी कराई जा रही है।

1 जुलाई से पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर गोरखपुर, प्रयागराज, लखनऊ, गाजियाबाद और हापुड़ में क्लैट की तैयारी कराई जाएगी। उक्त पांच जिलों में छात्रों की संख्या अच्छी रहने पर अन्य जिलों में भी इसकी शुरुआत की जाएगी। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि जुलाई से जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को क्लैट की तैयारी शुरू कराई जाएगी।

**परीक्षा और सफल अभ्यर्थी**

- जेईई 2024 में 35
- यूपीपीसीएस 2023 में 30
- यूपीएससी 2023 में 23

**लेक्चर के लिए रखे जाएंगे विधि विशेषज्ञ**

● क्लैट की तैयारी कराने के लिए पांच जिलों में विधि विशेषज्ञ बतौर अध्यापक संविदा पर रखे जाएंगे। डेढ़ घंटे का लेक्चर देने पर इनको दो हजार रुपये प्रतिदिन के हिसाब से उन्हें भुगतान किया जाएगा। छात्र-छात्राओं को बेहतर तैयारी कराई जा सके इसके लिए ये विशेषज्ञ उन्हें तैयारियां कराएंगे। इस सिलसिले में लखनऊ के लिए राममनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय से वार्ता चल रही है।

# प्रदेश में बंद इकाइयां चालू नहीं होने से बिजली संकट बरकरार

## पावर कॉरपोरेशन विद्युत आपूर्ति सामान्य करने में जुटा, समय पर आपूर्ति बहाल करें अधिकारी : आशीष गोयल

वरिष्ठ संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बंद इकाइयों के चालू न होने से प्रदेश में गुरुवार को भी बिजली संकट बना रहा। अधिकतम बिजली की मांग 29,077 मेगावाट दर्ज हुई। स्थानीय खराबियों के कारण प्रदेश के ज्यादातर इलाके बिजली की किल्लत से जूझते रहे। इस बीच, पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने शक्ति भवन में मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के अधिकारियों के साथ बैठक कर बिजली आपूर्ति का जायजा लिया। उन्होंने राजधानी में गहराए बिजली संकट को शीघ्र दूर करने के निर्देश दिए।

भारी मांग के कारण ठप हुई अनपरा सी की 600 मेगावाट, बारा की 660 मेगावाट व पारीछा बिजलीघर की 250 मेगावाट क्षमता की इकाइयों को चालू करने के प्रयास जारी रहे, पर गुरुवार देर रात तक इकाइयां चालू नहीं हो सकीं। हालांकि, बिजली अभियंता इकाइयों के चालू कर लिए जाने की उम्मीद जताते रहे। इसी तरह, ओबरा बिजलीघर की 200 मेगावाट क्षमता की इकाई चालू नहीं हो सकी। इस इकाई के 31 मई को चालू होने की उम्मीद जताई गई।

इस बीच, शक्ति भवन में आयोजित बैठक में पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष ने कहा कि भंयकर गर्मी को देखते हुए जहां कहीं भी बिजली आपूर्ति बाधित हो, वहां के उपभोक्ताओं, जनप्रतिनिधियों व मीडिया को जानकारी उपलब्ध कराई जाए। उपभोक्ता सेवा 1912 पर भी इसकी सूचना दी जाए। जरूरत पडे.तो लाउडस्पीकर से भी घोषणा कर उपभोक्ताओं को सही जानकारी दी जाए। बैठक में कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार, निदेशक वितरण जीडी द्विवेदी, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक भवानी सिंह खंगारौत आदि अधिकारी शामिल थे।



गुरुवार को शक्ति भवन में बैठक करते उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल व अन्य।

### कम से कम समय में बदले जाएं ट्रांसफॉर्मर

अध्यक्ष ने कहा कि क्षतिग्रस्त ट्रांसफॉर्मर कम से कम समय में बदले जाएं। इसके लिए ट्रांसफॉर्मर बदलने के लिए प्रयुक्त होने वाले वाहन वर्कशॉप में तैयार रहें। उन पर सभी आवश्यक उपकरण भी मौजूद रहें, जिससे ट्रांसफॉर्मर क्षतिग्रस्तता की सूचना पर कम से कम समय में दूसरा ट्रांसफॉर्मर वहां पहुंचा दिया जाए। ट्रॉली ट्रांसफॉर्मर और गैंग की कहीं कोई कमी न हो।

### उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील

अध्यक्ष ने कहा कि देर रात तक अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में रहें। उपभोक्ताओं के फोन उठाएं और उपभोक्ताओं को सही जानकारी दें। उन्होंने कहा कि सभी कार्मिक अपने-अपने तैनाती स्थल पर ही रहें। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा है कि पावर कारपोरेशन निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए संकल्पबद्ध है। भीषण गर्मी के कारण कुछ समस्याएं आती हैं, जिनका तत्काल निराकरण कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### एमडी मंध्याचल ने किया उपकेंद्र का निरीक्षण

अमृत विचार, लखनऊ : मंध्याचल विद्युत वितरण निगम के एमडी भवानी सिंह खंगारोत ने गुरुवार को कमता के शिवपुरी उपकेंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपकेंद्र अधिकारियों को रात में पर्याप्त गैंग रखने का निर्देश दिया। इसके साथ ही जिन क्षेत्रों में बिजली की समस्याओं की शिकायत ज्यादा आ रही है। उन क्षेत्रों में पेट्रोलिंग और सक्रियता बढ़ाने के आदेश दिए। वहीं मुख्य अभियंता गोमतीनगर ने कमता उपकेंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने जेई और लाइन स्टॉफ को मोबाइल पर आने वाली शिकायतों का तत्परता से निस्तारण करने के निर्देश दिए।

### लगातार चेक किया जाएगा ट्रांसफार्मर का तापमान और तेल

अमृत विचार, लखनऊ : ट्रांसफार्मरों का तापमान और ऑयल को लगातार चेक किया जाएगा। इस आशय का निर्देश ट्रांसगोमती मुख्य अभियंता सुनील कपूर ने गुरुवार को इटौंजा उपकेंद्र के निरीक्षण के बाद दिया। इसके साथ ही उन्होंने जंफर, पेटीफ्यूज और केबल पर भी निगरानी करने के निर्देश दिए।

### सतर्क रहें बिजली अधिकारी

अध्यक्ष ने कहा कि अभी गर्मी और बिजली की मांग बढ़ने की संभावना है, इसलिए अधिकारियों को ज्यादा सतर्क रहना पड़ेगा। अनुरक्षण कार्यों में लगे ठेकेदारों से बेहतर काम लिया जाए, जिससे कम से कम समय में लोकल फाल्ट या क्षतिग्रस्त ट्रांसफॉर्मर या उपकरण बदले जा सकें।

### भीषण गर्मी में शारदा नहर में रखरखाव कार्य के चलते समस्या

**विधि संवाददाता, लखनऊ :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में याचिका दाखिल कर आरोप लगाया गया है कि शारदा नहर से पानी न मिलने के कारण सहायक नहरों सोनारा और अलहदापुर के आसपास के लोग ही नहीं, जानवर और मछलियों जैसे जलीय जीव भी पानी को तरस रहे हैं। वहीं, राज्य सरकार की ओर से यह बताने पर कि शारदा नहर में 8 जून तक रखरखाव संबंधी कार्य के चलते पानी रोका गया है और 8 जून के बाद इसे छोड़ दिया जाएगा, न्यायालय ने टिप्पणी की कि यदि यही काम पहले कर लिया गया होता तो ऐसी स्थिति न उत्पन्न होती, सरकार को दूसरे पहलुओं को ध्यान में रखते हुए, रखरखाव कार्य की टाइमिंग तय करनी चाहिए। इन टिप्पणियों के साथ न्यायालय ने याची को सुल्तानपुर के जिलाधिकारी व सीडीओ के समक्ष 24 घंटे के भीतर प्रस्तुत होने का निर्देश देते हुए, आदेश दिया है कि यदि संभव हो तो समुचित मात्रा में तत्काल पानी छोड़ा जाए, तत्पश्चात इस सम्बंध में जो भी आवश्यक हो, वह विधिपूर्ण कार्रवाई की जाए। यह आदेश न्यायमूर्ति राजब रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने वेद प्रकाश सिंह की जनहित याचिका पर पारित किया। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की अधिवक्ता ने न्यायालय को बताया कि 12 मई से शारदा नहर में रखरखाव का कार्य हो रहा है जो 8 जून तक चलेगा।

# अधिकारियों व कर्मियों की बढ़ेगी कार्य क्षमता

● समाज कल्याण विभाग में कार्यालय स्टाफ से लेकर अधिकारियों तक को किया जाएगा प्रशिक्षित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** आप अपने ही काम को और कितने बेहतर तरीके से कर सकते हैं, इसको लेकर कर्मियों और अधिकारियों की कार्य क्षमता में वृद्धि की जाएगी। पहले चरण की कार्यशाला में उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन एकेडमी की ओर से विभिन्न कोर्स और स्किल डेवलपमेंट के बारे में बताया गया।

समाज कल्याण निदेशायल में कार्यरत कर्मियों और अधिकारियों को और अधिक ऊर्जावान बनाने के लिए क्षमता विकास को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन एकेडमी के महानिदेशक एल वेंकटेश्वर लू ने कर्मियों और अधिकारियों को स्किल डेवलपमेंट के गुर बताए। उन्होंने कहा कि अगर आप कोई काम करते हैं तो उसका उद्देश्य क्या है। इसको समझते हुए स्किल डेवलेप की जा सकती है। मिशन कर्मयोगी के तहत जेम, आईटीआई समेत अन्य क्षेत्रों में ऑनलाइन प्रशिक्षण लिया जा सकता है। इसके तहत एक हजार कोर्स संचालित किए जा रहे हैं। इसमें पंजीकरण कराकर वीडियो देख सकते हैं और कोर्स के बारे में जानकारी ले सकते हैं। प्रशिक्षण के बाद ऑनलाइन परीक्षा देनी होगी और परीक्षा पास करने के बाद संबंधित व्यक्ति को कोर्स करने का प्रमाण पत्र दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि कर्मी या अधिकारी अपनी आईडी से पंजीकरण करा सकते हैं। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने कहा कि कर्मियों की आईडी जल्द बनवाई जाएगी।

## वर्ग पहेली-86

**बाएं से दाएं**

1.1. जो नियम के अनुकूल न हो 2. जो कार्य व्यवस्थानुसार न चले 3. विधि व्यवस्था का अनुसरण न होना।

3. घुटनों तक लंबा, घुटनों तक लटकता हुआ।

5. (व्याकरण) संबंध को जोड़ने वाला।

6.1. गोल छोटी थाली, तश्तरी 2. घोड़े की बगल में लटकने वाली तलवार।

8.1. छोटी रस्सी जिससे चौपायों के दो पैरों को एक दूसरे से सटाकर बांध देते हैं ताकि वे दूर तक भाग न सकें

**ऊपर से नीचे**


1.1. अनुबोध करने वाला, अनुबोध कराने वाला 2. आलोक-पत्र।

2.1. दिशा, ओर 2. बगल, किनारा 3. पक्ष।

4. बादशाह, सम्राट।

5.1. वहन करना, ले जाना 2. हवा

7.1. लकड़ी या काठ से निर्मित 2. जिसका छिलका मोटा और कड़ा हो 3. जिसका गूदा कड़ा हो।




### वर्ग पहेली -85 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 छि | न | वा | ना | | | 2 प |
| | | | | 3 फ | फो | ला |
| | | 4 ढों | | ड़ | | |
| 5 प | 6 रि | चा | रि | क | | 7 आ |
| | टा | | | ना | | द |
| | य | | | | | ह |
| 8 वि | र | ह | नि | वे | द | न |

### सुडोकू -165

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | | | |
| | | | | | 4 | | | |
| | | | | | | 7 | | |
| | 8 | | | 9 | | | | |
| | | | | | | | 4 | |
| | | | | | 7 | | | |
| | | 2 | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | 1 | | | | | 8 |

### सुडोकू -164 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 9 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 8 |
| 8 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 6 |
| 5 | 3 | 2 | 6 | 7 | 8 | 4 | 1 | 9 |
| 3 | 9 | 7 | 4 | 5 | 6 | 8 | 2 | 1 |
| 2 | 8 | 5 | 3 | 1 | 7 | 6 | 9 | 4 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 3 | 4 | 1 | 8 | 5 |
| 4 | 7 | 3 | 1 | 8 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 1 | 5 | 8 | 2 | 6 | 9 | 7 | 4 | 3 |

# पहली तिमाही में राहत के बाद फिर डराने लगे आंकड़े

नीरज मिश्र, लखनऊ

**अमृत विचार :** मार्ग दुर्घटनाओं के आंकड़ों पर चार दिन की चांदनी फिर अंधेरी रात वाली कहावत एक बार फिर चरितार्थ होती दिखी। वर्ष 2024 की पहली तिमाही में लगे ब्रेक के ठीक एक माह बाद ही हादसों और मौतों की संख्या में जबरदस्त इजाफा देखने को मिला है।

बीते वर्ष से लेकर 2024 के प्रथम चार माह (जनवरी, फरवरी, मार्च व अप्रैल) में न केवल दुर्घटनाएं की संख्या बढ़ी है, बल्कि जनहानि के आंकड़े भी बढ़ गये हैं। जहां हादसों की संख्या में 3.5 तो मौत की संख्या में 2.2 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी देखी गई है।

**2023 से 2024 के बीच चार माह में आया अंतर**

हादसों की संख्या-487

मौतों का आंकड़ा-169

**प्रदेश में जनवरी से अप्रैल तक हुए हादसे व मौतों की संख्या**

**पिछले साल**- 2023 (चार माह के दौरान)

सड़क हादसों की संख्या -14,110

मृतकों की संख्या-7,757

**इस वर्ष**- 2024 (चार माह के दौरान)

सड़क हादसों की संख्या-14,597

मृतकों की संख्या-7,926

### हादसों और मौत के आंकड़ों में हुई बढ़ोत्तरी

यह चिंताजनक है। पहली तिमाही के आंकड़े राहत देने वाले रहे, लेकिन एक बार फिर मौत और जनहानि के आंकड़ों में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। सड़क सुरक्षा से जुड़ीं सभी एजेंसियों को इस सिलसिले में बता दिया गया है। एनएच और एसएच पर सख्त निगरानी और सर्तकता बरतने के लिए कहा गया है। सभी एजेंसी मिलकर इस दिशा में गंभीरता से कार्य करें। जल्द ही इस सिलसिले में उच्च स्तरीय बैठक भी बुलाई जाएगी।


**-पुष्पसेन सत्यार्थी**, अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 31 मई शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अष्टमी 09.38 तक तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-ग्रीष्म। चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-शतभिषा 06.14 तक तत्पश्चात पूर्वाभाद्रपद 01 जून 04.48 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद।

**मेष** - आज आप अपने खर्चों का प्रबंधन करने का प्रयास करेंगे। यद्यपि आप व्यापार में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। परिवार में उत्सव जैसा माहौल हो सकता है। उत्तम भोजन का आनंद लेंगे। आप किसी फाइनेंशियल मामले को सुलझाने में व्यस्त हो सकते हैं।

**वृष** - आज कानूनी मामलों में भाग्यशाली रहेंगे। रुका हुआ धन प्राप्त होने के योग बन रहे हैं। विवाह से जुड़े मामलों पर चर्चा के लिए दिन शुभ है। कई दिनों से जिस मामले को लेकर आप अनिर्णय की स्थिति से जूझ रहे थे, उस पर आप महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं।

**मिथुन** - आज यदि आपने किसी से कर्ज लिया है तो उसे लेकर भी विवाद होने की आशंका है। आपको किसी से भी झगड़ने से बचना चाहिए। सावधान होकर परिस्थितियों का आकलन करें, शीघ्र ही आपको सुखद परिणाम प्राप्त होंगे।

**कर्क** - आज का दिन सेहत के दृष्टिकोण से शुभ नहीं है। धन को लेकर परेशानियां भी साथ में जुड़ सकती हैं। जल का सेवन पर्याप्त मात्रा में करें। बाहर के और अशुद्ध खानपान से बचें। उल्टी-दस्त की शिकायत होने की आशंका है। लोग आपको गलत समझ सकते हैं।

**सिंह** - आज जॉब कर रहे लोग अपनी पदोन्नति को लेकर अधिकारियों से चर्चा कर सकते हैं। युवा प्रेम विवाह को लेकर परिवार में चर्चा कर सकते हैं। व्यवसाय में नए प्रयोग की योजना बना सकते हैं। आपके काम से कई लोग प्रभावित रहेंगे।

**कन्या** - आज कार्यक्षेत्र में अधिकारियों की डांट खानी पड़ सकती है। सरकारी कार्यों में कुछ रुकावट संभव है। उच्च अधिकारी आपके ऊपर अनावश्यक दबाव डालने का प्रयास कर सकते हैं, किंतु आप समझदारी पूर्वक काफी समस्याओं को सुलझा भी लेंगे।

**तुला** - आज गूढ़ विद्याओं से जुड़े लोगों को सम्मान मिल सकता है। आपको स्वप्न के माध्यम से भविष्य के संकेत मिल सकते हैं। किसी उधार को चुकता करने के लिए दिन उत्तम है। आप नई और रोचक विषयों पर जानकारी लेने को उत्सुक रहेंगे।

**वृश्चिक** - आज व्यवसाय में धन लाभ होगा। इसके बावजूद आपको कुछ मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। धन से जुड़े मामलों को लेकर सावधान रहें। आपको मेहनत का सार्थक परिणाम नहीं मिल रहा है।

**धनु** - आज गुप्त शत्रुओं की पहचान करने में सफलता मिलेगी, जो कार्य किसी कारणवश रुक गए थे, उनकी वैकल्पिक व्यवस्था हो सकती है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। जॉब में आपका प्रदर्शन अच्छा रहेगा।

**मकर** - आज घर बदलने का विचार कर सकते हैं। आय बढ़ाने के नए विकल्पों की खोज कर सकते हैं। दार्शनिक विषयों के प्रति आपका झुकाव बढ़ेगा। आप संतान को लेकर कुछ चिन्तित हो सकते हैं, लेकिन आपकी चिंता का समाधान अवश्य ही हो जाएगा।

**कुंभ** - आज नया घर खरीदना चाह रहे हैं तो इच्छानुसार डील मिल सकती है। मित्रों की सहायता कर सकते हैं। आपका सामाजिक सम्मान बढ़ेगा। आप काफी प्रसन्न रहेंगे। आभूषणों की खरीदारी कर सकते हैं। पुराने निवेश का आपको लाभ प्राप्त होगा।

**मीन** - आज लोगों से सोच-समझकर ही बातें करें। आध्यात्मिक चर्चाओं से मन शांत होगा। व्यापारियों को अपनी दुकान की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखना होगा। अनावश्यक यात्राओं पर जाना पड़ सकता है। गले में दर्द और जुकाम की शिकायत हो सकती है।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
- दरार - सुबह : 10.03
- अरुंधती - दोपहर : 03.04

**&pictures**
- पार्टनर - सुबह : 11.06
- थलाइवी - रात : 08.00

**Sony Pix**
- ग्रान टूरिस्मो - सुबह : 10.59
- स्पाइडर-मैन 2 - रात : 09.00

**Zee Cinema**
- जिस्म - सुबह : 11.10
- तारे जमीन पर - रात : 07.15

**Colors Cineplex**
- डुप्लीकेट - सुबह : 10.49
- भेड़िया - शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 07.15 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

संजू- मैं यहां नहीं रहूंगा! इतना छोटा सा कमरा न तो कोई खिड़की है और न बाथरूम! मुझे मेरे पैसे वापस चाहिए
वेटर- लेकिन सर ये तो
संता- नहीं-नहीं, मुझे पैसे वापस दे दो।
वेटर- अबे गंवार ऊपर रूम में तो चल, यह तो लिफ्ट है।

पत्नी- अगर मैं मर गई तो तुम क्या करोगे?
पति- शायद मैं भी मर जाऊं
पत्नी- क्यों?
पति- कभी-कभी ज्यादा खुशी भी जानलेवा होती है।

## मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 970 फ्लैग 1085 डीएमओ 855 बोल्ड 1145, सम्भल-चन्दौसी-शिवालिक 970 फ्लैग 1085 बोल्ड 1135 डीएमओ 850।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2400-2450 |
| आरआर 21 | 2550-2600 |
| गेहूंफारम | 2600-2700 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2000-4000 |
| बाजरा | 2100-2150 |
| मकाई | 2200-2400 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 6200-6400 |
| अरहर | 9000-10000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 3700-4000 |
| उड़दहरा | 10000-11000 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 8000-8100 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 17600-17700 |
| अरहरस्पेशल1 | 14900-15000 |
| चनादाल | 8200-8300 |
| मटरदाल | 5000-5100 |
| मसूरमलका | 7400-7450 |
| मसूरदाल | 7600-7650 |
| उड़ददाल | 9000- 13000 |
| उड़द धोवा | 10000- 13000 |
| मूँगदाल | 8800-9800 |
| मूँग धोवा | 9700-11000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000 - 2300 |
| बासमती नं.1 | 8500 - 10000 |
| सेला | 2500 - 3000 |
| बासमती नं.2 | 6500 - 7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1380-1430 |
| मैदा | 1350-1400 |
| सूजी | 1410-1430 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1325-1350 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 5600-5800 |
| अलसी | 4500-4600 रुपये। |

# 2024-25 में वृद्धि दर 7% रहने का अनुमान

## आरबीआई ने जारी की वार्षिक रिपोर्ट, कहा-दुनिया में वृद्धि की होगी सबसे तेज रफ्तार

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था के सात प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान लगाया है। यह दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि की सबसे तेज रफ्तार होगी। केंद्रीय बैंक ने 2023-24 की वार्षिक रिपोर्ट में कुल मुद्रास्फीति में कमी आने की उम्मीद जताई है। हालांकि, खाद्य मुद्रास्फीति के बढ़ने का संकेत देते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि यह आपूर्ति पक्ष के झटकों के कारण संवेदनशील बनी रहेगी।

भारतीय रिजर्व बैंक के बही-खाते का आकार मार्च, 2024 तक 11.08 प्रतिशत बढ़कर 70.47 लाख करोड़ रुपये हो गया है। यह पाकिस्तान के कुल सकल घरेलू उत्पाद (करीब 340 अरब अमेरिकी डॉलर) का करीब 2.5 गुना है। रिपोर्ट में कहा गया कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने 2023-24 (अप्रैल 2023 से मार्च 2024 वित्त वर्ष) में मजबूत गति से विस्तार किया, जिससे वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर बढ़कर 7.6 प्रतिशत हो गई है। यह 2022-23 में सात प्रतिशत थी। यह लगातार तीसरे वर्ष सात प्रतिशत या उससे अधिक रही। वित्त वर्ष 2023-24 में अर्थव्यवस्था ने लगातार चुनौतियों के बावजूद जुझारुपन दिखाया। जीडीपी वृद्धि को बैंकों तथा कॉरपोरेट जगत की स्वस्थ बैलेंस शीट, पूंजीगत व्यय पर सरकार के ध्यान देने और विवेकपूर्ण मौद्रिक, नियामकीय तथा राजकोषीय नीतियों से समर्थन मिला है। हालांकि, भारतीय अर्थव्यवस्था प्रतिकूल वैश्विक समष्टि आर्थिक तथा वित्तीय परिवेश से जूझ रही है। वित्त वर्ष 2023-24 के खरीफ और रबी दोनों मौसम में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) ने सभी फसलों के लिए उत्पादन लागत पर न्यूनतम 50 प्रतिशत लाभ सुनिश्चित किया।

रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था, व्यापक आर्थिक तथा वित्तीय स्थिरता के परिदृश्य में अगले दशक में वृद्धि की गति को तेज करने की अच्छी स्थिति में है।

### बीते वित्त वर्ष बैंकों में बढ़े धोखाधड़ी के मामले



बैंकों से जुड़े धोखाधड़ी के मामले बीते वित्त वर्ष (2023-24) में बढ़कर 36,075 रहे। हालांकि, इस दौरान धोखाधड़ी वाली राशि 46.7 प्रतिशत घटकर 13,930 करोड़ रुपये रही। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की सालाना रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023-24 के दौरान धोखाधड़ी में शामिल राशि 13,930 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले 26,127 करोड़ रुपये थी। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान धोखाधड़ी के मामलों की संख्या 36,075 हो गई, जो एक साल पहले 13,564 थी। रिपोर्ट के अनुसार, धोखाधड़ी पर अंकुश लगाने और भुगतान अनुभव को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से नये अधिनियम डिजिटल व्यक्तिगत सूचना संरक्षण कानून, 2023 के अनुपालन के तहत वास्तविक रूप से कोष अंतरण से पहले भुगतान प्राप्त करने वाले के नाम की वास्तविक समय पर सत्यापन की संभावना टटोली जाएगी।

### एमएसपी ने उत्पादन लागत पर 50% का न्यूनतम मुनाफा किया सुनिश्चित

मुंबई। वित्त वर्ष 2023-24 के खरीफ और रबी दोनों मौसम में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) ने सभी फसलों के लिए उत्पादन लागत पर न्यूनतम 50 प्रतिशत लाभ सुनिश्चित किया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की बृहस्पतिवार को जारी वार्षिक रिपोर्ट में कहा गया कि 31 मार्च 2024 तक खाद्यान्नों का समग्र सार्वजनिक भंडारण कुल तिमाही भंडारण मानक का 2.9 गुना था। सरकार ने 29 नवंबर 2023 को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत खाद्यान्न के मुफ्त वितरण की योजना को एक जनवरी 2024 से पांच और वर्षों के लिए बढ़ा दिया था। रिपोर्ट में कहा कि असमान तथा कम दक्षिण-पश्चिम मानसून वर्षा के साथ ही अल नीनो की स्थिति के मजबूत होने से कृषि और संबद्ध गतिविधियों को प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ा।

## कांग्रेस हमेशा विकास के लिए प्रगतिशील कदम उठाने से कतराई

नई दिल्ली, एजेंसी

- वित्त मंत्री सीतारमण ने पोस्ट में विपक्षी पार्टी पर लगाया आरोप



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कांग्रेस पर हमेशा भारत के विकास और वृद्धि के लिए प्रगतिशील कदम उठाने से कतराने तथा केवल प्रतिगामी नीतियों को प्रोत्साहित करने का आरोप लगाते हुए आज कहा कि वर्ष 2016 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा पेश किए गए इंसोल्वेंसी एंड बैंक्रप्सी कोड (आईबीसी) से पहले वित्तीय कॉर्पोरेट संकट की कार्यवाही कानूनों के एक टुकड़े द्वारा शासित होती थी, जिससे समस्याएँ सुलझने के बजाय और बिगड़ जाती थीं।

वित्त मंत्री सीतारमण ने इसको लेकर एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि माल एवं वस्तु सेवा कर (जीएसटी) की तरह कांग्रेस आम सहमति बनाने और सुधारों को लागू करने के लिए राजनीतिक पूंजी खर्च करने के वास्ते उत्सुक नहीं थी। कांग्रेस हमेशा भारत के विकास और वृद्धि के लिए प्रगतिशील कदम उठाने से कतराती रही है और केवल प्रतिगामी नीतियों को प्रोत्साहित करती रही है। उन्होंने कहा कि इंसोल्वेंसी कानून लागू करने की सख्त जरूरत के बजाए संप्रग सरकार ने जानबूझकर बैंकों और परिचालन ऋणदाताओं की कीमत पर अपने साथियों को फ़ायदा पहुंचाने की कोशिश की।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 97,300 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74,450 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,500-55,700 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,850 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,700 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 92,000 |
| चांदी तैयार | 92,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 73,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 72,000 |
| चांदी पक्की | 908 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 73,325 |
| चांदी आभूषण | 92,300। |

## आरबीआई के लाभांश से जमा दरों पर दबाव कम होने की संभावना

नई दिल्ली, एजेंसी

इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक से मिलने वाले 2.11 लाख करोड़ रुपये के लाभांश को अगर सरकार खर्च करती है तो नकदी दबाव कम होने और बैंकिंग प्रणाली की जमा दरों में कमी आने की संभावना है।

रेटिंग एजेंसी ने बयान में कहा कि रिजर्व बैंक का बड़ा लाभांश केंद्र सरकार की राजकोषीय स्थिति को बेहतर करेगा, जिससे अतिरिक्त खर्च या राजकोषीय सशक्तीकरण या दोनों का ही मिला-जुला रूप देखने को मिल सकता है। हालांकि, जमा वृद्धि के मामले में बैंकों के लिए संरचनात्मक चुनौतियां मध्यम से लंबी अवधि में जारी रहेंगी। आरबीआई के निदेशक मंडल ने 2023-24 में अर्जित लाभ में से सरकार को 2.11 लाख करोड़ रुपये का लाभांश हस्तांतरित करने का पिछले सप्ताह फैसला किया। इंडिया रेटिंग्स ने कहा, ''उम्मीद है कि आरबीआई की तरफ से सरकार को 2.1 लाख करोड़ रुपये का लाभांश हस्तांतरण तरलता की स्थिति में सुधार करेगा और बैंकिंग प्रणाली जमा पर बढ़ते दबाव को कम करेगा।

### देश में बिजली मांग रिकॉर्ड 246 गीगावाट पहुंची

नई दिल्ली। देश में पड़ रही भीषण गर्मी की वजह से बिजली की अधिकतम मांग रिकॉर्ड 246.06 गीगावाट पर पहुंच गई है। बिजली मंत्रालय ने बताया-घरों एवं दफ्तरों में एयर कंडीशनर और कूलर का इस्तेमाल बढ़ने से बिजली की खपत बढ़ रही है। बिजली मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, बिजली की अधिकतम मांग या दिन में सबसे अधिक आपूर्ति बुधवार को 246.06 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) दर्ज की गई, जो इस साल गर्मी के मौसम में सबसे अधिक है। इससे पहले मंगलवार को अधिकतम मांग 237.94 गीगावाट के उच्चस्तर पर पहुंच गई थी।

## एफडीआई प्रवाह 3.49% घटकर 44.42 अरब डॉलर

नई दिल्ली, एजेंसी

- वित्त वर्ष 2023-24 के सरकारी आंकड़ों से हुआ खुलासा



भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) इक्विटी प्रवाह 2023-24 में 3.49 प्रतिशत घटकर 44.42 अरब डॉलर रहा है। सेवा, कंप्यूटर हार्डवेयर व सॉफ्टवेयर, दूरसंचार, मोटर वाहन और औषधि जैसे क्षेत्रों में कम निवेश के कारण यह गिरावट आई है। सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

वित्त वर्ष 2022-23 में एफडीआई प्रवाह 46.03 अरब अमेरिकी डॉलर था। हालांकि, वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में प्रवाह 33.4 प्रतिशत बढ़कर 12.38 अरब डॉलर हो गया। 2022-23 की इसी तिमाही में यह 9.28 अरब डॉलर था। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के आंकड़ों के अनुसार, कुल एफडीआई 2023-24 में मामूली रूप से एक प्रतिशत घटकर 70.95 अरब डॉलर रहा, जबकि 2022-23 में यह 71.35 अरब डॉलर था। वित्त वर्ष 2022-23 में भारत में एफडीआई प्रवाह में 22 प्रतिशत की गिरावट आई थी। कुल एफडीआई में इक्विटी प्रवाह, पुनर्निवेशित आय और अन्य पूंजी शामिल है। एफडीआई प्रवाह वित्त वर्ष 2021-22 में सर्वाधिक 84.83 अरब डॉलर था। वित्त वर्ष 2023-24 में मॉरीशस, सिंगापुर, अमेरिका, ब्रिटेन, संयुक्त अरब अमीरात, केमैन आइलैंड, जर्मनी और साइप्रस सहित प्रमुख देशों से एफडीआई इक्विटी प्रवाह में कमी आई। हालांकि, नीदरलैंड और जापान से निवेश में वृद्धि हुई है। क्षेत्रवार बात की जाए, तो सेवा, कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर, व्यापार, दूरसंचार, मोटर वाहन, औषधि और रसायन में प्रवाह में कमी आई है।

## राष्ट्रीय

# गठबंधन की सरकार कृषि ऋण करेगी माफ

## ओडिशा की चुनावी रैली में बोले राहुल, हमने संविधान को बचाने का लिया है संकल्प

बालासोर (ओडिशा), एजेंसी



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अग्निवीर योजना के जरिए जवानों को मजदूर बना दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हाल ही में ओडिशा के लोगों का अपमान किया, जब उसके एक नेता ने कहा कि भगवान जगन्नाथ मोदी के भक्त हैं। भद्रक लोकसभा सीट के सिमुलिया में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने संविधान और लोकतंत्र को बचाने का संकल्प लिया।

गांधी ने घोषणा की कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर खाद्यान्न पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानूनी जामा पहनाया जाएगा, कृषि ऋण को माफ किया जाएगा और अग्निवीर योजना को खत्म कर दिया जाएगा। गांधी ने यहां जनसभा से इतर संवाददाताओं से कहा-हम अग्निवीर योजना को खत्म करने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने जवानों को मजदूर बना दिया है। हम जवानों को फिर से सैनिक बना देंगे। उन्होंने कहा कि सभी जवानों को पेंशन, कैंटीन सुविधाएं मिलेंगी और उनकी मृत्यु की स्थिति में शहीद का दर्जा दिया जाएगा। उन्होंने बीजू जनता दल (बीजद) पर भाजपा के साथ साझेदारी में काम करने का आरोप लगाया। गांधी ने कहा कि वह भाजपा के खिलाफ लड़ रहे हैं, जिसकी वजह से केंद्र सरकार ने उनके खिलाफ मानहानि के 24 और आपराधिक मामले दायर किए हैं।

### इंडिया गठबंधन 48 घंटे के भीतर करेगा प्रधानमंत्री का चयनः जयराम रमेश



नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बृहस्पतिवार को कहा कि इस लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन स्पष्ट एवं निर्णायक जनादेश हासिल करेगा और नतीजों के 48 घंटे के भीतर प्रधानमंत्री का चयन कर लिया जाएगा। लोकसभा चुनाव के सातवें एवं अंतिम चरण के मतदान से पहले, प्रचार के आखिरी दिन दिए साक्षत्कार में रमेश ने यह भी कहा कि विपक्षी गठबंधन में जिस पार्टी को सबसे अधिक सीट मिलेंगी, वही पार्टी अगली सरकार के नेतृत्व के लिए स्वाभाविक दावेदार होगी। उनका यह भी कहना था कि इंडिया जनबंधन के घटक दलों को जनादेश मिलने के बाद राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के कुछ घटक भी इस गठबंधन में शामिल हो सकते हैं, हालांकि कांग्रेस आलाकमान को यह तय करना होगा कि उन्हें गठबंधन में शामिल किया जाए या नहीं।

### जम्मू-कश्मीर पुलिस ने दो आतंकवादी सहयोगियों को लगाया जीपीएस डिवाइस

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने गुरुवार को अनंतनाग जिले में दो आतंकवादी सहयोगियों को ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस) ट्रैकिंग डिवाइस लगाया।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि अदालत के आदेशानुसार, अनंतनाग पुलिस ने आज गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) मामले में जमानत पर रिहा किये गये आतंकवादी सहयोगियों पर जीपीएस ट्रैकिंग डिवाइस लगाया, जिससे पता लगाया जा सके कि वे कहीं जमानत शर्तों का उल्लंघन तो नहीं कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि पुलिस ने जानकारी दी है कि आरोपियों को 2018 में थाना डूरू में यूएपीए अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया था। बाद में, उन्हें न्यायालय द्वारा जमानत पर रिहा कर दिया गया है।

## ई-रिक्शा चालक ने महिला को नशीला पदार्थ पिलाकर किया दुष्कर्म

नई दिल्ली, एजेंसी

- 26 मई को हुई थी वारदात आरोपी गिरफ्तार

राष्ट्रीय राजधानी में एक ई-रिक्शा चालक द्वारा 25 वर्षीय महिला को कथित तौर पर नशीला पदार्थ पिलाकर उससे दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि मामले में उत्तर दिल्ली के कोतवाली इलाके से आरोपी मोहम्मद उमर (24) को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) मनोज कुमार मीणा ने बताया कि 26 मई को कोतवाली पुलिस थाने को डकैती की घटना की पीसीआर कॉल आई, जिसके बाद मौके पर पुलिस टीम पहुंची। वहां पर महिला घायल अवस्था में मिली और उसका खून बह रहा था। महिला का तीन साल का बेटा बगल में बैठा था। उन्होंने कहा कि महिला मूल रूप से बिहार की रहने वाली है और उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया और चिकित्सा परीक्षण कराया गया। पुलिस के मुताबिक, महिला अपने तीन साल के बेटे के साथ बिहार से पंजाब अपने पति से मिलने जा रही थी। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि 26 मई को महिला ट्रेन से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन उतरी और सदर बाजार गई। जब वह सदर बाजार से रेलवे स्टेशन लौट रही थी तो ई-रिक्शा चालक ने कथित तौर पर उसे पेय पदार्थ की पेशकश की जिसे पीकर वह बेहोश हो गई। मीणा ने बताया-महिला के बयान के मुताबिक रिक्शा चालक उसे सुनसान स्थान पर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

### आचार संहिता का उल्लंघन करने पर बीडीपीओ सहित छह लोग निलंबित

चंडीगढ़। गुरदासपुर लोक सभा सीट के अंतर्गत फतेहगढ़ चूड़ियां में चुनाव आचार संहिता की उल्लंघनाओं की शिकायतें मिलने के बाद गुरदासपुर के रिटर्निंग अफ़सर-कम-ज़िला निर्वाचन अधिकारी ने फतेहगढ़ चूड़ियां के ब्लॉक विकास एवं पंचायत अधिकारी (बीडीपीओ) परगट सहित, कुलजिन्दर सिंह ग्राम विकास अधिकारी, मेजर सिंह पंचायत सचिव, विलियम मसीह, सुखजीत सिंह और शमशेर सिंह सभी ग्राम रोज़गार सेवकों को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया है। प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि फतेहगढ़ चूड़ियां के विधायक की शिकायत मिली थी कि एक सरकारी पार्क में इंटरलाकिंग टाइलें लगवाईं जा रही हैं जो कि चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन है।

## एक नजर

### झारखंड के मंत्री को दो दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया

रांची। रांची की एक पीएमएलए अदालत ने झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम को कथित धन शोधन मामले में दो दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। आलम को एक जून को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अदालत के समक्ष पेश किया जाएगा। मंत्री को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 15 मई को एजेंसी के कार्यालय में दो दिन तक पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। आलम के वकील किशलय प्रसाद ने कहा-14 दिन की ईडी रिमांड बृहस्पतिवार को पूरी हो गई। न्यायिक हिरासत के लिए अनुरोध किया गया और इसे मंजूर कर लिया गया।

### दोहरे हत्याकांड में पांच को उम्रकैद की सजा

चाईबासा (झारखंड)। झारखंड के चाईबासा जिले की एक अदालत ने करीब साढ़े तीन साल पहले पश्चिमी सिंहभूम जिले में हुए दोहरे हत्याकांड के मामले में बृहस्पतिवार को पांच दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश-द्वितीय की अदालत ने रॉया राय पूर्ति, बुधराम तिरिया, बामन तिरिय, रघुनाथ तिरिया और जयपाल तिरिया को हत्या के मामले में धारा 302 (हत्या) और धारा-34 के तहत दोषी करार दिया।

## पुरी में पटाखों के ढेर में विस्फोट से तीन लोगों की मौत, 33 घायल

पुरी/भुवनेश्वर, एजेंसी

- मुख्यमंत्री पटनायक ने प्रशासनिक स्तर की जांच के दिए आदेश

ओडिशा के पुरी में भगवान जगन्नाथ के चंदन यात्रा उत्सव के दौरान पटाखों के ढेर में विस्फोट होने से एक नाबालिग समेत कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और 33 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने बुधवार रात हुए पटाखा विस्फोट की प्रशासनिक स्तर की जांच के आदेश दिए और प्रत्येक मृतक के परिजन को चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, जांच राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव द्वारा की जाएगी, जो विशेष राहत आयुक्त भी हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया-एक लड़के की कटक के एससीबी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई, जबकि दो अन्य की भुवनेश्वर के निजी अस्पतालों में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुरी के पुलिस अधीक्षक (एसपी) पिनाक मिश्रा ने बताया कि बुधवार रात को यह हादसा उस समय हुआ जब सैकड़ों लोग अनुष्ठान देखने के लिए नरेन्द्र पुष्करिणी के तट पर एकत्र हुए थे। अचानक जलते हुए पटाखों का एक टुकड़ा भंडार में जा गिरा, जिससे विस्फोट हो गया।

मुख्यमंत्री बृहस्पतिवार सुबह घायलों से मिलने के लिए एक निजी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने अस्पताल के डॉक्टरों से बात की और उन्हें वहां इलाज करा रहे घायलों को सर्वोत्तम उपचार प्रदान करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और उनके परिवार के सदस्यों से मुलाकात की।

ओडिशा के मुख्य सचिव प्रदीप कुमार जेना, खुर्दा जिलाधिकारी चंचल राणा और स्वास्थ्य सचिव शालिनी पंडित घायल लोगों के इलाज की जानकारी लेने के लिए बुधवार देर रात अलग-अलग अस्पताल पहुंचे। जेना ने 'एक्स' पर कहा-विभिन्न अस्पतालों में भर्ती 36 मरीजों में से छह को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई, तीन को मृत घोषित कर दिया गया और 27 का इलाज चल रहा है। स्वास्थ्य सचिव ने बताया कि घायल लोगों को पुरी, भुवनेश्वर और कटक के विभिन्न निजी और सरकारी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

## काला जादू के संदेह में महिलाओं ने व्यक्ति की हत्या की

रांची, एजेंसी

- रांची में की थी पिटाई, पांच महिलाएं गिरफ्तार

झारखंड में रांची जिले के एक गांव में काला जादू करने के संदेह में महिलाओं के एक समूह ने 60 वर्षीय एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी। एक पुलिस अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि इस मामले में पांच महिलाओं को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार की गईं सभी महिलाओं की उम्र 30 से 50 वर्ष के बीच है। अनगड़ा पुलिस थाने के प्रभारी चमरा मिंज ने बताया-बालेश्वर उरांव नामक बुजुर्ग व्यक्ति को काला जादू करने के संदेह में महिलाओं ने डंडों से पीट-पीटकर मार डाला। उन्होंने उसकी पत्नी इतवारी देवी के साथ भी मारपीट की। यह घटना रांची से करीब 25 किलोमीटर दूर अनगड़ा पुलिस थाने के अंतर्गत जारगा तेतरटोली गांव में मंगलवार शाम को हुई, जब पीड़ित कथित तौर पर एक पड़ोसी के घर में घुस गया और सो रही लड़की के पास जाकर उस पर काला जादू करने लगा। मिंज ने बताया कि लड़की के चिल्लाने पर गांव की महिलाएं वहां जमा हो गईं और उसके साथ मारपीट करने लगीं। जब उसकी पत्नी ने बीच-बचाव करने की कोशिश की तो महिलाओं ने उसे भी पीटा।

## बंगाल में सीएए के तहत नागरिकता प्रमाण पत्र देने की प्रक्रिया शुरू

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 के तहत नागरिकता प्रमाण पत्र देने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। एक सरकारी विज्ञप्ति में गुरुवार को यह जानकारी दी गयी। विज्ञप्ति में कहा गया, " पश्चिम बंगाल में अधिकार प्राप्त समिति ने राज्य से प्राप्त आवेदनों के पहले सेट को बुधवार को नागरिकता प्रदान कर दी। दक्षिण 24 परगना के काकद्वीप में इसी दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आश्वासन दिया था कि सीएए केवल भारतीय नागरिकता प्रदान करने के लिए है। जो शरणार्थी दूसरे देशों में धार्मिक आधार पर प्रताड़ित होकर आये हैं।" हरियाणा और उत्तराखंड राज्यों की अधिकार प्राप्त समितियों ने भी बुधवार को नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 के तहत अपने-अपने राज्यों में आवेदकों के पहले समूह को नागरिकता प्रदान की है।

### ईडी ने शाहजहां शेख के खिलाफ दाखिल किया आरोपपत्र

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धनशोधन मामले की जांच के तहत पश्चिम बंगाल के निलंबित तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां शेख, उसके भाई और दो कथित सहयोगियों के खिलाफ अपना पहला आरोपपत्र दाखिल किया है। यह जानकारी जांच एजेंसी ने बृहस्पतिवार को दी। अभियोजन पक्ष की शिकायत में नामजद अन्य लोगों में एसके आलमगीर (शाहजहां के भाई) के अलावा शिब प्रसाद हाजरा और दीदार बोक्श मोल्ला शामिल हैं। कोलकाता में पीएमएलए की विशेष अदालत के समक्ष आरोप पत्र दाखिल किया गया है।

## सरकारी जमीन पर अवैध धार्मिक स्थल की नहीं दी जाएगी अनुमति

कोच्चि, एजेंसी

**फैसला**

- केरल उच्च न्यायालय ने टिप्पणी चाहे वह किसी भी धर्म का क्यों न हो
- छह महीने की अवधि के भीतर अतिक्रमण हटाने के दिए निर्देश



केरल उच्च न्यायालय ने निर्देश दिया कि सरकारी जमीन पर किसी भी अवैध धार्मिक स्थल के निर्माण को अनुमति नहीं दी जानी चाहिए फिर चाहे वह किसी भी धर्म का क्यों न हो। उच्च न्यायालय ने कहा कि ईश्वर सर्वशक्तिमान है और श्रद्धालुओं के शरीर, उनके घर सहित हर जगह मौजूद है।

न्यायमूर्ति पी. वी. कुन्हीकृष्णन ने कहा-इसलिए ईश्वर में आस्था रखने वालों को धार्मिक संरचनाओं के निर्माण के लिए सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने की आवश्यकता नहीं है। इसे भूमिहीन लोगों में वितरित किया जाना चाहिए और मानव जाति के लिए उपयोग में लाया जाना चाहिए। ऐसा करने से ईश्वर ज्यादा खुश होंगे और सभी को आशीर्वाद देंगे।

केरल प्लांटेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड ने अदालत में एक याचिका दाखिल कर राज्य सरकार, पुलिस और पथनमथिट्टा जिला अधिकारियों को संस्थान को पट्टे पर दी गई संपत्तियों की पहचान करने और वहां से सभी अतिक्रमणकारियों को हटाने का निर्देश देने की मांग की थी, जिसपर उच्च न्यायालय ने यह निर्देश और टिप्पणियां कीं। केरल प्लांटेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड की अर्जी को स्वीकार करते हुए उच्च न्यायालय ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे संस्थान को पट्टे पर दी गई संपत्तियों की पहचान करें और सरकारी भूमि पर निर्मित सभी अवैध धार्मिक संरचनाओं सहित सभी अतिक्रमणकारियों को इस फैसले की प्राति प्राप्त होने की तिथि से छह महीने की अवधि के भीतर किसी भी तरह से हटाएं। अदालत ने 27 मई को दिये अपने आदेश में मुख्य सचिव को निर्देश दिया कि वे सभी जिलाधिकारियों को यह पता लगाने के लिए जांच करने का निर्देश दें कि क्या किसी धार्मिक समूह द्वारा किसी सरकारी भूमि पर अवैध, अनाधिकृत पत्थर या फिर क्रॉस या अन्य किसी भी तरह की संरचनाएं तो नहीं लगाई या बनाई गई हैं। जिलाधिकारी राज्य के मुख्य सचिव से आदेश प्राप्त होने की तिथि से छह महीने की अवधि के भीतर इस तरह की अवैध संरचनाओं की जांच करेंगे।

# मालिक और चिकित्सक को 14 दिन की न्यायिक हिरासत

अस्पताल अग्निकांड

- दिल्ली पुलिस ने घटना की दर्ज प्राथमिकी में किशोर न्याय कानून की धाराएं भी जोड़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की मेट्रोपोलिटन अदालत ने गुरुवार को उस निजी अस्पताल के मालिक और ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया, जहां 25 मई को आग लगने से सात नवजात बच्चों की मौत हो गई थी और पांच घायल हो गए थे। दिल्ली पुलिस ने अस्पताल में आग लगने की घटना के संबंध में दर्ज प्राथमिकी में किशोर न्याय कानून की धाराएं भी जोड़ी हैं।

मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट विधि गुप्ता आनंद ने अस्पताल के मालिक डॉ. नवीन खिची और पिछले शनिवार देर रात आग लगने के समय ड्यूटी पर मौजूद डॉ. आकाश को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस बीच, डॉक्टर ने जमानत याचिका दायर की है, जिस पर तीन जून को सुनवाई होगी। पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार में बेबी केयर न्यू बोर्न चाइल्ड अस्पताल में शनिवार रात भीषण आग लग गई थी, जिसका संचालन कथित तौर पर लाइसेंस समाप्त होने के बाद भी अग्निशमन विभाग से किसी मंजूरी के बिना अवैध रूप से किया जा रहा था। विवेक विहार थाने में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 336 (दूसरों के जीवन और व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालने वाला कार्य), 304 ए (लापरवाही से मौत का कारण बनना), 304 (गैर इरादतन हत्या) और 308 (गैर इरादतन हत्या करने का प्रयास) के तहत मामला दर्ज किया गया है। दोनों को रविवार को गिरफ्तार करने के बाद 27 मई को पुलिस हिरासत में भेज दिया गया था।

## प्रज्ज्वल के खिलाफ सैकड़ों महिलाएं उतरीं सड़क पर, किया प्रदर्शन

**हासन (कर्नाटक)।** कई महिलाओं के यौन शोषण के आरोपों का सामना कर रहे जनता दल (एस) के निलंबित नेता प्रज्ज्वल रेवन्ना के खिलाफ गुरुवार को सैकड़ों महिलाओं और लोगों ने प्रदर्शन किया और पीड़ितों के लिए न्याय की मांग की। लोगों ने हासन चलो मार्च में शिरकत की व आरोपियों की गिरफ्तारी और निष्पक्ष जांच की मांग की।

मार्च का आयोजन नवेडु निलादिद्दरे नामक मानवाधिकार समूह नें किया था। इसमें राज्य भर से महिलाओं, श्रमिकों, किसानों और दलितों ने हिस्सा लिया। मार्च महाराजा पार्क के पास हेमावती प्रतिमा से शुरू हुआ और हासन की उपायुक्त सी सत्यभामा को ज्ञापन सौंपने के बाद यह संपन्न हुआ। लोगों ने सरकार से पीड़ितों की गोपनीयता और सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया। एचडी देवेगौड़ा के पोते और हासन से राजग उम्मीदवार प्रज्ज्वल पर महिलाओं का यौन शोषण करने का आरोप है।

# अपनी एसी को कुछ देर दे आराम...

एयर कंडीशनर (एसी) आज के समय में हर घर और ऑफिस की जरूरत है। ये गर्मी के मौसम में आरामदायक होता हैं, जिससे हमारी जीवनशैली में सुधार होता है। लेकिन, कभी–कभी एसी के फटने की घटनाएं भी सामने आती हैं, जो न केवल उपकरण को नुकसान पहुंचाती हैं बल्कि जीवन को भी खतरे में डाल सकती हैं। ऐसी घटनाएं अक्सर अत्यधिक गर्मी के मौसम में ही देखी जा सकती है। आज हम एसी फटने की घटनाओं के संभावित कारणों और उनसे बचाव के उपायों पर चर्चा करेंगे। उचित रखरखाव और सावधानी बरतने से इन घटनाओं से बचा जा सकता है। आइए जानें, कैसे हम एसी को सुरक्षित और प्रभावी तरीके से इस्तेमाल कर सकते हैं...



## एसी फटने के कारण



- **अत्यधिक दबाव :** एसी में अत्यधिक दबाव बढ़ने से कूलेंट का रिसाव हो सकता है, जो विस्फोट का कारण बन सकता है।
- **अत्यधिक तापमान :** अत्यधिक गर्मी में एसी के कंडेंसर में अधिक तापमान बढ़ सकता है, जिससे उसके फटने की आशंका बढ़ जाती है।
- **खराब रखरखाव :** यदि एसी का नियमित रखरखाव नहीं किया जाता है, तो इसमें धूल और गंदगी जमा हो सकती है, जिससे कूलिंग क्षमता कम हो जाती है और फटने का खतरा बढ़ जाता है।
- **गैस लीक :** यदि एसी के कूलिंग सिस्टम में गैस लीक हो रही हो तो यह भी विस्फोट का कारण बन सकता है।
- **इलेक्ट्रिकल फॉल्ट :** इलेक्ट्रिकल शॉर्ट सर्किट या ओवरलोडिंग भी इसके फटने का कारण बन सकते हैं।

## विशेषज्ञ की सलाह, लगातार न चलाएं एयर कंडीशनर



40 साल से एसी व्यवसाय में लगे कमल शर्मा का कहना है कि बाहरी तापमान और स्पेयर पार्ट्स की गुणवत्ता असरदार नहीं होने से यह समस्या आती है। देश में 42 से 45 डिग्री तापमान सहने की क्षमता वाले एसी और उनकी मशीन तैयार होती है। मशीन में कम्प्रेशर और उसमे इस्तेमाल किए जाने वाले कॉपर पाइप की गुणवत्ता उच्च श्रेणी की होना चाहिए। खाड़ी देशों में 50 डिग्री के तापमान को सहन करने वाले एसी और मशीन बनती है। बाजार में कुछ कंपनियां सस्ते उपभोक्ताओं को सस्ते एसी उत्पाद की बिक्री करके ऐसी घटनाओं को बढ़ावा दे रही हैं। बढ़ते तापमान से आउटडोर को भी बचाने की जरूरत है। आउटडोर पर शेड लगाएं। लगातार एसी न चलाएं। एसी बंद करके आउटडोर की क्वाइल पर पानी का स्प्रे कर सकते हैं। सर्विसिंग भी अनुभवी टेक्नीशियन से ही कराएं।

## ऐसे करें निवारण

- **नियमित रखरखाव :** एसी का नियमित रूप से सर्विसिंग करवाएं ताकि धूल और गंदगी जमा न हो।
- **कूलेंट की जांच :** कूलेंट के स्तर की नियमित जांच करवाएं और सुनिश्चित करें कि कोई लीकेज नहीं है।
- **प्रोफेशनल इंस्टॉलेशन :** एसी को हमेशा प्रोफेशनल तकनीशियन से ही इंस्टॉल करवाएं।
- **अत्यधिक दबाव का नियंत्रण :** एसी में सही दबाव बनाए रखने के लिए इसे नियमित रूप से जांचें और उचित कूलिंग सुनिश्चित करें।
- **सुरक्षा उपकरणों का उपयोग :** एसी में ओवरलोड प्रोटेक्शन और सर्किट ब्रेकर जैसे सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करें।
- **समय–समय पर निरीक्षण :** एसी के सभी हिस्सों का समय–समय पर निरीक्षण करें ताकि किसी भी प्रकार की समस्या को समय रहते पहचाना जा सके।

## एक नजर

### जम्मू रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का इंजन पटरी से उतरा

**जम्मू।** जम्मू रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को संपर्क क्रांति एक्सप्रेस का इंजन पटरी से उतर गया। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि आज जब ट्रेन नई दिल्ली से यहां रेलवे स्टेशन पर पहुंची तो इंजन का एक पहिया पटरी से उतर गया जिससे ट्रेन रुक गई। अधिकारियों ने कहा कि दो घंटे की देरी के बाद इंजन को पटरी पर लाया गया और ट्रेन आगे के सफर पर रवाना हो गई। रेलवे अधिकारी घटना के कारणों की जांच कर रहे हैं।

### अमेरिकी में गोलीबारी में एक की मौत, दूसरा घायल

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिकी में कैलिफोर्निया के पूर्वी ओकलैंड में मंगलवार रात गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि ओकलैंड निवासी एक व्यक्ति की अस्पताल में चोटों के कारण मौत हो गई। परिजनों की सूचना मिलने तक उसकी पहचान गुप्त रखी जा रही है। अधिकारियों ने कहा कि ओकलैंड का एक अन्य निवासी, जिसके बारे में माना जाता है कि वह गोलीबारी में शामिल था, गोली लगने से घायल होकर अस्पताल पहुंचा। बुधवार सुबह तक उनकी हालत स्थिर थी।

### ईरानी सेना की गोलीबारी में चार पाकिस्तानियों की मौत

**पाकिस्तान।** ईरान के सैनिकों ने दक्षिण–पश्चिमी क्षेत्र के एक सुदूर इलाके में पाकिस्तानियों के एक समूह को ले जा रहे एक वाहन पर गोलीबारी की जिसमें चार लोगों की मौत हो गई तथा दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह घटना बुधवार को बलूचिस्तान प्रांत के सीमावर्ती गांव मश्केल के पास हुई। सरकारी प्रशासक साहिबजादा असफंद ने कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि ईरानी सेना ने गोलीबारी क्यों की। स्थानीय पुलिस का कहना है कि चारों लोगों के शव उनके परिवारों को सौंप दिए गए हैं। तेहरान या पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई।

### स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री फिको की हालत अब स्थिर

**ब्रातिस्लावा।** स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको गोली लगने के बाद हुये घाव से उबर रहे हैं और उनकी हालत अब स्थिर है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने यह जानकारी दी। स्लोवाक समाचार एजेंसी के अनुसार उप प्रधान मंत्री और रक्षा मंत्री रॉबर्ट कालिनक ने भी पुष्टि की कि फीको के स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। श्री कलिनक ने कहा, प्रधानमंत्री की स्थिति में अब सुधार हो रहा है। यह हमारे लिए बहुत खुशी की खबर है। उन्होंने खाना– पीना शुरू कर दिया है। उल्लेखनीय है कि श्री फिको 15 मई को मध्य स्लोवाक शहर हैंडलोवा में एक सरकारी बैठक की अध्यक्षता करने के बाद समर्थकों का अभिवादन कर रहे थे तभी 71 वर्षीय जुराज सी ने उन पर गोली चला दी थी।

### सीरिया पर इजरायली हमले में एक की मौत, 10 घायल

**दमिश्क।** सीरिया के कई क्षेत्रों पर इजरायली हमलों के एक नए दौर में बुधवार को एक लड़की की मौत हो गई और 10 अन्य नागरिक घायल हो गए। सीरियाई रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि इजरायली सेना ने शाम करीब साढ़े सात बजे लेबनान की दिशा से हवाई हमला किया और मध्य प्रांत होम्स में एक सैन्य स्थल और तटीय शहर बनियास में एक आवासीय इमारत को निशाना बनाया। हमले की पुष्टि सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने की, जिसमें बताया गया कि बनियास में नफस पहाड़ी पर हुए दो विस्फोटों में एक लड़की की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। बयान में कहा गया है कि इजरायली मिसाइलों ने बुधवार शाम को होम्स के पूर्वी ग्रामीण इलाके में अल–फुरक्लस क्षेत्र के पास एक सैन्य स्थल को निशाना बनाया, जिससे साइट से धुआं उठने लगा।

# पाकिस्तान में उभर रहा है एक निष्पक्ष दृष्टिकोण : भारत

## लाहौर समझौते के उल्लंघन पर नवाज शरीफ की टिप्पणी पर भारत की प्रतिक्रिया

नई दिल्ली, एजेंसी

पाकिस्तान के लाहौर समझौते का उल्लंघन करने संबंधी पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की टिप्पणी के कुछ दिनों बाद भारत ने गुरुवार को कहा कि पड़ोसी देश में इस मुद्दे पर एक निष्पक्ष दृष्टिकोण उभर रहा है।

शरीफ ने मंगलवार को कहा था कि पाकिस्तान ने उनके और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के बीच 1999 में भारत के साथ हुए समझौते का उल्लंघन किया है। उनका इशारा जनरल परवेज मुशर्रफ की ओर से करगिल पर किए गए हमले की ओर था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि आप इस मुद्दे पर हमारी स्थिति से अवगत हैं। मुझे इसे दोहराने की आवश्यकता नहीं है। हम देखते हैं कि इस मामले पर पाकिस्तान में भी एक निष्पक्ष दृष्टिकोण उभर रहा है। वह अपनी साप्ताहिक प्रेसवार्ता में इस मामले पर पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे।

लाहौर में ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन के बाद, भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री वाजपेयी और शरीफ ने 21 फरवरी, 1999 को लाहौर घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए थे। दोनों पड़ोसी देशों के बीच शांति और स्थिरता के दृष्टिकोण पर बात करने वाला यह समझौता एक सफलता का संकेत है। कुछ महीने बाद, हालांकि जम्मू कश्मीर के करगिल जिले में पाकिस्तानी घुसपैठ के कारण भीषण संघर्ष हुआ। शरीफ ने पीएमएल-एन की आम परिषद की बैठक में कहा कि 28 मई 1998 को पाकिस्तान ने पांच परमाणु परीक्षण किए। उसके बाद वाजपेयी साहब यहां आए और हमारे साथ समझौता किया, लेकिन हमने उस समझौते का उल्लंघन किया... यह हमारी गलती थी। इस आम परिषद की बैठक में उन्हें पाकिस्तान में सत्तारूढ़ पार्टी का अध्यक्ष चुना गया है।

- शिखर सम्मेलन के बाद दोनों देशों ने 1999 में घोषणापत्र पर किए थे हस्ताक्षर
- जम्मू कश्मीर के करगिल में इसके बाद पाकिस्तानी घुसपैठ से हुआ था संघर्ष
- विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, हमारी स्थिति साफ, दोहराने की जरूरत नहीं

### पाकिस्तान एनएफयू नीति का नहीं करता पालन

- पाकिस्तान के पूर्व सैन्य अधिकारी ने कहा- सभी खतरों का सामना करने में सक्षम

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सेना के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि पाकिस्तान परमाणु हथियारों का पहले प्रयोग न करने की नीति का पालन नहीं करता है और देश प्रतिरोधी सैन्य क्षमताओं के जरिये दुश्मन के सभी खतरों का सामना करने में सक्षम है। अधिकारी ने परमाणु हथियारों के इस्तेमाल के संबंध में पाकिस्तान के रुख को भी स्पष्ट किया। राष्ट्रीय कमान प्राधिकरण के सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) खालिद अहमद किदवई बुधवार को सेंटर फॉर इंटरनेशनल स्ट्रेटेजिक स्टडीज (सीआईएसएस) में पाकिस्तान के परमाणु परीक्षण की 26वीं वर्षगांठ, यौम–ए–तकबीर के मौके पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। पाकिस्तान ने भारतीय सेना के पोखरण परमाणु परीक्षण के जवाब में बलूचिस्तान प्रांत के दूरस्थ चागई पर्वत में एक गहरी सुरंग खोदकर 28 मई, 1998 को छह परमाणु परीक्षण किए थे। पाकिस्तान के इस सफल परमाणु परीक्षण को यौम–ए–तकबीर कहा जाता है। डॉन समाचार पत्र की खबर के अनुसार किदवई ने कहा, परमाणु हथियारों के मामले में पाकिस्तान के पास नो फर्स्ट यूज (एनएफयू) की नीति नहीं है। एनएफयू नीति पहले परमाणु हथियारों का उपयोग न करने की प्रतिबद्धता है। पाकिस्तान ने पारंपरिक रूप से अपनी एनएफयू नीति के बारे में अस्पष्टता बनाए रखी है।

## रूस की चेतावनी यूक्रेन के हमलों से अमेरिका चिंतित

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने रूस की मिसाइल प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों पर यूक्रेन के हमलों के प्रयासों पर चिंता व्यक्त की है और इससे स्थिति अस्थिर होने का भी खतरा बताया है। वाशिंगटन पोस्ट ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

रिपोर्ट के मुताबिक एक अधिकारी ने नाम उजागर न करने की शर्त पर बताया कि अमेरिका रूसी बैलिस्टिक मिसाइल प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों के खिलाफ यूक्रेन के हालिया हमलों से चिंतित है। अमेरिका ने पिछले सप्ताह पारंपरिक वायु रक्षा के साथ-साथ पश्चिमी परमाणु प्रक्षेपणों की चेतावनी देने वाले रडार स्टेशनों के खिलाफ दो हमलों के प्रयासों के बारे में यूक्रेन को अपनी चिंताओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि ये प्रणलियां यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध का समर्थन करने में शामिल नहीं हैं लेकिन वे संवेदनशील स्थान हैं क्योंकि रूस को लगता है कि उसकी रणनीतिक निवारक क्षमताओं को निशाना बनाया जा रहा है, जो अमेरिका के खिलाफ परमाणु प्रतिरोध बनाए रखने की रूस की क्षमता को कमजोर कर सकता है। समाचार पत्र ने यूक्रेनी अधिकारी के हवाले से बताया कि यूक्रेन का सैन्य खुफिया निदेशालय इन हमलों के लिए जिम्मेदार हैं।

पाकिस्तान में नौ मई 2023 को हुई हिंसा का मामला

# दंगों से जुड़े दो मामलों में इमरान खान बरी



- पाकिस्तान की अदालत ने अपर्याप्त सबूत का हवाला देते हुए पूर्व प्रधानमंत्री के पक्ष में सुनाया फैसला
- समर्थकों ने भ्रष्टाचार मामले में खान की गिरफ्तारी के बाद सैन्य प्रतिष्ठानों सहित सार्वजनिक संपत्ति को पहुंचाया था नुकसान

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान की एक अदालत ने नौ मई, 2023 की हिंसा से संबंधित दो मामलों में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को उनके खिलाफ अपर्याप्त सबूत का हवाला देते हुए गुरुवार को बरी कर दिया।

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के संस्थापक खान के समर्थकों ने पिछले साल नौ मई को कथित भ्रष्टाचार मामले में उनकी गिरफ्तारी के बाद संवेदनशील सैन्य प्रतिष्ठानों सहित सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया था। पीटीआई संस्थापक इमरान खान के खिलाफ शहजाद टाउन पुलिस स्टेशन में दर्ज दो मामलों को चुनौती देने वाली याचिका को इस्लामाबाद के जिला एवं सत्र न्यायालय के न्यायिक मजिस्ट्रेट उमर शब्बीर ने मंजूरी दे दी।

अदालत ने इमरान खान (71) को बरी करने का आदेश देते हुए अपने फैसले में कहा कि चूंकि अभियोजन की ओर से पर्याप्त साक्ष्य पेश नहीं किए गए हैं, इसलिए पीटीआई संस्थापक इमरान खान को बरी किया जाता है। खान को सुनवाई के बाद 15 मई को दो मामलों में बरी कर दिया गया था। न्यायिक मजिस्ट्रेट साहिब बिलाल ने पूर्व प्रधानमंत्री की याचिका मंजूर करते हुए उन्हें बरी करने का आदेश जारी किया है। इमरान खान के खिलाफ दोनों मामले इस्लामाबाद के खन्ना पुलिस स्टेशन में दर्ज कराए गए थे। पीटीआई संस्थापक के खिलाफ मार्च और अनुच्छेद 144 के उल्लंघन के लिए मामले दर्ज किए गए थे। खान की गिरफ्तारी के बाद, उनके हजारों समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने जिन्ना हाउस (लाहौर कोर कमांडर हाउस), मियांवाली एयरबेस और फैसलाबाद में आईएसआई बिल्डिंग समेत एक दर्जन सैन्य प्रतिष्ठानों में तोड़फोड़ की। रावलपिंडी स्थित सेना मुख्यालय (जीएचक्यू) पर भी पहली बार भीड़ ने हमला किया। भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तारी के बाद उनके समर्थकों ने हंगामा किया था।

# ट्रंप मामले में निर्णय लंबित होने पर ज्यूरी बर्खास्त

वाशिंगटन, एजेंसी



अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ चुप रहने के लिए पैसे लेने के मामले में सुनवाई कर रही ज्यूरी के घंटों की चर्चा के बाद भी किसी निर्णय पर नहीं पहुंच पाने के बाद न्यूयार्क सुप्रीम कोर्ट के जज जुआन मर्चेन ने ज्यूरी को ही बर्खास्त कर दिया है। एनबीसी की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी।

रिपोर्ट में बुधवार को कहा गया कि जज मर्चेन ने जूरी को दिन भर के लिए बर्खास्त कर दिया और उन्हें मामले पर चर्चा न करने या इसके बारे में जानकारी न खोजने का आदेश दिया। जूरी गुरुवार को सुबह 9:30 बजे विचार-विमर्श फिर से शुरू करेगी। श्री ट्रम्प पर वयस्क फिल्म अभिनेत्री स्टॉर्मी डेनियल्स को कथित रूप से चुप रहने के लिए पैसे देने से संबंधित रिकॉर्ड में हेराफेरी करने का आरोप है हालांकि उन्होंने इन सभी आरोपों से इनकार किया है और 2024 के अमेरिकी राष्ट्रपति पद की दौड़ के बीच उठाये गये इस मामले की निंदा करते हुए इसे चुनाव में हस्तक्षेप बताया है।

## हाय ये गर्मी...



ज्येष्ठ के महीने में शरीर झुलसा देने वाली पड़ रही गर्मी ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है। मगर जरूरी काम होते घर से निकलना ही पड़ता है और बचाव के भी उपाय करने पड़ते हैं इसी क्रम में राजस्थान के जयपुर में भीषण गर्मी के बीच में चिलचिलाती धूप से बचाने के लिए लड़कियां अपना चेहरा ढक लेती हैं ● एजेंसी

# मालदीव को एफटीए के लिए नहीं दिया गया कोई प्रस्ताव : भारत

नई दिल्ली, एजेंसी

- मालदीव सरकार इस संबंध में रुचि दिखाती है, तो हम इस पर करेंगे विचार : विदेश मंत्रालय

भारत ने गुरुवार को कहा कि उसने मालदीव के समक्ष द्विपक्षीय मुक्त व्यापार समझौते (डीटीए) के लिए कोई प्रस्ताव नहीं रखा है और यदि द्वीपीय राष्ट्र इस तरह के समझौते के लिए रुचि दिखाता है तो वह इस पर विचार करने को तैयार है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि मालदीव के साथ द्विपक्षीय एफटीए के लिए भारत सरकार द्वारा कोई विशेष प्रस्ताव नहीं रखा गया है। उन्होंने कहा कि यदि मालदीव सरकार भारत के साथ एफटीए करने में रुचि दिखाती है, तो हम इस पर विचार करेंगे। पिछले सप्ताह मालदीव के आर्थिक विकास एवं व्यापार मंत्री मोहम्मद सईद ने संकेत दिया था कि भारत ने दोनों देशों के बीच एफटीए के लिए प्रयास शुरू कर दिए हैं। सईद ने माले में कहा था कि भारत चाहता है कि मालदीव के साथ साफ्टा (दक्षिण एशियाई मुक्त व्यापार समझौता) के अलावा एक मुक्त व्यापार समझौता भी हो। सईद ने कहा कि मालदीव के राष्ट्रपति ने सभी देशों को यह अवसर प्रदान किया है। मालदीव सरकार का लक्ष्य अधिक से अधिक देशों के साथ ऐसे समझौते करना है, ताकि व्यापार गतिविधियों में आसानी हो।

हर चीज़ का सिद्धांत | प्रतिभाशाली पीढ़ी ने ब्रह्मांड की परतों के साथ परमाणु की भी परतें उधेड़ दीं

# विफलता का डर भौतिकविदों की खोज में बाधा

मैनचेस्टर, एजेंसी



- क्वांटम यांत्रिकी को आइंस्टीन के सिद्धांत से जोड़ा जाना, जो बड़े पैमाने पर ब्रह्मांड पर लागू होता है

अल्बर्ट आइंस्टीन, मैक्स प्लैंक और अन्य लोगों के साथ भौतिकी के तूफानी दौर को शुरू हुए एक सदी से अधिक हो गया है, जिसने हमें हमारे पहले से व्यवस्थित ब्रह्मांड से अराजकता की एक नई दुनिया में भेज दिया है। भौतिकविदों की इस प्रतिभाशाली पीढ़ी ने अंततः ब्रह्मांड की परतों के साथ-साथ परमाणु की भी परतें उधेड़ दीं, ताकि कल्पना से भी अधिक अजनबी दुनिया सामने आ सके।

परमाणुओं और कणों के सूक्ष्म जगत पर शासन करने वाले क्वांटम यांत्रिकी सिद्धांत के शुरुआती दिनों से ही, भौतिकी के पवित्र गुरु हर चीज का सिद्धांत ढूंढ रहे हैं - क्वांटम यांत्रिकी को आइंस्टीन के सामान्य सापेक्षता के सिद्धांत के साथ जोड़ा जाना, जो बड़े पैमाने पर ब्रह्मांड पर लागू होता है, लेकिन हमारे पास अभी भी हर चीज़ का आजमाया हुआ और परखा हुआ सिद्धांत नहीं है। हर चीज़ का सिद्धांत बनाना बिल्कुल आसान नहीं है। इस अंतिम प्रश्न का उत्तर देने वाले के लिए पुरस्कार इतिहास में शाश्वत गौरव है। आइंस्टीन की पीढ़ी में इसे हल करने की भूख थी। लेकिन भौतिक विज्ञानी आर्थर एडिंगटन, हरमन वेइल और गणितज्ञ डेविड हिल्बर्ट इतने भाग्यशाली नहीं थे, कुछ को तो बहुत बुरे परिणामों का सामना करना पड़ा। उदाहरण के लिए, एडिंगटन को लें, शायद वह ऐसे वैज्ञानिक हैं जिनके बारे में कभी नहीं सुना होगा।

कैम्ब्रिज के खगोलशास्त्री और भौतिक विज्ञानी ने 1919 के ग्रहण का विश्लेषण करके आइंस्टीन को सही साबित कर दिया। जॉर्जेस लेमेत्रे के बिग बैंग सिद्धांत पर ऐसा करने से पहले एडिंगटन ने सापेक्षता पर पहली अंग्रेजी किताबें भी लिखीं। तारकीय भौतिकी पर अभूतपूर्व काम के साथ 1920 और 1930 के दशक में विज्ञान पर सबसे लोकप्रिय लेखक बन गए। फिर भी वह मौलिक सिद्धांत की गहन खोज के कारण आज अस्पष्ट है। आइंस्टीन और एडिंगटन के बाद भौतिक विज्ञानी रिचर्ड फेनमैन (1918-88) की पीढ़ी ने हर चीज के सिद्धांत में रुचि खो दी। फेनमैन और उनके साथियों ने नई उप-परमाणु खोजों और सिद्धांतों, और रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान के लिए भौतिकी के अनुप्रयोगों में प्रसिद्धि पाई। उनके द्वारा सहा गया उपहास, जिन्होंने उनसे पहले कोशिश की और असफल रहे, इसका एक कारण हो सकता है। विफलता की यह अत्यधिक लागत अंततः इंटरवार भौतिकी की महिमा के साथ-साथ बढ़ी। अद्वितीय सफलता के दौर में, विफलता अधिक अक्षम्य थी। सबसे बड़े प्रश्न पर खुद को लागू करने की चाहत रखने वाले युवा और प्रतिभाशाली आधुनिक दिमागों के लिए यह शायद ही कोई प्रोत्साहन था। आज भी हर चीज़ के सिद्धांतों की कोशिशों का मज़ाक उड़ाया जाता है।

# उत्तर कोरिया ने पूर्वी जलक्षेत्र में दागीं कई मिसाइलें

सियोल, एजेंसी



- जापान ने की उत्तर कोरिया के इस कदम की निंदा

उत्तर कोरिया ने गुरुवार को अपने पूर्वी जलक्षेत्र की ओर कई संदिग्ध बैलेस्टिक मिसाइल दागीं। दक्षिण कोरियाई सेना ने यह जानकारी दी। उत्तर कोरिया ने एक सैन्य टोही उपग्रह प्रक्षेपण में असफल होने के एक दिन बाद इस कार्रवाई को अंजाम दिया।

दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने कहा कि उत्तर कोरिया ने राजधानी प्योंगयांग के समीप एक इलाके से करीब 10 प्रक्षेपास्त्र दागे, जो कम दूरी की बैलेस्टिक मिसाइल जैसी प्रतीत होती हैं। सेना ने कहा कि इन संदिग्ध मिसाइलों ने उत्तर कोरिया के पूर्वी तट के जलक्षेत्र में गिरने से पहले करीब 350 किलोमीटर की दूरी तय की थी। अधिकारी ने कहा कि दक्षिण कोरियाई सेना ने निगरानी व सतर्कता बढ़ा दी है और अमेरिका व जापान के साथ हर जरूरी सूचना साझा की जा रही है। उत्तर कोरिया के इस कदम के मद्देनजर जापान तटरक्षक ने समुद्री परामर्श जारी किया है जहाजों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने कहा कि संदिग्ध मिसाइलें जापान के विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र के बाहर जलक्षेत्र में गिरी और किसी प्रकार के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। तोक्यो उत्तर कोरिया के इस कदम की कड़े शब्दों में निंदा करता है।

# सऊदी अरब ने हज से पहले छह पत्रकारों को निकाला : ईरान

**दुबई।** ईरान ने बुधवार को कहा कि सऊदी अरब ने अपने सरकारी टेलीविजन प्रसारक के छह सदस्यों को निकाल दिया है, जिन्हें हज से पहले देश में लगभग एक सप्ताह तक हिरासत में रखा गया था।

सऊदी अरब ने कहा कि ये लोग अपने वीजा का उल्लंघन करके काम कर रहे थे। यह घटना रियाद और तेहरान के बीच चीन की मध्यस्थता से हुए समझौते के एक साल बाद हुई है। देश में पवित्र स्थलों को लेकर दोनों सुन्नी और शिया देशों के बीच दशकों से तनाव रहा है। ईरानी सरकारी टीवी ने बताया कि गिरफ्तारियां एक हफ्ते पहले शुरू हुईं जब मदीना में पैगंबर मुहम्मद की मस्जिद में कुरान की आयतों की रिकॉर्डिंग करते समय कर्मीदल के तीन सदस्यों को हिरासत में लिया गया।